CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :37°C
न्यूनतम :22°C

मुरादाबाद, मंगलवार 19 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 273 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 1 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में पंचायत चुनाव के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग गठित पेज 2



सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय खेल टाइम्स



चीन से खाली हाथ लौटे ट्रम्प, नहीं बोल पा रहे हैं खुलकर सम्पादकीय



होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से कतर का गैस निर्यात ठप पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### जयराम ने धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। श्री रमेश ने सोमवार को सभापति को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री ने 15 मई को संवाददाता सम्मेलन में संसद और संसदीय समितियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बयान दिया है। श्री प्रधान ने संवाददाता सम्मेलन में चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट से जुड़े सवालों पर संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया था।

### इंजीनियर राशिद को पिता के अंतिम संस्कार के लिए मिली अंतरिम जमानत

**श्रीनगर।** दिल्ली की एक अदालत ने जेल में बंद बारामूला के सांसद अब्दुल राशिद शेख (इंजीनियर राशिद) को सोमवार को उनके पिता खजीर मोहम्मद शेख के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दे दी। श्री खजीर मोहम्मद शेख (85) का रविवार रात लंबी बीमारी के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के नेता फिरदौस बाबा ने बताया कि जेल में बंद सांसद को उनके पिता के निधन के बाद पिछली शर्तों के आधार पर दो जून तक के लिए जमानत दी गई है। अदालत ने यह राहत तब दी, जब आतंकवाद के वित्तपोषण के एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद राशिद ने अंतिम संस्कार की रस्मों में शामिल होने की अनुमति मांगते हुए एक अर्जी दाखिल की।

### वडोदरा से दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट में लाइट गुल

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में रविवार रात इंडिगो की फ्लाइट (6ई 657) में बिजली गुल हो गई। विमान का ग्राउंड पावर यूनिट (जीपीयू) अचानक बंद हो जाने से ये हालात बने। इसके चलते पैसेंजर्स को अंधेरे और भारी उमस में परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ यात्रियों की तबीयत बिगड़ने लगी थी। एक पैसेंजर ने अपने मोबाइल में ये वीडियो रिकॉर्ड कर लिया था, जो अब वायरल हो रहा है। रविवार रात को इंडिगो की फ्लाइट नंबर 6ई657 वडोदरा से दिल्ली रवाना होने की तैयारी में थी। इसी बीच 8:50 बजे अचानक फ्लाइट की बिजली गुल हो गई। करीब 25 मिनट बाद बिजली की सप्लाई दोबारा शुरू हो सकी।

### नीट केस में महाराष्ट्र के केमिस्ट्री कोचिंग का डायरेक्टर अरेस्ट

**नई दिल्ली/मुंबई।** नीट पेपर लीक केस में सोमवार को 10वीं गिरफ्तारी हुई। सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से केमिस्ट्री कोचिंग डायरेक्टर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया। रविवार को सीबीआई की तलाशी के दौरान रघुनाथ के मोबाइल से नीट यूजी का लीक पेपर बरामद हुआ। सीबीआई के मुताबिक मोटेगांवकर संगठित गिरोह का हिस्सा है, जो नीट पेपर लीक कराने और आगे फैलाने में शामिल है।

# नौ राज्यों में पारा 45° के पार, यूपी का बांदा सबसे गर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत मैदानी इलाकों के 9 राज्यों में भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, महाराष्ट्र का विदर्भ- मराठवाड़ा और तेलंगाना में भी सोमवार को येलो अलर्ट रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक इन राज्यों में कई जिलों का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर गया। गर्मी का यह दौर पिछले एक हफ्ते से जारी है। रविवार को यूपी का बांदा 46.4 डिग्री के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। राजस्थान के बीकानेर-बाड़मेर में पारा 45 डिग्री और मप्र के खंडवा में 44.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

- बांदा का तापमान 46.4 डिग्री दर्ज
- बिहार में गर्मी से 27 छात्राएं बेहोश

इधर, बिहार में कई जिलों में उमस भरी गर्मी है तो कुछ जगह बारिश हो रही है। शेखपुरा के कस्तूरबा स्कूल में गर्मी के कारण 27 छात्राएं बेहोश होकर गिर पड़ीं। सभी को शेखपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देश के बाकी हिस्सों की बात करें तो केरलम, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश हो सकती है। 19 मई को उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर भीषण लू चल सकती है।



### रुपया 44 पैसे टूटा, 96.25 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** कच्चे तेल में जारी तेजी के कारण अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में शुरुआती कारोबार में रुपया सोमवार को 44 पैसे टूट गया और पहली बार एक डॉलर 96.25 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 17 पैसे की गिरावट में 95.81 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। बीच कारोबार में इसका निचला स्तर 96.14 रुपये प्रति डॉलर रहा था। रुपये पर सोमवार को शुरू से ही दबाव रहा। यह 38 पैसे नीचे 96.18 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। फिलहाल यह 96.25 रुपये प्रति डॉलर तक टूट चुका है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में तेजी रही।

# उमर खालिद को मिल सकती थी जमानत: सुप्रीम कोर्ट

## अदालत ने जमानत मामले में अपने ही फैसले पर जताई आपत्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगा साजिश मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद को जमानत देने से इन्कार करने वाले अपने पिछले फैसले पर आपत्ति जताई। कोर्ट ने सोमवार को यह बयान सैयद इफ्तिखार अंद्राबी से जुड़े नार्को- टेररिज्म मामले पर सुनवाई के दौरान दिया।

कोर्ट ने माना कि किसी आरोपी को बेल देना एक नियम है, उसे जेल भेजना अपवाद होना चाहिए। जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने केए नजीब मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र किया। बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में माना था कि मौलिक अधिकार का उल्लंघन होने पर अदालतें गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम



- आरोपी को बेल देना नियम है और जेल अपवाद

(यूएपीए) मामलों में जमानत दे सकती हैं। कोर्ट ने कहा कि खालिद की जमानत याचिका खारिज करते समय कोर्ट ने इस फैसले पर ध्यान नहीं दिया था। 2019 से 2023 के बीच पूरे भारत में यूएपीए मामलों में सिर्फ 1. 5प्रतिशत-4फीसदी लोगों को सजा हुई। यानी लगभग 94 प्रतिशत मामलों में बरी होने की संभावना होती है। दिल्ली दंगे का आरोपी उमर खालिद जेएनयू का पूर्व छात्र है। वह सितम्बर 2020 से जेल में है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जब कोई बड़ी बेंच फैसला सुना देती है, तो छोटी बेंच को उसे मानना ही पड़ेगा। आजकल ऐसा देखा जा रहा है कि छोटी बेंच सीधे-सीधे मना तो नहीं करतीं, लेकिन घुमा-फिराकर बड़े फैसले के असर को कमजोर कर देती हैं। इस साल 4 जनवरी को जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने फैसले को रीव्यू करने से भी मना कर दिया था। कहा था कि दोनों आरोपी एक साल तक दिल्ली दंगे मामले में जमानत याचिका दाखिल नहीं कर सकते। उमर जमानत के लिए निचली अदालत से सुप्रीम कोर्ट तक 6 बार याचिका लगा चुका है। दिल्ली में फरवरी, 2020 में हिंसा भड़की थी। इसमें 53 लोगों की मौत हुई थी। 250 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। 750 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गईं।

# नॉर्वे ने पीएम मोदी को दिया सर्वोच्च सम्मान

## पीएम मोदी का ये 32वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

ओस्लो, वार्ता

**नॉर्वे के राजा** हेराल्ड पंचम ने पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नार्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया है। यह नॉर्वे के सबसे बड़ा सम्मान माना जाता है।

इसे मिलाकर अब तक पीएम मोदी को 32 अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। इससे पहले रविवार को स्वीडन ने भी उन्हें अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया था। पीएम मोदी ने सोमवार को नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में नॉर्वे के पीएम योनास स्टोरे के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले साल भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) देशों के बीच ऐतिहासिक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता लागू हुआ था। पीएम मोदी के मुताबिक, यह समझौता भारत और नॉर्वे के बीच साझा विकास और समृद्धि का मजबूत आधार बनेगा। इस समझौते के तहत अगले 15




- यूरोप भारत में 100 अरब डॉलर निवेश करेगा

साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश और 10 लाख नौकरियां पैदा करने का टारगेट रखा गया है। 19 मई को ओस्लो में तीसरा भारत-नार्डिक शिखर सम्मेलन आयोजित होगा। मोदी ने कहा कि यह उनके नार्डिक समकक्षों से मुलाकात का शानदार अवसर होगा।

# बंगाल में इमाम-मुअज्जिन और पुजारियों का भत्ता बंद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए। राज्य सरकार ने इमाम, मुअज्जिन और पुजारियों को दिए जाने वाले भत्ते को एक जून से बंद करने का फैसला किया है।

इसके अलावा टीएमसी सरकार के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार और महिला उत्पीड़न की जांच के लिए 2 आयोग बनेंगे। दोनों आयोगों की अध्यक्षता कलकत्ता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे। साथ ही

- महिलाओं को एक जून से 3000 रुपये मिलेंगे

महिलाओं को अन्नपूर्णा योजना के तहत हर महीने 3000 रुपये देने, मुफ्त बस यात्रा शुरू करने, सातवां वेतन आयोग गठित करने और ओबीसी सूची में बदलाव जैसे अहम निर्णय भी लिए गए। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सरकार ने इसी साल मार्च में धार्मिक नेताओं के मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी की थी।

# लखीमपुर: मैजिक वाहन और ट्रक की टक्कर में 10 की मौत

**लखीमपुर खीरी (ब्यूरो)।** लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर क्षेत्र में एनएच-730 पीलीभीत-बस्ती राजमार्ग पर सोमवार सुबह मैजिक वाहन और ट्रक की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऊंच गांव और भरेहटा के बीच यह हादसा सुबह करीब सात बजे हुआ। हादसे में सात पुरुषों और दो महिलाओं की मौके पर ही मृत्यु हो

- मैजिक अगला टायर फटने के बाद ट्रक से टकराया

गई, जबकि एक अन्य घायल को उपचार के लिए लखीमपुर जिला चिकित्सालय भेजा गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि मैजिक वाहन लखीमपुर से नानपारा की ओर दस यात्रियों को लेकर जा रहा था, जबकि ट्रक बहराइच की तरफ से आ रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मैजिक वाहन का अगला टायर फट जाने से वह अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी धौरहरा, एसडीएम धौरहरा, खमरिया और ईसानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया भेजा गया।

# वीडी सतीशन केरलम के मुख्यमंत्री बने

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वीडी सतीशन सोमवार को केरलम के 13वें मुख्यमंत्री बने। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उनके अलावा पूरी कैबिनेट (20 मंत्रियों) को शपथ दिलाई। ऐसा 64 साल के बाद हुआ। इससे पहले राज्य के तीसरे कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे आर शंकर ने 1962 में पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली थी, लेकिन 1964 में अविश्वास प्रस्ताव के बाद उनकी सरकार गिर गई थी।

कार्यक्रम में राहुल और प्रियंका गांधी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री पी विजयन, बीजेपी नेता राजीव चंद्रशेखर समेत सभी कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम भी कार्यक्रम में शामिल हुए। शपथ लेने के बाद जब सतीशन राहुल के पास गए, तो उन्होंने गले लगाकर बधाई दी और कान में कुछ कहा। राहुल गांधी से मिलने के बाद सतीशन खड़गे, सीएम सिद्धारमैया, सीएम रेवंत रेड्डी, वेणुगोपाल, पिनराई विजयन, सीएम सुक्खू और डीके शिवकुमार से मुलाकात की। केरलम की कैबिनेट में 14



- 64 साल बाद राज्य में किसी सीएम ने पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली
- राहुल-प्रियंका गांधी मौजूद रहे

विधायकों ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली। इसमें सीपी जॉन और एन. शमसुद्दीन, केएम शाजी, पीके बशीर और वीई अब्दुल गफूर, पीसी विष्णुनाथ, रोजी एम. जान, बिंदु कृष्णा, टी. सिद्दीकी, केए तुलसी और ओजे जनीश शामिल हैं।

# भारत रूस से निरंतर खरीद रहा है तेल: सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने के बीच भारत ने स्पष्ट किया है कि वह रूस से निरंतर तेल खरीदता रहा है और यह खरीद प्रतिबंधों से पहले, प्रतिबंधों में छूट के दौरान भी और अभी भी जारी है।

भारत ने कहा है कि देश की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी खरीद के समय व्यावसायिक यानी बाजार के दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर निर्णय लेती हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति की




- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा: अमेरिकी प्रतिबंधों से पहले भी और बाद में भी खरीद जारी

जानकारी देने के लिए बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है और विभिन्न स्रोतों से खरीद के माध्यम से तेल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। सुश्री शर्मा ने भारत की रूस से तेल खरीद पर अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट के समाप्त होने के बाद वहां से तेल खरीद के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि भारत रूस से पहले से ही तेल खरीद रहा है यानी छूट से पहले भी , छूट के दौरान भी और अब भी। संयुक्त सचिव ने कहा कि भारत में तेल कहां से खरीदा जाना है इसका निर्णय बाजार की स्थिति को ध्यान में रखकर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति बराबर सुनिश्चित की जा रही है और यह छूट हो या न हो इससे प्रभावित नहीं होती। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने भारत के रूस से तेल खरीदने पर प्रतिबंध लगा रखा है, लेकिन पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए अमेरिका ने इन प्रतिबंधों में छूट दी थी जो 16 मई को समाप्त हो गई।

CMYK

## एक नजर

### वकीलों का धरना प्रदर्शन



**चांदपुर।** लखनऊ में अधिवक्ताओं के साथ मारपीट व उनके चैम्बरों को तोड़ने के विरोध में चांदपुर के अधिवक्ताओं ने भी जबरदस्त विरोध प्रदर्शन कर नारजगी जताई। कुलदीप सिंह एड. ने कहा कि हम इस कार्यवाही को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करार देते हैं और वकीलों के साथ हुई इस बर्बता की कड़ी निंदा करते है। बड़ी संख्या में चांदपुर में वकीलों ने इस धरना प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

### चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया



**अफजलगढ़।** ग्राम मकसूदाबाद में बीती रात चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। घटना के समय परिवार के सदस्य रिश्तेदारी में धामपुर गए हुए थे, जबकि गृहस्वामी पास स्थित पशुशाला में सो रहे थे। गांव निवासी दाताराम शर्मा बीती रात अपने घर में ताला लगाकर घर से कुछ दूरी पर स्थित पशुशाला में सोने चले गए थे। वहीं उनका बेटा, बहू व पोते किसी रिश्तेदारी में धामपुर गए हुए थे। देर रात चोर मकान की चाहरदीवारी फांदकर अंदर घुस गए और कमरों के ताले तोड़ दिए। चोरों ने एक कमरे में रखी अलमारी खंगालते हुए उसमें रखी करीब पांच हजार रुपए की नगदी तथा लगभग 10 से 12 लाख रुपए कीमत के जेवरात चोरी कर लिए। आज सुबह घटना की जानकारी होने पर परिवार में हड़कंप मच गया। घर खोलते ही समान बिखरा पड़ा देखकर परिजनों को होश उड़ गए। आसपास के लोगों की भी मौके पर भीड़ लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रात के समय तीन युवक बाइक पर आते दिखाई दिए हैं। पीड़ित दाताराम शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी ने बताया कि चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित कर जांच

# मंडोरी के राशन डीलर पर मुकदमा दर्ज

## राशन वितरण में अनियमितता पर प्रशासन सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सरकारी राशन वितरण में अनियमितताओं की शिकायत मिलने के बाद प्रशासन द्वारा जांच कर कार्रवाई की गई है। जांच में प्रथम दृष्टया गड़बड़ियां पाए जाने पर संबंधित राशन विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार मुकदमा दर्ज कराया गया है।

गौरतलब है कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को प्रत्येक माह नि:शुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना से प्रदेश के लाखों जरूरतमंद परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है तथा महंगाई के दौर में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत प्राप्त हो रही है। सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति खाद्यान्न से वंचित न रहे, हालांकि प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार कुछ स्थानों पर कुछ राशन डीलरों द्वारा सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के मामले भी सामने आते रहते हैं। ऐसे मामलों में शासन की सख्त नीति के तहत जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि पात्र लाभार्थियों तक पूरा राशन समय पर पहुंचे और सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावित न हो।

ग्राम मंडोरी में राशन वितरण को लेकर उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आधार पर पूर्ति विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर राशन स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया जांच के दौरान अभिलेखों एवं उपलब्ध स्टॉक का मिलान किया गया। जिसमें जून माह के सरकारी राशन में अंतर पाए जाने की बात सामने आई। जांच टीम ने राशन कार्ड धारकों के बयान दर्ज किए तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की।

कुछ लाभार्थियों ने लिखित रूप से राशन वितरण में कमी की शिकायत भी दर्ज कराई। जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित किए जाने के बाद प्रशासन ने नियमानुसार कार्रवाई आगे बढ़ाई उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए संबंधित राशन दुकान को अस्थायी रूप से निकटवर्ती उचित दर विक्रेता से सम्बद्ध कर दिया गया है। जिससे लाभार्थियों को नियमित रूप से खाद्यान्न वितरण जारी रह सके। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और भविष्य में भी शिकायत मिलने पर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी।

# डीएम ने सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग पर जताई नाराजगी

## नौ विभागों को सुधार के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीएम द्वारा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर रैंकिंग की समीक्षा के दौरान जनपद के नौ विभागों के बी व सी श्रेणी में जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करते हुए अपने विभागों को ए श्रेणी में लाने के लिए प्रभावी प्रयास सुनिश्चित करें।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमित रूप से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड का अवलोकन करें और रैंकिंग कम पाए जाने पर समयपूर्वक विभागीय रैंकिंग में मानक के अनुरूप सुधार लाने के लिए प्रयासरत हो जाए और यदि किसी स्तर पर उनकी आवश्यकता हो तो, जरूर संज्ञानित करें, ताकि सक्षम स्तर से प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाया जा सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग के प्रति पूरी तरह से सजग और गंभीर होकर कार्य करें और इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता न बरतें।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, स्वच्छता, सड़क, विद्युत एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाए तथा प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड की बैठक के उपरांत ही जनपद के सीमावर्ती ग्रामों की बैठक भी आयोजित करना सुनिश्चित करें। जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों में संचालित विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं एवं शासन की योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा की जा सके तथा प्राप्त समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं शिकायतों के निस्तारण की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में प्रगति सुनिश्चित की जाए तथा लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह, सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह, डीसीएनआरएलएम योगेंद्र यादव, उप कृषि निदेशक डा. घनश्याम सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# नेपाली पर्यावरण प्रेमी यमुना जगा रही अलख

## चरत सिंह कॉलेज में पौधा रोपण



**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए नेपाल से आठ फरवरी को भारत की साइकिल यात्रा पर निकली पर्यावरण प्रेमी यमुना ढाकल ने साहनपुर स्थित राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज में पौधारोपण किया।

इस मौके पर यमुना ढाकल ने शाह टाइम्स प्रतिनिधि को बताया कि वह आठ फरवरी को साइकिल यात्रा पर नेपाल के लुंबनी से रवाना हुई थी। वह गोरखपुर, लखनऊ, अयोध्या, मथुरा, चंडीगढ़, लुधियाना, अमृतसर, सहारनपुर, हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून, केदारनाथ व बद्रीनाथ होते हुए नजीबाबाद पहुंची हैं। इसके बाद वह मुरादाबाद, रामपुर व बरेली होते हुए नेपाल वापस पहुंच कर साइकिल यात्रा का समापन करेंगी। उन्होंने बताया कि साइकिल यात्रा का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनको संरक्षण करने पर जोर दिया। कॉलेज में पहुंचने पर प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने यमुना ढाकल को बुके देकर उनका स्वागत किया। ढाकल के साथ पौधारोपण में नजीबाबाद वन प्रभाग के रेंजर रामकुमार, डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह, पूर्व नौसैनिक रविंद्र काकरान, अरुण दीक्षित, योगाचार्य अरुण राजपूत भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर कॉलेज परिसर में अमरूद, सिल्वर ओक, बरगद, बड़हल आदि के पौधे लगाए।

# गरीब विकलांग कोटेदार का उत्पीड़न कर रहा रसूखदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** 'हंस चुकेगा दाना दुनका कौवा मोती खाएगा' यह कहावत उस समय चरितार्थ हुई जब एक कोटेदार का गल्ला एक रसूखदार व्यक्ति बाटता नजर आया। जानकारी करने पर पता चला कि वह व्यक्ति पिछले करीब दो दशकों से अपने घर पर गल्ला बाटकर वारे के न्यारे कर रहा है, जबकि जिस व्यक्ति के नाम पर उचित दर की दुकान आवंटित की गई है, वह विकलांग व्यक्ति इतना भोला भला है कि उसे कुछ मालूम ही नहीं है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम हसुपुरा में सरकारी उचित दर की दुकान विकलांग कोटे से जारी है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि एक रसूखदार व्यक्ति पिछले करीब 20 सालों से अपने घर पर ही कोटा बाटकर वारे के न्यारे कर रहा है। सूत्र बताते हैं कि कोटेदार स्वयं विकलांग होने और स्वयं सहित पत्नी और बच्चे भी अशिक्षित होने के चलते न तो कोटेदार को यह ही पता है कि मशीन कैसे चलेगी और न हीं कभी उसने दफ्तर का मुंह देखा है, जिसका फायदा पड़ौसी रसूखदार उठा रहा है। विशेष बात यह भी है कि इन 20 सालों में पूर्ति विभाग ने भी या तो एक बर भी गांव में जाने की जहमत नहीं उठाई अथवा रसूखदार व्यक्ति द्वारा मिठाई समय-समय पर पहुंचाई जाती रही होगी। जिसके चलते आज तक 20 सालों में भी पूर्ति विभाग को यह मालूम ही नहीं चला कि आखिर कोटा किसके नाम पर आवंटित है और उसे बांट कौन रहा है। सूत्र बताते हैं कि कोटा वितरक का मकान महल जैसा बना है जबकि गरीब विकलांग राशन डीलर झोपड़ पट्‌टी में रहने को मजबूर है। जिसे देख गरीब से गरीब व्यक्ति का भी दिल पसीज जाए। वहीं सवाल यह भी है कि यदि कभी जांच में कोई त्रुटि पाई गई, तब ऐसे में विभाग कार्रवाई किस पर करेगा, क्योंकि वास्तविक कोटेदार को तो न कार्य का पता है और न ही कार्रवाई की कोई जानकारी है। ऐसे में रसूखदार व्यक्ति तो मलाई चाटकर खाली हांडी कोटेदार के सर पर फोड़ निकलेगा और एक नाहक गरीब अफसरान की कार्रवाई में मारा जाएगा।

## एक नजर

### सरकारी काम में बाधा पर मुकदमा दर्ज

**स्योहारा।** ग्राम अमीनाबाद में ग्राम समाज की भूमि पर कथित अवैध कब्जे की शिकायत मिलने के बाद प्रशासनिक एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम जांच और कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची। टीम द्वारा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का प्रयास किए जाने पर कुछ लोगों ने विरोध करते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत उच्चाधिकारियों तक पहुंची थी। शिकायत के आधार पर एसडीएम के निर्देशन पर नायब तहसीलदार राजस्व विभाग एवं चकबंदी विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और अभिलेखों का सत्यापन करते हुए कार्रवाई प्रारंभ की। राजस्व अभिलेखों में संबंधित भूमि ग्राम समाज एवं नदी की श्रेणी में दर्ज बताई गई है। जांच के दौरान टीम ने कब्जा हटाने की प्रक्रिया शुरू की, तो वहां मौजूद कुछ लोगों ने विरोध जताते हुए अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल को भी मौके पर बुलाना पड़ा। लेखपाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नौ लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि सरकारी कार्यों में सहयोग करें तथा विवाद की स्थिति में कानूनी प्रक्रिया का पालन करें। वहीं क्षेत्र में हुई कार्रवाई को लेकर प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है और भविष्य में भी अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की बात कही गई है।

### ग्राम प्रधानों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**हल्दौर।** क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग की है। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष सचिन मलिक की अगुवाई में ग्राम प्रधान एकत्र हुए। उन्होंने बीडीओ सीपी पांडेय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है, जबकि पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर होने को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। प्रधानों ने कहा कि यदि चुनाव में देरी होती है, तो ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक व्यवस्था लागू करने के बजाय वर्तमान निर्वाचित प्रधानों का कार्यकाल आगे बढ़ाया जाना जनहित में होगा। उनका कहना था कि निर्वाचित प्रधान अपने गांव की समस्याओं और विकास कार्यों से भली-भांति परिचित होते हैं तथा जनता के प्रति जवाबदेह रहते हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पूर्व में प्रशासनिक व्यवस्थाओं के दौरान विकास कार्य प्रभावित होने और भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में गांवों के विकास और योजनाओं के सुचारु संचालन को देखते हुए वर्तमान प्रधानों को कार्य जारी रखने का अवसर दिया जाना चाहिए। ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री से मामले में सकारात्मक निर्णय लेते हुए ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की। इस मौके पर हेमेंद्र सिंह, मौहम्मद अनवार, कार्यवाहक ग्राम प्रधान शबनम परवीन, कविता, इशरत जहां आदि मौजूद रहे।

### हल्दौर चौराहे पर कैमरे लगाए



**नहटौर।** शहर की यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रशासन ने कदम उठाए हैं। इसी क्रम में नहटौर के हल्दौर चौराहे पर आधुनिक कैमरे स्थापित किए गए हैं। फिलहाल इन कैमरो से ई चालान नही कटेंगे। यह कैमरे वर्तमान में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेंगे। करीब 15 दिन पूर्व नहटौर में हल्दौर चौराहे पर कैमरे ANPR (ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन) और CCTV तकनीक पर आधारित लगाएं गए है। इनकी मदद से नियम तोड़ने वाले वाहनों की नंबर प्लेट को तुरंत स्कैन किया जा सकेगा। साथ ही, उल्लंघन के समय वाहन मालिक की लाइव तस्वीर भी खींची जा सकेगी। सिस्टम के पूरी तरह सक्रिय होने पर, इन कैमरों में नियमों का उल्लंघन करने वालों के मोबाइल पर सीधे ई-चालान भेजने की क्षमता भी है। यह सुविधा यातायात प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाएगी। यातायात पुलिस के कैमरे लगवाने वाले प्रभारी अनदलीब खान ने बताया कि फिलहाल इन कैमरों के जरिए चालान काटने की प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी। वर्तमान में इनका मुख्य उद्देश्य पुलिस प्रशासन की सहायता करना है। इन कैमरों की मदद से चौराहे पर होने वाली हर गतिविधि पर नजर रखी जा सकेगी। इससे संदिग्ध गतिविधियों और अपराधियों पर निगरानी रखने, जाम की स्थिति को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना या दुर्घटना की स्थिति में फुटेज के माध्यम से जांच में तेजी लाने में मदद मिलेगी। शहरवासियों से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें।

## आज दो दिनी दौरे पर यूपी में आएंगे राहुल

**रायबरेली।** केरलम में कांग्रेस की अगुवाई वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। राहुल आज सोमवार को केरल में 10 साल बाद सत्ता में आई कांग्रेस सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए, इस बीच कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल कल मंगलवार को 2 दिन के दौरे पर यहां पहुंचेंगे। रायबरेली के कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि यात्रा के पहले दिन राहुल गांधी बछरावां के ठकुराइन खेड़ा में एक मैरिज हॉल का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह खीरों में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, फिर वह लालगंज जाएंगे, जहां वह 'महिला संवाद' कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों का अनोखा प्रदर्शन

## कीड़े-मकौड़े की तरह रेंगते हुए मंत्री आवास पहुंचे, कई बेहोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने सोमवार को शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मंत्री के आवास से करीब 100 मीटर पहले इकट्ठा हुए। जमीन पर कीड़े-मकौड़े की तरह रेंगते हुए मंत्री के आवास तक पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हम लोग सरकार की नजर में कीड़े-मकौड़े हो चुके हैं। हमारी कहीं कोई सुनवाई नहीं है। इसलिए आज हम लोग कीड़ों की तरह रेंगते हुए मंत्री के आवास पर पहुंचे। भीषण गर्मी की वजह से कई अभ्यर्थी बेहोश हो गए। पुलिस ने उन्हें पानी पिलाया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बनारस से आए कैलाश नाथ मौर्या ने कहा- हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से बस यही कहना चाहते हैं कि हम अब अपना धैर्य खो चुके हैं। हमारे अंदर बिल्कुल भी सहन शक्ति नहीं बची है। हम लोग घर से हार चुके हैं और अब सरकार से भी उम्मीद नहीं रही है। यह अंतिम फरियाद है। सुनवाई नहीं हुई तो हम सभी अभ्यर्थी सामूहिक तौर पर आत्मदाह करेंगे। एक छोटी सी खेती है, उसी से घर का खर्च चलता है। कैलाश नाथ मौर्या ने कहा- फसल बेचकर हम लोग लखनऊ प्रदर्शन करने आते हैं।



कैलाश नाथ मौर्या ने कहा- हम लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं। सिस्टम की वजह से बेरोजगार घूम रहे हैं। हाईकोर्ट में जीतने के बाद भी हमें नौकरी नहीं मिली है। हमारी बात कोई सुनने को तैयार नहीं है। हर कोई हमारे बारे में उल्टा बोलता है। ओम प्रकाश राजभर हमारे मंत्री हैं, जिन्होंने कभी न्याय की बात नहीं की। राजभर कहते हैं कि यह 69000 शिक्षक भर्ती वाले जूता खाने के लायक हैं, यह कितना शर्मनाक बयान है। अगर नौकरी नहीं मिली तो हम लोग चंदा इकट्ठा करके ओमप्रकाश राजभर के खिलाफ प्रचार करेंगे और उन्हें चुनाव हरवाएंगे। नवलेश ने बताया कि जौनपुर से आए हैं। हम मुख्यमंत्री और पिछड़ों के मंत्री अनुप्रिया पटेल से कहना चाहते हैं कि हमें न्याय दिलाइए।

# उप्र में अगले पांच दिन आसमान से बरसेगी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनो में प्रचंड गर्मी और लू के आसार व्यक्त किए हैं। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि बांदा में लू की स्थिति दर्ज की गई।

मौसम विभाग द्वारा सोमवार को जारी हीट वेव बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटे में बांदा, प्रयागराज, झांसी, गाजीपुर और सुल्तानपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया। वहीं बारा. बंकी, गोरखपुर, वाराणसी (बीएचयू), बहराइच, बांदा, फुर्सतगंज, मुजफ्फरनगर, मेरठ, उरई और आगरा ताज में तापमान सामान्य से ऊपर रहा। बुलेटिन के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में लू की स्थिति दर्ज की गई। यहां रविवार को अधि. कतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो देश भर में सबसे अधिक था,



**मौसम विभाग ने अगले पांच दिनो में पारा 40 से 50 डिग्री के बीच रहने का अनुमान जताया**

वहीं प्रयागराज में दिन का तापमान 44.5, झांसी में 44.6, हमीरपुर में 44.2 और आगरा में 43.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं भी लू नहीं चली।

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक क्रमिक वृद्धि होने की संभावना जताई है। इसके बाद तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। विभाग के अनुसार रविवार को मेरठ, आगरा, गाजियाबाद, बहराइच, लखनऊ, रायबरेली, सुल्तानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, झांसी, ललितपुर, वाराणसी, मऊ और महाराजगंज समेत कई जिलों में हीट इंडेक्स 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आगरा, अमेठी, औरैया, आजमगढ़, बलिया, बांदा, चंदौली, चित्रकूट, इटावा, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गाजीपुर, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशांबी, ललितपुर, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, संत रविदास नगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव और वाराणसी जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 11 बजे से तीन बजे के बीच अत्यधिक गर्मी में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लेने तथा हल्के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है।

## एक नजर

### हुमायूं बेग हाउस अरेस्ट



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर आज डीजल, पेट्रोल व अन्य वस्तुओं के बढ़ते दामों एवं महंगाई के विरोध में एक धरना-प्रदर्शन किया जाना था, लेकिन इससे पूर्व ही शहर कांग्रेस अध्यक्ष हुमायूं बेग को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। हुमायूं बेग ने कहा कि भाजपा सरकार ने सच को दबाने लिए लो. कतांत्रिक अधिकार को कुचलने का काम किया है। कांग्रेस देश में जनता के हितों की रक्षा के प्रतिबद्ध है।

### कार्बेट में मिला बाघ का शव



**कालागढ़।** जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की कालागढ़ रेंज अंतर्गत धारा बीट कंपाउंड संख्या 12 में धारा सोत के सहायक नाले के समीप वन कर्मियों को गश्त के दौरान आज सुबह एक वयस्क बाघ का शव पड़ा मिला। शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बाघ की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। वन विभाग ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। डीएफओ ने बताया कि बाघ की मौत की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। बताया जाता है कि भीषण गर्मी एवं पानी न मिलने की वजह से जंगली जानवर परेशान है।

### पेड़ काटने का आरोप

**अफजलगढ़।** ग्राम सीरवासुचन्द निवासी मौहम्मद आसिफ पुत्र मौहम्मद यूसुफ ने पुलिस को तहरीर देकर दर्ज कराए मुकदमें में बताया कि उसकी मां के नाम पर एक आराजी आबादी से सटे गाटा संख्या 19, रकबा 0.1140 हैक्टेयर सरकारी अभिलेखों में श्रेणी एक संक्रमणीय भूमि धरी के रूप में दर्ज है। जिस पर वह स्वयं काबिज चले आ रहे है। उक्त भूमि में पेड़ लगाये थे, जो खसरा खतौनी में भी दर्ज है। जिनको अय्यूब, हनीफ, जाफर, शाकिर, पुत्रगण नियाज अहमद व अफजाल, इरशाद पुत्र अय्यूब व सरफराज, शहजाद शाने आलम पुत्रगण रईस अहमद ने काट लिया है। जिससे उन्हें लगभग दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है। जब पीड़ित ने उक्त प्रकरण के सम्बंध में आरोपियों से उनके घर पर जाकर शिकायत की, तो उन्होंने एक राय होकर गालियां व जान से मारने की धमकी दी। जबकि उक्त प्रकरण न्यायतय में विचारधीन है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर उपरोक्त नौ लोगों व तीन अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धारा 191(2), 324(4), 352, 351(3) के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# रैलियों में भाग लेंगी मायावती

## नाजिम अल्वी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बसपा के मुरादाबाद मंडल के मुख्य कोऑडिनेटर नाजिम अल्वी ने कहा कि दलितों की असली पार्टी बसपा है और राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज बसपा के जिला कार्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष कविराज सिंह की अध्यक्षता एवं विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह व जिला महासर्चिव संजीव कुमार सैनी के संचालन में आयोजित बैठक में मुख्य मंडल कोऑडिनेटर नाजिम अल्वी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि बसपा अनुशासित पार्टी है। आज भी प्रदेश की जनता बसपा की सरकारों के कार्यकाल को याद करती है। मुख्य मंडल प्रभारी जाफर मलिक एवं देवेंद्र भारती ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मंडल प्रभारी दिलीप कुमार उर्फ पिंटू, डीपी सिंह, रोहिताश सिंह, धर्मपाल सिंह व वीपी सिंह ने अपनी-अपनी विधानसभाओं की गहन समीक्षा कराते हुए संगठन को अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। मुख्य मंडल प्रभारी नाजिम अहमद अल्वी व देवेंद्र भारती ने जिला कमेटी व विधानसभा के पदाधिकारियो द्वारा बूथ कमेटियों के पुनर्गठन में पूरी क्षमता के साथ किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कार्य को शीघ्र ही निपटाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए समय भी कम बचा है। इसलिए भाईचारा बनाकर युद्ध स्तर पर जुट जाए। मुख्य मंडल प्रभारी जाफर मलिक ने कहा कि विधानसभा चुनाव में बसपा की ही सरकार बनेगी। बसपा ने बैकवर्ड मुस्लिम, एससी व एसटी तथा सर्वसमाज का भाईचारा बनाकर आगे बढ़ने का काम किया था। एक बार फिर सर्व समाज का गठजोड़ हो चुका है। सत्ता की मास्टर चाबी बीएसपी के हाथ में होगी। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने घरों पर पार्टी का झंडा जरूर लगाए। सभी विधानसभाओं में जन जागरूकता रैली निकालने का कार्यक्रम तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी विधानसभा में निजी वाहनों की सूची बना लें। इस कार्यक्रम में मायावती व आकाश आनंद भी भागीदारी करेंगे। इस कार्यक्रम की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। संगठन के पदाधिकारी पूरी तैयारी कर लें।



समीक्षा बैठक में ब्रह्मपाल सिंह, पूर्व संभावित प्रत्याशी बढ़ापुर मौहम्मद नौशाद अहमद, जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष अमित चौधरी, जिला सचिव मुंशी सद्दीक, जिला कार्यकारिणी सदस्य देशबंधु उर्फ डेनी, मौहम्मद अशरफ, जिला संयोजक बीवीएफ तिलक राज बौद्ध, पिछड़ा वर्ग संयोजक विजेंद्र कश्यप, समर सिंह एड., अमिताभ, अमर सिंह, संजय सागर, परमजीत सिंह, नसीमुद्दीन, लखवीर सिंह, परम सिंह प्रधान, चेतराम सिंह, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र कुमार रवि, पवन सिंह, उदयवीर सिंह, नरेश कुमार, वीर सिंह, बलवंत सिंह, अर्जुन सिंह, राजेश सैनी, प्रवीण सिंह फौजी, चरण सिंह आदि मौजूद थे।

## निकायो में मनमाने तरीके से नहीं हो पाएगा ट्रांसफर

**बिजनौर।** प्रदेश की नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में अब कोई भी कर्मचारी तैनाती की अवधि या सेवा से संबंधित जानकारी नहीं छिपा सकेगा। वहीं, मनमाने तरीके से ट्रांसफर के खेल पर भी रोक की व्यवस्था की गई है। इसके लिए सभी निकायों को मानव संपदा पोर्टल पर कर्मियों का पूरा ब्योरा ऑनलाइन करने के निर्देश दिए गए हैं। इस ब्योरे में उपलब्ध जानकारी के आधार पर ही कर्मियों का तबादला किया जाएगा। इस संबंध में स्थानीय निकाय निदेशालय ने सभी नगर आयुक्तों के अलावा नगर पालिका परिषद और नगर पंचयतों के अधिशासी अधिकारियों (ईओ) को उत्तर प्रदेश पालिका केंद्रीय सेवा के कार्मिकों का पूरा सेवा विवरण मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन करने के निर्देश दिए हैं। ब्योरा ऑनलाइन होने के बाद नगर निकायों में तबादले के बाद कर्मचारी मनमाने तरीके से एक ही स्थान पर सालों-साल काम नहीं कर पाएंगे। केंद्रीय सेवा के सभी कार्मिकों का ब्योरा ऑनलाइन हो जाने के बाद मनमानी पर रोक लगेगी। इससे यह आसानी से पता लगाया जा सकेगा कि अधिकारी व कर्मचारी कितने समय से एक ही स्थान पर तैनात है। तबादले के बाद कार्य मुक्त हुआ या नहीं। इससे मनमाने तारीके से एक ही स्थान पर जमे हुए अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का रास्ता साफ होगा। स्थानीय निकाय निदेशालय ने अनिवार्य रूप से कार्मियों का सभी ब्योरा तत्काल ऑनलाइन करने का निर्देश दिया है। निदेशालय की ओर से जारी निर्देश के मुताबिक केंद्रीय सेवा के कार्मियों का अब सभी ब्योरा ऑनलाइन कियाजाएगा। इसमें बताया जाएगा कि अधिकारी व कर्मचारी कितने समय से कहां तैनात है। वह कहां से स्थानांतरित होकर आया है। उसके खिलाफ कोई जांच तो नहीं चल रही है।

## एक नजर

### ट्रैक्टर के नीचे दब कर मौत



**मंडावर।** ग्राम सीमली में एक हादसे में 21 वर्षीय मिथुन सैनी की ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर मौत हो गई। मृतक अपने खेत से तरबूज व खरबूजे लेकर मुजफ्फरनगर मंडी जा रहा था। परिजनों ने बताया कि मिथुन सैनी पुत्र सत्यपाल सैनी ट्रैक्टर-ट्रॉली से रवाना हुआ था। मुजफ्फरनगर पहुंचने से पहले पेपर मिल के पास ट्रैक्टर और ट्रॉली के बीच का गुला अचानक निकल गया। मिथुन व मलखान ट्रॉली पर बैठे थे। जबकि भूपेंद्र ट्रैक्टर चला रहा था। उसके साथ चरणवीर बैठा था। इस हादसे में मिथुन ट्राली के नीचे दब गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमॉर्टम के ही अंतिम संस्कार कर दिया। मिथुन सैनी किसान परिवार से था।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने जताया शोक



**बिजनौर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नजाकत अल्वी की वालिदा मुनीजा खातून का लम्बी बीमारी के बाद 17 मई को इलाज के दौरान इंतकाल हो गया था। जिन्हें मौहल्ला लड़ापुरा में सुपुर्दे खाक किया गया। उनके इंतकाल से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय सचिव व प्रभारी पश्चिमी जोन प्रदीप नरवाल आदि ने उनके घर पर पहुंच कर रंजोगम का इजहार किया। इस दौरान वरिष्ठ नेता आरके सिंह, शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग, सरफराज मलिक, वसीम अकरम, मौहम्मद रफत, मोहित प्रजापति, मीनाक्षी सिंह, डॉ. सुमन चौधरी, सुधीर कुमार एड., हाजी नासिर चौधरी, अनीस विशाल अंसारी, रिफाकत चौधरी, मेहराज सिद्दीकी, मौहम्मद नावेद फरीदी, मौलाना खलील उर्रहमान, अब्दुल समद आजाद, चितवन शर्मा, काजी आतिफ अली, जावेद अंसारी, एहसन जमील, खलिक चौधरी, नौशाद प्रिंस, मौहम्मद अकबर, मौहम्मद सलीम एड., मौहम्मद नदीम, आसिफ कुरैशी, मौहम्मद निजाम, हाजी वसीम, रहमान, फुरकान, महमूद अंसारी, सजर तैयब, नौशाद प्रिंस, कारी नवाजी अंसारी, सुलेमान खान, फैसल, तैयब रहनुमा अंसारी, सद्दाम अंसारी, मीनू गोयल, सविता चौधरी एड., नाजिम जबी अंसारी, पूनम शर्मा, सलाउद्दीन सैफी, रईस कुरैशी, फैजान सुल्तान, नौशाद अहमद, मुन्ना, जसराम सिंह, गौतम, मुनेश, डॉ. एमके कटारिया, शकील अब्बासी, प्रदीप ठाकुर, मिसबाबुल हसन, हाजी एहसान अंसारी, हनीफ अहमद, शारिक अली, जफर हसनैन नकवी, कमल निशा, साजिदा बेगम, हरिकेश शर्मा आदि मौजूद थे।



# अवैध खनन पर गिरी प्रशासन की गाज

## जनपद में चलाया गया विशेष अभियान, खुल गई पोल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में हो रहे अवैध खनन की शिकायतों के सम्बन्ध में आज सभी तहसीलों में जांच कराई गई। प्रशासन ने अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कस दिया है।

प्रशासन के द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि नगीना देहात थाना क्षेत्र में सुंदरवाली में संचालित खनन पट्टा पांच मार्च 2026 से आवंटित है। इनके द्वारा अपने सीमांकन से अधिक खनन किया जा रहा था। पूर्व में भी इनके द्वारा 2001 घन मीटर अधिक अवैध खनन किये जाने पर रिपोर्ट प्रेषित की गयी है। परमिटधारक द्वारा अवैध खनन किये जाने पर पट्टा निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है।

आज उपखनिजों से लदे दो डम्पर ओवर लोडिंग में अवैध परिवहन करते पकड़े गये। सुंद. रवाली के पट्टा निरस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है।





जबकि थाना नहटौर क्षेत्र में अजय पुत्र राजपाल सिंह द्वारा अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा था। जांच के दौरान इनके द्वारा खनन के सम्बन्ध में कोई भी विधिक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया। उक्त अवैध खनन की गयी साधारण मिट्टी के सम्बन्ध में ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया गया है तथा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

थाना स्योहारा के ग्राम लाम्बाखेड़ा में थाना कांठ (मुरादाबाद) से परमिशन पर मिट्टी लाकर डाली जा रही थी, परन्तु मिट्टी जहां डाली जा रही थी, वह कॉलोनी अनुमोदित नहीं है। उक्त के सम्बन्ध में जनपद मुरादाबाद से अनुज्ञा पत्रधारक के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु पत्राचार किया जा रहा है। सहसपुर के ग्राम मेवानवादा में अवैध भराव कर तालाब को पाटे जाने का प्रयास किया जा रहा था, जिसके सम्बन्ध में दोषियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की गयी।

थाना नजीबाबाद के ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादडी में एक खनन का पट्टा स्वीकृत किया गया था, जो एक सप्ताह पूर्व 11मई से शुरू हुआ था। अभी खनन पट्टे से बालू रेत वाहनों से बाहर ले जाने के लिए रास्ते का निर्माण किया जा रहा है। मौके पर राजस्व और पुलिस टीम ने भ्रमण किया। उक्त परमिट क्षेत्र में किये जा रहे खनन की रिपोर्ट बनायी जा रही है। उपरोक्त के अतिरिक्त इसी क्षेत्र के निकट ग्राम मीरपुर दुर्ग में छह माह हेतु खनन अनुज्ञा निर्गत की गयी थी, जो वर्तमान में संचालित है।

रायपुर सादात क्षेत्र में ओवरलोडिंग में संलिप्त पांच वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए एम चेक के माध्यम से वाहन का चालान कर आरोपित धनराशि को जमा कराया गया है।

## एक नजर

### संविदा कर्मचारी पर गाज

**नजीबाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 14 मई को आयोजित नसबंदी कैंप में ड्यूटी से गायब रहने और उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ब्रिजेश कुमार की संविदा समाप्ति की संस्तुति की गई है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराया। पत्र में बताया गया कि 14 मई को सीएचसी में नसबंदी कैंप आयोजित था। इस दौरान चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ब्रिजेश कुमार को बेड शीट बिछाने को कहा गया, तो वह गायब हो गया। उसके द्वारा ड्यूटी में लापरवाही बरती गई। वह राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे परिवार नियोजन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भी सहयोग नहीं कर रहा।

### धर्म परिवर्तन कराने का आरोप



**बिजनौर।** एक किशोर का जम्मू-कश्मीर में कथित धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद परिजन आज एसपी कार्यालय पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला बिजनौर कोतवाली शहर क्षेत्र के ग्राम खांजनपुर बहादुर निवासी कृष्ण कुमार के बेटे विशाल से जुड़ा है। परिजनों के अनुसार विशाल कुछ साल पहले रोजगार के लिए जम्मू-कश्मीर गया था। वह काजीवाला निवासी वसीम के साथ सैलून पर काम सीख रहा था। बाद में वह कुपवाड़ा क्षेत्र में भी सैलून का काम करने लगा। परि. जनों ने बताया कि एक दिन पहले विशाल के चाचा के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से एक वीडियो भेजा गया। वीडियो में विशाल को इस्लाम धर्म कबूल करते हुए दिखाया गया है। परिवार का आरोप है कि 15 मई को उसका धर्म परिवर्तन कराया गया और वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दी गई। परिजनों को इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए ही हुई। परिजनों के मुताबिक जब उन्होंने विशाल से फोन पर बात की, तो उसने कहा कि उसने इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया है और वह उनसे बहुत दूर जा चुका है।

# करोड़ों की ठगी के शिकारों की गुहार

## रुपए वापस दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ऑनलाइन मीटिंग के नाम पर 25 करोड़ का घोटाला करने के आरोपियों के खिलाफ ठगी का शिकार हुए पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र सौंपते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी संपत्ति की जांच करने, पासपोर्ट जब्त कर प्रभावित लोगों को उनका पैसा वापस दिलाये जाने की मांग की है।

गौरतलब है कि शहर व आसपास के कुछ लोगों ने ऑनलाइन मीटिंग के जरिए आम जनता को लुभाकर भारी मात्रा में पैसा जमा किया और अब वापसी मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए पीड़ितों ने आज पुलिस अधीक्षक अभिषेक को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए बताया कि आरोपी नवीन नेगी पुत्र हर्षवर्धन (नाथूवाला, देहरादून), राजेश वशिष्ठ पुत्र हरि प्रसाद वशिष्ठ, पूजा विश्वास, मोहित कुमार जो कि लूपिन कम्पनी में एमआर है। मुकेश कुमार तथा उनके साथियों ने मिलकर एक गिरोह बनाया। ये लोग नियमित ऑनलाइन मीटिंग आयोजित करते थे और लोगों को हर महीने मोटी रकम देने का आश्वासन देकर पैसा जमा कराते थे। इन आरोपियों ने लगभग 25 करोड़ रुपए हजारों लोगों से जमा कराए। फर्जी कंपनी दस्तावेज, वीडियो और फोटो दिखा कर लोगों का विश्वास जीता। आरोप है कि इन ठगों ने 20.25 करोड़ रुपये तो प्रार्थना पत्र देने वालो से और अन्य प्रभावित लोगों से ही वसूले है। पीड़ितों का कहना है कि वह अपना पैसा वापस मांग रहे हैं, तो आरोपियों की ओर से हत्या के झूठे मुकदमे में फंसाने और जेल भिजवाने की धमकियां दी जा रही हैं। इस मामले का मुख्य आरोपी दुबई भाग चुका है। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक से मांग करते हुए कहा कि आरोपियों की संपत्तियों की जांच की जाए, उनके पासपोर्ट जब्त किए जाएं और उनके खिलाफ उचित मुकदमा दर्ज कर प्रभावित लोगों को उनका पैसा वापस दिलाये जाए।

गौरतलब है कि यह मामला बिजनौर सहित आसपास के इलाकों में चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस अब इस बड़े वित्तीय घोटाले की जांच शुरू करने वाली है।

अब देखना ये है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय से इस प्रार्थना-पत्र पर क्या कार्रवाई होती है, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। प्रभावित लोग न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# ब्लिंकिट से व्यापारी परेशान

## विरोध में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** ब्लिंकिट की नीतियों के विरोध में व्यापारियों ने ज्ञापन सौंप कर कहा कि इससे छोटे व्यापार पर असर पड़ रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार व्यापारी सुरक्षा फोरम द्वारा आज ब्लिंकिट की नीतियों के विरोध में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि नजीबाबाद नगर पालिका बहुत कम आबादी का क्षेत्र है। यहां ब्लिंकिट जैसी बड़ी कंपनी के व्यापार करने से छोटे व मध्यम वर्गीय व्यापारी उसका मुकाबला नहीं कर पाएंगे। इससे छोटे व्यापारियों का रोजगार प्रभावित होगा और उनकी आमदनी पर फर्क पड़ेगा। व्यापारियों ने कहा कि पहले से ही बड़े शहरों की कंपनियों ने यहां शोरूम खोल रखे हैं। ऐसे में छोटा व्यापारी प्रतिस्पर्धा में पिछड़ रहा है और जीवन यापन में कठिनाई हो रही है। ज्ञापन में कहा गया कि इस तरह की बड़ी कंपनियों को बड़े शहरों तक ही सीमित रखा जाए। संगठन ने व्यापारी हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की।




ज्ञापन सौंपने वालों में वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल, जिला अध्यक्ष राजकुमार गोयल, नगर अध्यक्ष कमल बन्धु, नगर महामंत्री अनुज अग्रवाल, नगर कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल सहित दर्जनों व्यापारी नेता शामिल थे।

# हादसे में दुल्हन की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शादी के कुछ दिन बाद ही दुल्हन की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

स्थानीय खस्सा कालोनी निवासी इकरार की बेटी फिजा की शादी इसी माह 11 मई को शेरकोट निवासी शहजाद के साथ हुई थी। परिवार ने धूमधाम से शादी कर फिजा को विदा किया था। शादी के बाद शहजाद अपनी दुल्हन फिजा को चांदपुर स्थित अपनी मौसी के यहां दावत में लेकर गया था। वहां से शहजाद बाइक से दुल्हन को उसके मायके वालों से मिलाने के लिए बिजनौर जा रहा था। रास्ते में छाछरी मोड़ के पास एक दर्दनाक हादसे ने शहजाद की जिंदगी बदल दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क के आधे हिस्से में एक कटा हुआ पेड़ पड़ा था। जैसे ही शहजाद ने बाइक को पेड़ से बचाने की को. शिश की, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार गी। हादसा इतना भीषण था कि नई नवेली दुल्हन फिजा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उसके पति शहजादको मामूली चोटें आई।

हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। जिस घर में कुछ दिन पहले शहनाइयां गूंज रही थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। मां-बाप अपनी जवान बेटी की मौत पर बदहवास हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हर आंख नम है। लोगों की आंखें उस वक्त भर आई जब नई नवेली दुल्हन का शव घर पहुंचा। फिजा के हाथों की मेहंदी अभी फीकी भी नहीं पड़ी थी। जिसने भी यह मंजर देखा, उसके आंसू छलक पड़े। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को सुपुर्दे खाक कर लिया। पूरे इलाके में इस दर्दनाक हादसे को लेकर शोक की लहर है।

# मोबाइल गुम हुआ तो बना दी लूट की कहानी

## तमंचे के बल पर लूट की सूचना से दौड़ी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** हल्दौर थाना क्षेत्र में रविवार को उस समय पुलिस में हड़कंप मच गया, जब वन विभाग के एक दरोगा ने खुद के साथ लूट होने की सूचना दी। दरोगा ने दावा किया कि बाइक सवार बदमाश तमंचे के बल पर उनका मोबाइल और नकदी लूटकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा अलर्ट हो गया और अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच गए।

घटना कुम्हारपुरा शाहनगर नहर मार्ग की बताई गई। बिजनौर रेंज के रावली कदरपुर जसवंत क्षेत्र में तैनात वन दरोगा दीपक कुमार, निवासी कुकड़ा इस्लामपुर, ने पुलिस को बताया कि दो बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोककर लूटपाट की। सूचना गंभीर होने के कारण पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी। लूट की सूचना मिलते ही सीओ सिटी संग्राम सिंह और थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालनी शुरू कर दी।

प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस को घटना संदिग्ध लगी। पूछताछ और मौके की परिस्थितियों के आधार पर पुलिस को दरोगा की कहानी में कई विरोधाभास मिले। गहराई से पड़ताल करने पर मामला पूरी तरह पलट गया। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि जांच में लूट की सूचना फर्जी पाई गई। दरअसल, वन दरोगा दीपक कुमार का मोबाइल फोन कहीं गुम हो गया था। पुलिस को गुमराह करने और अपनी लापरवाही छिपाने के लिए उन्होंने लूट की मनगढ़ंत कहानी बना दी। पुलिस अब पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि फर्जी सूचना देकर पुलिस को गुम. राह करना गंभीर मामला है और जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आबादी क्षेत्र में पहुंचे दो बाघ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** आबादी के निकट नजर आए दो बाघों ने मानव व वन्यजीव सुरक्षा को लेकर वन विभाग की नींद उड़ा दी है। वन विभाग ने गश्ती दल तैनात कर चौकसी बढ़ा दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कार्बेट टाइगर रिजर्व के जंगल बाघ की दहाड़ से पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाए हैं। यहां बाघों का दिखाई देना व उनकी दहाड़ सुनाई देना इस क्षेत्र के गौरव के साथ भारत में वन्यजीव संरक्षण के उन्नत प्रयासों का परिणाम दर्शाता है। कालागढ़ की आबादी में इन दिनों दो बाघ आबादी के निकट नजर आ रहे हैं। वनों की सीमा पर नदी, नालों, सोत से होकर खेतों में विचरण कर रहे हैं। पुराना कालागढ़ निवासी हाजी रईस अहमद, फय्याज अहमद अंसारी व नई बस्ती निवासी कमलेश, कुन्नी, हरपाल, पवन, प्रदीप आदि का कहना है कि सीमा पर बने स्वागत द्वार के निकट सूखासोत में हिरणों का एक झुंड चररहा था। इसी दौरान एक बाघ वहां आ गया। हिरणों के दल में हलचल हुई। बाघ उन्हें अनदेखा कर अपनी मस्तानी चाल से चलता हुआ सूखासोत में उतर गया। कुत्ते भौंकने लगे। आसपास काम कर रही महिलाएं व बच्चे घबरा कर घरों की ओर भागने लगे। कुछ ही देर में बाघ वनों में चला गया। नागरिकों ने वन विभाग से सुरक्षा की मांग की है।

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद बिजनौर )**
संख्या: 19/न.पा.परि.बि./2026-27, दिनांक:- 18.05.2026
**संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा**-143 (1)/147 (1) **नगर पालिका अधिनियम**-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-18/2A मौहल्ला पामरगंज, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री शलभ अग्रवाल पुत्र श्री सुरेश चन्द्र अग्रवाल के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में अंकित स्वामी के द्वारा वसीयतनामा श्री निमित अग्रवाल पुत्र शलभ अग्रवाल व श्रीमती भावना अग्रवाल पत्नी शलभ अग्रवाल को किया गया है, वसीयतनामा एवं शपथ-पत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थीगण श्री निमित अग्रवाल पुत्र शलभ अग्रवाल व श्रीमती भावना अग्रवाल पत्नी शलभ अग्रवाल का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद बिजनौर )**
संख्या: 16/न.पा.परि.बि./2026-27, दिनांक:- 18.05.2026
**संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा**-143 (1)/147 (1) **नगर पालिका अधिनियम**-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-382 मौहल्ला सिविल लाइन प्रथम, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री सुरेशचन्द शर्मा पुत्र श्री भगवान दास के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के पुत्र द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र व वारिसान प्रमाण पत्र तथा शपथ पत्र के आधार पर श्री पंकज शर्मा पुत्र स्व. सुरेशचन्द शर्मा ने आवेदन किया है, मृत्यु प्रमाण पत्र व वारिसान प्रमाण पत्र तथा शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी श्री पंकज शर्मा पुत्र स्व. सुरेश चन्द शर्मा का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर**
वाद सं.-64/2025

प्रदीप कुमार आयु 27 वर्ष पुत्र दोदराज सिंह निवासी ग्राम नसीरपुर बनवारी, थाना धामपुर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर, पिन कोड 246761
मो.नं.- 7017617337

**बनाम**

रिंकी आयु 32 वर्ष पत्नी प्रदीप कुमार पुत्री कोमल सैनी निवासी मौहल्ला जोशियान, कस्बा, थाना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।
पिन कोड 246761
मो.नं.- 9528357034

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 7, 25 गार्जियन एण्ड वार्डस एक्ट 1890

दरख्वास्त मुसम्मा प्रदीप कुमार वास्ते हुसूल सार्टिफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतारी मुसम्मा प्रदीप कुमार मुसबफा रिंकी अपने मुजिव एक्ट 7 सन् 1878 ई. वक्त 10 बजे हरगाह मुसम्मा प्रदीप कुमार ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है ई. तारीख 25 मास 05 सन् 2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त गार्जियन एण्ड वाडस के उज्र हो तो या असालत या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालन प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मुकान बिजनौर में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उन मिसी को सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**नियत दिनांक:- 25-05-2026**
**प्रबंधक**
**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर ( उ.प्र. )**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैं अपने पुत्र अंकुर मलिक को उसकी बुरी संगत व आज्ञाहीन होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य या लेन-देन के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होंगे। **रविन्द्र सिंह मलिक पुत्र कश्मीरी सिंह, निवासी ग्राम भोगली, तहसील नगीना ( बिजनौर )**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री अलफिया गलत संगत में रहने के कारण अपनी मर्जी से फैसले लेती थी। मेरे व परिवार के समझाने पर भी नहीं मानती थी। 09.05.2026 को अलफिया को साजिद पुत्र शाकिर निवासी ग्राम मव्वाखेड़ा, जिला रामपुर, उ.प्र. मो. संख्या 7668258598 तथा साजिद का भाई मो. संख्या 9548495526 अपने साथ मेरी व मेरे परिवार की मर्जी के बिना ले गये है। अलफिया से मैंने व परिवार के अन्य सदस्यों ने अब अपना हर तरह का सम्बंध खत्म करके अपना रिश्ता भी खत्म कर लिया है। अलफिया से मेरा व परिवार के किसी भी सदस्य से किसी भी तरह का कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है। मेरी किसी चल व अचल सम्पत्ति में अलफिया का कोई हक नहीं रहेगा। **तहसीन पुत्र स्व. शब्बीर अहमद निवासी मौहल्ला अफगानान, कस्बा व थाना स्योहारा, जिला बिजनौर** । मो. नं. 9520942856

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र अनीस मेरी नाफरमानियां करता है। गलत संगत में रहने के कारण कई मुकदमें थाना नजीबाबाद व उत्तराखण्ड में प्रचलित है। अनीस से मुझे अपनी व अपने परिवार की जान का खतरा बना हुआ है। मेरी समाज में छवि धूमिल हो रही है तथा अक्सर मुझसे व परिवार वालों से लड़ाई-झगड़ा व गाली-गलौच करता है। इसकी इन्हीं हरकतों से तंग व परेशान आकर मैंने 18.05.2026 से अनीस से अपने समस्त प्रकार के संबंध समाप्त कर लिए है। अपने पुत्र अनीस व उसकी पत्नी वफा को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब अपने द्वारा किये गये किसी भी गैर कानूनी कृत्य, लेन देन, झगड़ा फिसाद आदि के लिए यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। जिसमें मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**-हनीफ पुत्र हमीद निवासी मौहल्ला जरूफसाजान, कस्बा व पोस्ट साहनपुर, थाना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद बिजनौर )**
संख्या: 20/न.पा.परि.बि./2026-27, दिनांक:- 18.05.2026
**संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा**-143 (1)/147 (1) **नगर पालिका अधिनियम**-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-343 मौहल्ला नई बस्ती बी-14, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्रीमती उर्मिला भटनागर पत्नी चन्द्रप्रकाश भटनागर के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में आवेदक श्री संजीव भटनागर पुत्र श्री स्व. चन्द्रप्रकाश भटनागर निवासी मौ. नई बस्ती बी-14, बिजनौर के द्वारा मा. न्यायालय के निर्णय की छायाप्रति व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर ( जनपद बिजनौर )**
संख्या: 17/न.पा.परि.बि./2026-27, दिनांक:- 18.05.2026
**संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा**-143 (1)/147 (1) **नगर पालिका अधिनियम**-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-391 मौहल्ला सिविल लाईन द्वितीय, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री हरीश चन्द पुत्र श्री मक्खन सिंह के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा बैनामा श्रीमती पूजा शर्मा पत्नी श्री कपिल कुमार को किया गया है, बैनामा एवं शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थिनी श्रीमती पूजा शर्मा पत्नी श्री कपिल कुमार का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# प्रसूता की मौत के बाद नर्सिंग होम पर हंगामा

## कार्यवाही के बाद नाम बदलकर दोबारा से संचालित होते हैं यह अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** एक चर्चित निजी नर्सिंग होम में प्रसूता महिला की मौत के बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। महिला की मृत्यु से आक्रोशित परिजन शव लेकर अस्पताल पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अस्पताल परिसर में चीख-पुकार और नारेबाजी के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर भीड़ जमा हो गई।

परिजनों का आरोप है कि महिला को प्रसव के लिए नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। जहां ऑपरेशन के दौरान गंभीर लाप. रवाही बरती गई। उनका कहना है कि गलत तरीके से ऑपरेशन किए जाने के कारण प्रसूता की हालत बिगड़ गई। स्थिति नियंत्रण से बाहर होती देख अस्पताल प्रबंधन ने जिम्मेदारी से बचने के लिए महिला को मुरादाबाद रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतका के परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते सही उपचार और विशेषज्ञ चिकित्सकीय देखरेख मिलती, तो महिला की जान बचाई जा सकती थी। मौत की खबर मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग शव लेकर नर्सिंग होम पहुंचे और उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों ने दोषी डॉक्टरों और अस्पताल संचालकों के खिलाफ जांच तथा मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि इस प्रकार की घटनाओं पर कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में भी आम लोगों की जान खतरे में पड़ती रहेगी।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गैस एजेंसी के पास स्थित यह नर्सिंग होम पहले भी विवादों में रहा है। यहां मानकों की अनदेखी कर ऑपरेशन किए जाते हैं और पर्याप्त सुविधाओं व विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में मरीजों का इलाज किया जाता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी शिकायतें की गई, लेकिन स्थायी और प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। नगर में चर्चा यह भी है कि जब भी कम योग्यता वाले डॉक्टरों अथवा नियमों को ताक पर रखकर संचालित अस्पतालों पर कार्रवाई होती है, तो वह कुछ समय के लिए ही सीमित रह जाती है। कुछ समय बाद वही अस्पताल नए नाम या नए पंजीकरण के साथ फिर से संचालित होने लगते हैं।

लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि आखिर स्वास्थ्य विभाग ऐसे संस्थानों को नाम परिवर्तन के बाद दोबारा पंजीकरण कैसे प्रदान कर देता है।

वहीं यह चर्चा भी जोरों पर है कि कथित रूप से कुछ अस्पताल संचालक मासिक शुल्क देकर अपने अवैध कार्यों को जारी रखते हैं और कार्रवाई से बच निकलते हैं, हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन लगातार सामने आ रही घटनाओं ने व्यवस्था की पारदर्शिता और निगरानी प्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। लगातार शिकायतों और घटनाओं के बावजूद प्रभावी कार्रवाई न होने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है।

कस्बे में कई निजी अस्पताल पर्याप्त उपकरणों प्रशिक्षित स्टाफ और विशेषज्ञ चिकित्सकों के बिना संचालित होने की बातें सामने आती रही हैं, जो आमजन की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है।

फिलहाल क्षेत्रवासियों की निगाहें प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पर टिकी हैं कि इस गंभीर मामले में क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं परिजनों की मांग है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी अन्य परिवार को ऐसी दर्दनाक स्थिति का सामना न करना पड़े।

# धामपुर में होटलों के धुएं से परेशानी

## सिलेंडर न मिलने पर होटल संचालक कर रहे लकड़ी व कोयले का उपयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में संचालित कुछ होटलों से निकल रहे काले धुएं ने आसपास रहने वाले नागरिकों एवं राहगिरों की परेशानी बढ़ा दी है। स्थानीय नागरिकों ने इस संबंध में प्रशासन को शिकायत भेजकर जांच कराते हुए संबंधित होटलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



बताया जा रहा है कि पिछले कई महीनों से कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की उपलब्धता प्रभावित होने के कारण कुछ होटल संचालक वैकल्पिक ईंधन का सहारा ले रहे हैं। आरोप है कि कुछ स्थानों पर होटल संचालक कोयले के बजाय लकड़ी, उपले और अन्य ईंधन का उपयोग कर रहे हैं, जिससे सुबह से देर रात तक काला धुआं उठता रहता है। इससे आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्राइवेट बस अड्डे के आसपास स्थित कई होटलों से निकलने वाला धुआं राहगीरों और यात्रियों के लिए भी परेशानी का कारण बन रहा है। सुबह और शाम के समय स्थिति अधिक गंभीर हो जाती है, जब होटल संचालन तेज होने के साथ धुएं की मात्रा बढ़ जाती है। लोगों का आरोप है कि विरोध और शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। नागरिकों का कहना है कि धुएं के कारण वातावरण प्रदूषित हो रहा है, जिससे बुजुर्गों, बच्चों और श्वास संबंधी रोगियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में संचालित ऐसे होटलों की जांच कराई जाए और प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

शिकायतकर्ताओं में करनपाल सिंह, रविंद्र कुमार, गौरव सिंह, भूदेव सिंह सहित अन्य स्थानीय लोग शामिल हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजकर इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

उधर प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त होने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# इनरव्हील क्लब का चेयरमैन विजिट कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में पर्ल रेस्टोरेंट में चेयरमैन विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब की ओर से एक जरूरतमंद कन्या के विवाह के लिए एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की और इसे सामाजिक सेवा की मिसाल बताया।



### कन्या विवाह में की आर्थिक सहायता

कार्यक्रम का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन मिसेज शालिनी गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। क्लब की अध्यक्ष नीरू तागरा और सचिव मनीषा ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गरिमामय माहौल देखने को मिला। क्लब अध्यक्ष नीरू तागरा ने अपने संबोधन में इनरव्हील क्लब द्वारा वर्षभर किए गए सामाजिक कार्यों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि क्लब लगातार जरूरतमंदों की सहायता, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन रमा अग्रवाल ने किया। करुणा मित्तल ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावुक बना दिया, जबकि रानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों में उत्साह और आत्मीयता देखने को मिली।

फाउंडर मेंबर उमा मित्तल, सुरेश गुप्ता और इन्दू गुप्ता ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि 'सेवा ही सच्ची ईश्वर प्रार्थना है' और समाज के सक्षम लोगों को जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।

इस अवसर पर सपना अग्रवाल, नीरू अग्रवाल, शशि अग्रवाल, गीतिका, पुष्पा पाठक, ममता नारंग, मीरा मित्तल, अंजू मेहरा, सीमा कपूर, अरुणा, रजनी तंवर, श्याम अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, उमा शर्मा और रमा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में क्लब सदस्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इनरव्हील क्लब पिछले 47 वर्षों से महिलाओं के माध्यम से सामा. जिक सेवा और मैत्री के सिद्धांतों पर कार्य कर रहा है।

# विवेक यूनिवर्सिटी में एचआर कॉन्क्लेव

## छात्रों को मिले रोजगार एवं करियर निर्माण के महत्वपूर्ण सुझाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा एचआर कॉन्क्लेव का सफल आयोजन किया गया। जिसमें देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के वरिष्ठ एचआर मैनेजर एवं कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों ने भाग लेकर विद्यार्थियों को करियर निर्माण, रोजगार के अवसरों तथा उद्योग जगत की वर्तमान आवश्यकताओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत की कार्यशैली, नई तकनीकों, प्रोफेशनल स्किल्स एवं रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कंपनियों से आए अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में केवल शैक्षणिक योग्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि कम्युनिकेशन स्किल, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, टेक्निकल नॉलेज, इंटरव्यू स्किल्स एवं प्रोफेशनल एटीट्यूड भी सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, सकारात्मक सोच रखने तथा बदलती तकनीकों के साथ स्वयं को अपडेट रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कॉग्निजेंट कंपनी से नबिन्द कुमार सिंह, ओकाया से अनपूर्णा सिंह, ऐप्सक्वाड्ज सॉफ्टवेयर से स्वेता पांडेय, अमिगा इंफॉर्मेटिक्स से दीक्षा मिश्रा, जारो कंपनी से अर्जित पाठक, धारा मोटर फाइनेंस से राधिका भटनागर, कोका कोला से सौरभ सिंह, ग्रेप सिटी से मधु बूजो तथा वाइल्डनेट टेक्नोलॉजी से आकांक्षा सिंह सहित अन्य कॉर्पोरेट प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उन्हें इंडस्ट्री की वास्तविक आवश्यकताओं एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे तथा कॉर्पोरेट जगत की कार्यप्रणाली, चयन प्रक्रिया एवं आवश्यक कौशल के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। कुलपति प्रो. एनके गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें वास्तविक कॉर्पोरेट वातावरण से परिचित कराते हैं, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो पाते हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर नितेश वर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विद्यार्थियों से ऐसे कार्यक्रमों का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन श्रेया गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वेश शीतल एवं हर्ष कुमार तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर नितेश वर्मा एवं रिया भटनागर का विशेष योगदान रहा। उनके समर्पण, मेहनत एवं उत्कृष्ट समन्वय के कारण कार्यक्रम अत्यंत सफल, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

## एक नजर

### गन्ना सर्वे का औचक निरीक्षण



**चांदपुर।** गन्ना विकास विभाग की सक्रियता और पारदर्शिता के अंतर्गत आज ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर द्वारा वेव शुगर मिल धनौरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बकैना एवं भिडियाखेड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान विभागीय समिति के लिपिक अखिलेश कुमार, नरेश कुमार एवं मिल के सर्वेयर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने चीनी मिल द्वारा किए जा रहे डिजिटल सर्वे की सत्यता जांचने के लिए रैंडम आधार पर कुछ गन्ना प्लॉट्स की मैन्युअल माप कराई। जांच में सभी प्लॉट्स की माप पूर्णत: मानक के अनुरूप और त्रुटिहीन पाई गई। ग्राम भिडियाखेड़ा में प्रगतिशील महिला कृषक रुक्मणी देवी के खेत का अवलोकन किया गया, जिन्होंने को. से. 13235 उन्नत प्रजाति के गन्ने की बुवाई आधुनिक ट्रेंच विधि से की है। खेतों के निरीक्षण में कीट एवं रोगों का प्रभाव न्यूनतम पाया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठकने कृषकों को सरकार द्वारा कृषक हित में अनेक योजनाओं के बारे मे भी विस्तार से जानकारी दी।

### साहू जैन में नशा मुक्ति संगोष्ठी



**नजीबाबाद।** साहू जैन महाविद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सरोज बाई, डॉ. मोनिका सागर और डॉ. नवीन द्विवेदी ने किया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना था। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बी.एस. तोमर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रो. तोमर ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार और समाज के विकास को भी बाधित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने तंबाकू, शराब और अन्य मादक पदार्थों के दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशा युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना देता है और इससे मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। विद्यार्थियों ने भी 'नशा मुक्ति' विषय पर भाषण प्रस्तुत किए। जिनके माध्यम से नशामुक्त समाज का संदेश दिया गया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### ब्यूटी पार्लर फैला रहे दुर्गंध



**चांदपुर।** नगर के गली-मौहल्लों में चल रहे ब्यूटी पार्लर आज कल लोगों लिए जी का जंजाल बने हुए है, यही नहीं इन ब्यूटी पार्लर में दुल्हनों को सजाने संवारने में जो कॉसमेटिक क्रीम-पाउडर, कलर, केमिकल्स इस्तेमाल करने के बाद खाली डब्बे और पॉलिथीन सड़कों पर ढेर लगाकर यह ब्यूटी पार्लर संचालक दुर्गंध फैलाने का कार्य प्रतिदिन कर रहे है। मौहल्ले वालों का कहना है कि यदि इनके द्वारा फेंके गए कूड़े में कोई बच्चा या शरारती तत्व आग लगा दें, तो जबरदस्त पटाखे फूटने से सड़क पर आते जाते महिला पुरुषों बच्चे के जख्मी होने की संभावना बनी रहती है।

### खुर्शीद मंसूरी को किया सम्मानित



**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर स्थित मदरसे में दस्तारबंदी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाफिजे कुरान बने बच्चों की दस्तारबंदी की गई। इस कार्यक्रम में उलेमा-ए-किराम ने तलबा के रोशन मुस्तकबिल के लिए दुआ की। सभी को नेक रास्ते पर चलने की सलाह दी गई। दस्तारबंदी करने वाले तलबा को मुबारकबाद पेश की गई। इस मौके पर मेहमान के रूप में आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी व साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### टॉपर शिफा नाज़ सम्मानित



**नजीबाबाद।** आम आदमी पार्टी के नेता अबरार अहमद के मौहल्ला रम्पुरा स्थित निवास पर सेंटमैरी स्कूल टॉप कर नाम रोशन करने वाली उनकी बेटी शिफा नाज को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में सर सैयद एकेडमी के महासचिव खालिद मसूद, नगर पालिका नजीबाबाद के सभासद एवं जिला योजना समिति के सदस्य सरफराज अहमद, पीस मॉडल स्कूल के प्रबंधक एवं कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव मौ. अकरम एड. शामिल रहे। सभी ने बेटी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसके परिवार को मुबारकबाद पेश की।

## एक नजर

### रेलवे स्टेशन पर अज्ञात शव मिला



**धामपुर।** आज सुबह रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। आज सुबह रेलवे स्टेशन पर मौजूद लोगों ने प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। काफी देर तक कोई हरकत न होने पर लोगों ने इसकी सूचना रेलवे प्रशासन और जीआरपी को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति की जांच की, उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के पास से कोई पहचान पत्र, मोबाइल फोन या अन्य दस्तावेज बरामद नहीं हुए। जिससे उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। मृतक अधेड़ उम्र का है। उसने कुर्ता-पायजामा पहन रखा था तथा उसके हाथ में कलावा बंधा हुआ मिला है। जीआरपी ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि व्यक्ति स्टेशन पर किस उद्देश्य से आया था और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर काफी देर तक चर्चाओं का माहौल बना रहा।

### ग्राम न्यायालय के अधिवक्ताओं का प्रदर्शन



**धामपुर।** ग्राम न्यायालय के अधिवक्ताओं ने न्यायालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए कहा कि लखनऊ के अधिवक्ताओं के चैंबर्स पर बुल्डोजर चलाना व अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज करना बेहद दुर्भाग्य पूर्ण है। अधिवक्ता समाज का वो भिन्न अंग है, जो आम जन को न्याय दिलवाने का कार्य करता है। ग्राम न्यायालय धामपुर के अधिवक्ताओं ने न्यायालय के बाहर उपस्थित हो कर प्रदर्शन किया। साथ ही सभी अधिवक्ताओं ने न्यायकि कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया तथा एक दिवसीय हड़ताल की। विरोध प्रदर्शन करने वालों में आमिर अंसारी एड., आयुष कौशिक एड., कुणाल गांधी एड., अनिल कुमार एड., प्रशांत कुमार, अनस नोमानी एड., मौहम्मद आलम एड., मोहित सहरावत, राजवीर एड., डिगेंद्र सिंह एड., मुकेश कुमार एड., पुलि. कत जैन एड., कृष्ण गोपाल एड. आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का समापन



**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी में आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का समापन सामूहिक हवन-यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म, आस्था और भक्ति का परिचय दिया। कॉलोनी स्थित सिद्ध पीठ श्री नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर परिसर में आयोजित सामूहिक हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से आहुतियां अर्पित कर भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी से सभी सनातन परिवारों में प्रेम, एकता, भाईचारा, सुख-शांति एवं समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। कार्यक्रम का आयोजन पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ के संरक्षण में संपन्न हुआ।

### अवैध हथियार के साथ निक्की गिरफ्तार

**नहटौर।** पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक अभियुक्त को अवैध हथियार के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर पुलिस ने चैकिंग के दौरान अशोक कुमार उर्फ निक्की को गिरफ्तार किया। आरोपी रमेश सिंह का पुत्र और ग्राम मीमला मुस्तफाबाद, थाना नहटौर, बिजनौर का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अशोक कुमार के खिलाफ थाना नहटौर में मुकदमा अपराध संख्या 160/2026 के तहत धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस प्रशासन ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अग्रिम आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली थाने की पुलिस टीम में उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, कांस्टेबल रोहित कुमार और कांस्टेबल विक्रांत राणा शामिल रहे। शांति व्यवस्था बनाए रखने और अवैध हथियारों के तस्करों व खरीदारों पर नकेल कसने के लिए पुलिस लगातार सघन चैकिंग अभियान चला रही है।

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश**
**परिवार न्यायालय बिजनौर**

वाद सं.- 153/2024

**सहाना परवीन बनाम मौ. रागिब**

1.सहाना परवीन पत्नी मौ. रागिब पुत्री मौ. शाहिद आयु 32 वर्ष, 2. कु. अलीना (नाबालिग) पुत्री मौ. रागिब आयु 3 वर्ष द्वारा संरक्षिका सगी माता सहाना परवीन, 3. रुमायशा (नाबालिग) पुत्री मौ. रागिब आयु 7 माह द्वारा संरक्षिका सगी माता सहाना परवीन निवासी ग्राम जोगीरम्पुरी, अहमदपुर सादात, थाना नगीना देहात, जिला बिजनौर। हाल निवासी ग्राम भागूवाला, थाना मण्डावली, जिला बिजनौर।

**बनाम**

मौ. रागिब पुत्र मुकीम निवासी ग्राम जोगीरम्पुरी, अहमदपुर सादात, थाना नगीना देहात, जिला बिजनौर।

धारा-125 सी.आर.पी.सी.

थाना-मण्डावली

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 21.05.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

**नियत दिनांक:- 21-05-2026**

**प्रधान न्यायाधीश**
**परिवार न्यायालय**
**बिजनौर (उ.प्र.)**

# तेल की कीमतों में वृद्धि पर कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** डीजल और पैट्रोल व गैस सिलेंडर के दामों में की गई मूल्य वृद्धि तथा नीट परीक्षा पेपर लीक होने के विरोध जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रर्दशन किया। प्रर्दशनकारी कांग्रेसियों ने महामहिम राष्ट्रपति को भी एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में डीजल, पेट्रोल और घरेलू छोटे गैस सिलेंडर के दामों में की गई बढ़ोतरी आम जनता, किसानों और मध्यम वर्गीय परिवारों पर भारी बोझ बन गई है। महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है। इसके साथ ही किसानों को खाद (उर्वरक) समय पर नहीं मिल पा रही है, जिससे खेती-किसानी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने बताया कि नीट की परीक्षा का बार-बार पेपर लीक होना है। युवाओं के भविष्य अंधकार में जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश भर के लाखों छात्रों का भविष्य से खेला जा रहा है। सरकार इस गंभीर मुद्दे पर ठोस कार्रवाई करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी सम्भल, शहर कांग्रेस कमेटी सम्भल



सम्भल- तेल की बढ़ती कीमतों के विरोध में नई तहसील पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

**०नीट पेपर लीक होने का भी किया विरोध**
**०छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप**
**०बड़े आन्दोलन की दी चेतावनी**
**०राष्ट्रपति के नाम उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

के सभी पदाधिकारी, नेता गण, वरिष्ठ कांग्रेसी और भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार से इन समस्याओं का तुरंत समाधान करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के बाद कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इन मुद्दों पर ध्यान नहीं देती है तो कांग्रेस पूरे जिले में और भी बड़ा आंदोलन छेड़ेगी। इस अवसर पर कल्पना सिंह, डोली, मुशीर खान तरीन, विजय शर्मा, तौकीर अहमद, आरिफ तनवीर, संजीव कुमार साहू, मरगूब आलम, सलीम सैफी, ठाकुर रनवीर सिंह, सलमान तुर्की, अमित उठवाल, कोस्तुभ रस्तोगी, मंजर अब्बास, विकेश चौधरी,जयप्रकाश सहगल अकील अहमद, सतपाल यादव, अकबर अली, मोअज्जम, पवन कथिरिया, अंसार अब्बासी, शरिक मुनाजिर, मुशर्रफ हुसैन, डा. मरगूब अहमद, डा.सलाउद्दीन सैफी, सफी सैफी, सुब्हानी, अख्तर कसार, अब्दुल हन्नान, इंदाज आलम, सलमान सैफी, हुसैन, अमान एडवोकेट, यासीन अंसारी, शिशु पाल, अंजार मंसूरी, अंकुर, रघुवीर, बृजपाल, विजय सिंह, अशरफ हुसैन, नोमान हैदर इरशाद नेता, आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ता के पिता के निधन पर जताया शोक

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर बार वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से शोकसभा का आयोजन किया गया। जहां अधिवकता अवधेश यादव के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करने के साथ ही श्रृद्वांजलि दी गई अधिवक्ताओं ने बताया कि अवधेश यादव के पिता राजाराम यादव 73 वर्ष के थे और उनका बीमारी के चलते उनका निधन हो गया। उनके निधन पर अधिवकताओं ने उनके गांव ब्यौरा स्थित आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। बार अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव महाचिव सुरेशचन्द यादव,श्रीकृष्ण भारद्वाज, भगवान सिंह यादव जितेंद्रसिंह भानुप्रकाश यादव मन्नू सिंह रामबावू मनोज यादव रामवीर सिंह प्रमोद वीरेश श्योराजसिंह आदि रहे।

# अधिग्रहण से पूर्व समस्याओं का किया जाए निराकरण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** औद्योगिक गलियारे के लिए भूमि अधिग्रहण से पूर्व भारतीय किसान यूनियन असली सामने खड़ी हो गयी है। भाकियू नेताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अधिग्रहण से पूर्व विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है।

गंगा एकसप्रेसवे के चालू होने के बाद औद्यौगिक गलियारे की कवायद तेज हो गयी है। औद्यौगिक गलियारे के लिए प्रस्तावित ग्रामों में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया की जानी है लेकिन अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी करने से पहले भारतीय किसान यूनियन असली की ओर से डीएम को ज्ञापन देकर किसानों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने की



सम्भल- भूमि अधिग्रहण से पूर्व समस्याओं के निराकरण की मांग को ज्ञापन देते।

मांग की है। डीएम अंकित खंडेलवाल को जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सोंपकर कहा गया कि जनपद में औद्यौगिक गलियारे के अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित ग्रामों की भूमि के सर्किल रेट अधिग्रहण प्रक्रिया से पहले ही बाज़ार भाव के अनुसार तय किये जायें। जबकि राजस्व अभिलेखो (खतौनियों) में आनन-फानन में सहखातेदारों के गलत दर्ज कर दिए गए नाम व अंश अभियान के तहत संशोधित कराये जायें। इसी के साथ रसायनिक उर्वरक वितरण प्रक्रिया को सरल बनाकर उपलब्धता सुनिश्चित करने और उर्वरक की जमाखोरी और काला बाज़ारी पर कठोर कार्रवाई अमल में लाये जाने की मांग की। ज्ञापन में मंडी समितियों में कृषि जिन्सों को एम एस पी से काफी कम दामों पर खरीकर किसानों का शोषधा करने का आरोप लगाकर रोष व्यक्त किया। जबकि कृषि जिन्सों की आवक जावक दर्ज न करके मंडी शुल्क की चोरी के काम को भी रोके जाने की मांग की। इसके अलावा शेडयूल के अनुसार ही बिजली आपूर्ति देकर तहसील और थानों में भृष्टाचार रोके जाने तथा चकबंदी वादों का अतिशीघ्र निस्तारण कराने की मांग की। ज्ञापन पर सचिन यादव, आशिक रजा, श्रृषिपाल यादव, ओम प्रकाश, मोरध्वज यादव, केदारी सिंह, सत्यपाल, बाबूराम प्रजापति, सत्यवीर सिंह, वीरेश यादव, राजपाल सिंह आदि के हसताक्षर थे।

## औचक निरीक्षण में स्कूलों में पाई गई काफी कमियां

**सम्भल।** जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल द्वारा दिए गए निर्देशों पर तहसील एवं खण्ड विकास स्तर के अधिकारियों के माध्यम से जनपद के 57 परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कराया गया। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में गंभीर कमियां पाई गईं, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण आख्या के अनुसार जनपद के 16 परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में नामांकित छात्र संख्या की तुलना में छात्र उपस्थिति 50 प्रतिशत अथवा उससे कम पाई गई, जिसे अत्यंत चिंताजनक माना गया।निरीक्षण के दौरान विकास खण्ड रजपुरा में चमनप्रकाश शर्मा, सहायक अध्यापक, आभा सक्सेना, शिक्षामित्र, प्रियंका यादव, शिक्षामित्र, प्राथमिक विद्यालय आर्थल सीमी यादव, अनुदेशक, कम्पोजिट विद्यालय सैंडोरा बिना किसी सूचना के अनुपस्थित मिलीं।

# स्काउट गाइड के लिए अनुशासन ही जीवन की अमूल्य निधि

**०जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे स्काउट गाइड**
**०पुलिस अधीक्षक ने गाइडों को वितरित किए प्रमाण पत्र**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद के स्काउट एण्ड गाइड के राज्य पुरस्कार प्राप्त बच्चों ने जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल से भेंट की। इस दौरान डीएम ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उनका उत्साहवधन किया।

जिलाधिकारी ने स्काउट एण्ड गाइड से जुड़े पदाधिकारियों एवं बच्चों का परिचय प्राप्त किया तथा स्काउट एण्ड गाइड भवन निर्माण के संबंध में चर्चा की। साथ ही स्काउट एण्ड गाइड की जिला कार्यकारिणी की बैठक के स्थान एवं समय का निधरिण भी किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्काउट एण्ड गाइड की समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने राज्य पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई देते हुए उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त



सम्भल- स्काउट गाइडों को प्रमाण पत्र देते जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल।

करने का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्काउट एण्ड गाइड के लिए अनुशासन ही जीवन की अमूल्य निधि है। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा लखनऊ से प्राप्त राज्य पुरस्कार के प्रमाण-पत्र बच्चों को वितरित किए गए। इसके उपरांत लखनऊ में आयोजित नेशनल जम्बूरी से संबंधित प्रमाण-पत्र पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्काउट एण्ड गाइड के बच्चों को वितरित किए गए, जिन्हें प्राप्त कर बच्चों ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सौरभ कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष तिवारी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुकत मुरादाबाद मंडल बृजेश कुमार, जिला सचिव उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड डा. राजीव कुमार वार्ष्णेय, स्काउट कमिश्नर नरेंद्र, गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव, डीओसी गाइड मीन पंकज कुमार, ट्रेनिंग काउंसलर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर महिला को जलाया, मौत

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को एक महिला को तेल छिड़ककर आग लगाने का मामला सामने आया है गंभीर रूप से झुलसी महिला की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई घटना के बाद से गांव के लोग चुप्पी साधो हुए हैं और पुलिस को कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। यह घटना गुन्नौर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। रविवार और सोमवार की दरमियानी रात करीब 3:30 बजे कुछ अज्ञात लोग घर में घुस आए उन्होंने सो रही महिला को उठाकर दूसरे कमरे में ले जाकर मारपीट की और फिर तेल छिड़ककर आग लगा दी महिला की चीख सुनकर उसका 14 वर्षीय बेटा जाग गया शोर मचने पर हमलावर महिला को झुलसी हालत में छोड़कर फरार हो गए परिवार के सदस्यों ने तुरंत महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में भर्ती कराया सीएचसी गुन्नौर में प्राथमिक उपचार के बाद 70 प्रतिशत से अधिक झुलसी महिला को बेहतर इलाज के लिए अलीगढ़ रेफर किया गया वहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# भाकियू की चेतावनी नहीं सुधरे हालात तो होगा बड़ा आन्दोलन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं व भ्रष्टाचार के विरोध में ब्लॉक मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया।

धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सम्भल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि जनपद में फैले भ्रष्टाचार के कारण किसानों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। तहसील स्तर पर भ्रष्टाचार के कारण किसानों को आय, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र से लेकर वारिसान दर्ज कराने तक में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आवास योजना, विकलांग पेंशन योजना एवं विधवा पेंशन जैसी तमाम सरकारी योजनाओं में लगातार पलीता लगाने का काम किया जा रहा है। जिला उपाध्यक्ष मिंकु चौधरी ने कहा कि सरकार की हर घर नल हर घर जल योजना के अंतर्गत गांव में सीसी रोड, खड़ंजे आदि को तोड़ दिया गया है। जिनकी मरम्मत न होने के कारण आज भी रास्ते जर्जर स्थिति में हैं। जनपद में व्याप्त रहस्यमयी बुखार के प्रकोप पर चिंता जताई। मांग की कि क्षेत्र के गांवों में कीटनाशक दवा का छिड़काव एवं मच्छररोधी दवाओं का वितरण अति आवश्यक है, जिससे जानलेवा बीमारियों की रोकथाम की जा सके। वहीं संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने सम्भल रेल विस्तारीकरण की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि रेल विस्तारीकरण होने से समय की बचत, फसल की ढुलाई एवं रोजगार को बढ़ावा देने के साथ-साथ व्यापार में भी लाभ होगा। क्षेत्र में लगे स्मार्ट मीटर का भी बहिष्कार करते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर से किसानों के बिल बढ़ रहे हैं और यह किसान विरोधी है। साथ ही गन्ना भुगतान, बिजली कटौती, आवारा पशुओं और खाद-बीज की कालाबाजारी का मुद्दा भी प्रमुखता से रहा। धरने पर ज्ञापन सौंपकर भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो संगठन बड़ा आंदोलन करेगा। धरने पर पहुंचे बीडीओ प्रेमपाल सिंह, डा. मनीष अरोड़ा, आदि के आशवासन पर धरना समाप्त कर दिया।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-हाई ओर लो वोल्टेज समस्या के विरोध में ज्ञापन देते सपाई।

### हाइ ओर लो वोल्टेज समस्या का करायें समाधान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बिजली के हाई ओर लोवोल्टेज की गहरा रही समस्या पर सपाइयों ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपकर समस्या का निराकण करने की मांग की। जिला सचिव सईद अख्तर इसराइली के नेतृत्व मेंसौंपे गए ज्ञापन में मौहल्ला डूगर सरा, कोटला, हिलाली सराय में बिजली कम आने के कारण हाइ व लोवोल्टेज की समस्या बनी रहती है। जिसके चलते घरों के बिजली पकरण खराब होने से अनेको समस्यायें आ रही है। सपाइयों ने समस्या का समाधान कराने की ंग की। इसमें वकार हसन, आसिम, मुकीम, जाहिद, अरमान, डा. कासिम आदि मौजूद रहे।



बबराला- छात्राओं ब्राइडल मेकअप का प्रशिक्षण लेती।

### छात्राओं को दिया ब्राइडल मेकअप का प्रशिक्षण

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश और उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप के तत्वावधान में मेकअप आर्टिस्ट के द्वारा सभी बच्चों को ब्राइडल मेकअप का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण सोनम निषाद संस्कार भारती की सदस्य मेकअप आर्टिस्ट में एक्सपर्ट के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में बच्चों को बारीकी से बताया गया कि फेस पर जब हम मेकअप करते हैं तो उससे पहले कितनी लेयर, कितनी टूल्स और कितने सारे तकनीक के साथ हम मेकअप करते हैं एवं ब्राइडल को तैयार करने के लिए कितने समय अवधि की आवश्यकता होती है। मेकअप आर्टिस्ट सोनम निषाद का स्वागत पटका पहनाकर संस्कार भारती की सदस्य शैली ने किया। कार्यक्रम की संयोजक डा. ममता राजपूत के द्वारा इस कार्यशाला का पूरा प्रशिक्षण दिया गया।उनके नेतृत्व में यह प्रशिक्षण चल रहा है। जिसमें सभी लड़कियों को प्रत्येक कलाओं में निपुण करने के लिए कलाओं को सिखाया जा रहा है। इस अवसर पर संस्कार भारती की सदस्य शैली वर्मा माही गुप्ता खुशी वर्मा खुशी गौतम नंदनी यशिका सृष्टि मिस्टी सूरज आदि लोग उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के साथ किया गया।



बबराला-यातायात डयूट देते पुलिस कर्मियों को छाता वितरित करते रोटरी क्लब के सदस्य।

### रोटरी क्लब ने किया छाता वितरण

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** रोटरी क्लब बबराला गंगा ने भीषण गर्मी व धूप के बीच सड़क पर डयूटी निभा रहे पुलिस कर्मियों, ट्रैफिक पुलिस और होमगार्ड जवानों के लिए छातों का वितरण किया। रोटरी क्लब बबराला गंगा की ओर से 50 जवानों को छाते वितरित किए गए, जिससे उन्हें चिलचिलाती धूप से कुछ राहत मिल सके। छाता वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी विकास चंद्र ने किया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में डयूटी निभाने वाले जवानों की सुविधा का ध्यान रखना समाज की जिम्मेदारी है। ऐसे प्रयास न केवल राहत देते हैं बल्कि समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। बबराला थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने रोटरी क्लब के इस कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि तेज धूप और गर्मी में लंबे समय तक डयूटी करना चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे सहयोग से जवानों का मनोबल बढ़ता है और वे और अधिक ऊर्जा के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाते हैं। इस दौरान रोटरी क्लब के रोटेरियन डा. कैलाश वार्ष्णेय, डा. राहुल यादव, कार्तिक गोयल, उमेश वार्ष्णेय, विवेक वार्ष्णेय, मुकेश गुप्ता शामिल रहे।

# डीएम के निर्देश पर अवैध खनन के विरुद्ध चला अभियान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध लगातार सघन प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में दो दिन में खनन विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। प्रवर्तन अभियान के दौरान थाना रजपुरा क्षेत्र में अवैध रूप से खनिज परिवहन कर रहे कुल 05 वाहनों को पकड़कर सीज किया गया। संबंधित वाहनों के विरुद्ध खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम तथा अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी निर्देशों के अनुपालन में की गई, कार्रवाई में जनपद में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण को सख्त निगरानी एवं निरंतर अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। खनन निरीक्षक शिवम कुमार द्वारा पुलिस टीम के सहयोग से क्षेत्र में लगातार निगरानी रखते हुए संदिग्ध वाहनों की जांच की गई, इस दौरान वाहनों को पकड़ा गया। अभियान के दौरान संबंधित टीम द्वारा विभिन्न मार्गो पर सघन चेकिंग की गई तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनपद प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनन एवं अवैध परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी तथा किसी भी स्तर पर अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# लाठीचार्ज करने वालों पर कार्रवाई नहीं तो सड़कों पर उतरेंगे अधिवक्ता

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** लखनऊ में अधिवक्ताओं के चैम्बर तोड़े जाने और पुलिस लाठीचार्ज का विरोध तेज हो गया है। लाठीचार्ज से गुस्साये जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शकील अहमद अशरफी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने लखनऊ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज का विरोध किया। वकीलों ने लखनऊ प्रशासन और पुलिस ने अधिवक्ताओं के साथ बर्बरता करने का आरोप लगाया। जबकि उन्होंने कहा कि वकीलों को चैम्बरों से खींचकर पीटा गया। जिसमें कई अधिवक्ता घायल हुए हैं। उन्होंने दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही घायल अधिवक्ताओं को 10-10 लाख मुआवजा दिये जाने की भी मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने कार्रवाई नहीं की तो पूरे उत्तर प्रदेश के वकील सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगे। उपाध्यक्ष मुख्तार फात्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ लगातार अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि कानून और न्याय के लिए लड़ने वाले वकीलों की ही सुनवाई नहीं हो रही है। महिला अधिवक्ताओं के साथ मारपीट की घटना को उन्होंने बेहद शर्मनाक बताया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। बार एसोसिएशन के सचिव सरफराज नवाज ने कहा कि लखनऊ कचहरी में करीब 30 वर्षों से अधिवक्ताओं के चैम्बर बने हुए थे, लेकिन प्रशासन ने बुलडोजर और पुलिस बल के दम पर कार्रवाई की। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला अधिवक्ताओं तक को नहीं छोड़ा गया और कई वकील अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग उठाते हुए कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। अधिवक्ताओं ने उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को प्रदेश स्तर तक और तेज किया करने की चेतावनी दी।



सम्भल-लखनऊ में लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन करते जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ता।

# सोना चॉदी की मंहगाई ने बदला शादी का अंदाज़

**०पुश्तैनी गहनों का बढ़ा चलन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** सोने-चांदी की कीमतों में रिकार्ड उछाल ने शादी-ब्याह के सीजन में जेवर खरीदने का तरीका ही बदल दिया है। नगर के सर्राफा बाजार में अब ग्राहक पुश्तैनी गहनों को री-डिजाइन कराने और हल्के वजन की ज्वेलरी खरीदने पर जोर दे रहे हैं। पहले जहां शादी में 10 से 20 तोला तक सोना खरीदा जाता था, अब लोग पांच तोला से कम में ही काम चला रहे हैं।

## मेंहगाई ने बिगाड़ा बजट

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** सर्राफा कारोबारी दिनेश कौशल बताते हैं कि पिछले साल शादी के समय ग्राहक जेवरात खरीदने आते थे, लेकिन इस बार सोना-चांदी महंगा होने से ग्राहक ही नहीं आ रहे। जो आ रहे हैं वे कम वजन वाले गहने खरीदते हैंह्न। 24 कैरेट सोना 1.54 लाख से 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 2.90 लाख से 3.35 लाख रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। चांदी की दुल्हन पायल जो पहले 700-2000 रुपये की थी, अब 10 हजार के करीब है।

## पुश्तैनी गहनों की नई चमक

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** महंगाई के चलते नगर क्षेत्र में पुश्तैनी गहनों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। लोग पुराने गहनों को पिघलवाकर नया डिजाइन बनवा रहे हैं। इससे मेकिंग चार्ज तो लग रहा है, पर नए सोने की खरीद से बचा जा रहा है। फिलहाल बाजार में ग्राहक शगुन के लिए ही कम वजन के गहने ले रहे हैं। बाकी आइटम के लिए आर्टिफिशियल और सिटी गोल्ड का सहारा लिया जा रहा है।

# स्वगणना में 54275 परिवारों ने दर्ज कराया अपना विवरण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के सफल संचालन को जनपद में तैयारियां तेज कर दी गयी है। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा सभी तहसीलदार और अधिशासी अधिकारी को जनगणना कार्य में लगे समस्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा अपने-अपने गणना ब्लक्क्कों में भ्रमण कर क्षेत्र से परिचित होने, स्व-गणना कार्य को प्रोत्साहित करने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को 21 मई, 2026 तक पूर्ण करने की कार्यवाही कर लिये जाने निदेर्शित किया। इसी के साथ जनगणना निदेशालय से प्राप्त कुल 4760 प्रगणक एवं सुपरवाइजरों की जनगणना सामग्री/किट को चार्ज स्तर पर

**०भारत की जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण व मकानों की गणना की तैयारियां हुई तेज़**

चरणबद्ध तरीके से वितरित कराया जा रहा है। इसके अलावा समस्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे प्रशिक्षण हेतु उपयोग किए गए प्रशिक्षण ऐप को हटाकर वास्तविक एचएलओ ऐप इंस्टॉल अथवा रिफेश कर लें, जिससे वास्तविक फील्ड कार्य में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो। स्व.गणना अभियान में अब तक कुल 54275 परिवारों ने अपना विवरण पोर्टल पर स्वयं दर्ज किया गया है। जिसके दृष्टिगत जनपद प्रशासन ने नागरिकों से स्व-गणना अभियान में अब सिर्फ 03 दिन शेष है, जिसमें सक्रिय सहभागिता करें तथा जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान करें, क्योंकि हमारी जनगणना, हमारा विकास के मूल मंत्र के साथ यह अभियान भविष्य की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की आधारशिला सिद्व होगा।

## दिन भर आसमान से बरसी आग

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** गर्मी का प्रचंड रूप बढ़ता जा रहा है। सुबह से लकर शाम तक आसमान से आग बरसी। भयंकर गर्मी के चलते सड़कें सूनी-सूनी रहीं। जबकि मुख्य बाज़ारों में रौनक गायब रही ओर दुकानदार हाथ पर हाथ धरे बैठे सुस्ताते रहे। गर्मी के कारण लोगों के घरों से नहीं निकलने से गली और मौहल्लों में भी सूनापन छाया रहा। स्कूलों को गए नौनिहालों को भी भयंकर गर्मी और लू के बीच आना जाना पडा।

# प्लॉट में मिले युवक के शव मामले का खुलासा, हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर थाना पुलिस ने प्लॉट में मिले युवक के शव के मामले का खुलासा करते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त गमछा और मृतक की चप्पल भी बरामद की है।पुलिस के अनुसार बीती 9 मई को कटघर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर की मढैया इलाके में एक प्लॉट से अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ था। शव की पहचान के लिए पुलिस ने पंपलेट जारी कर विभिन्न समूहों में सूचना प्रसारित की थी। बाद में 11 मई को मृतक की पहचान अमरोहा जनपद के थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के फुलपुर अदलपुर उर्फ भोपुर तैय्या निवासी राजू सैनी के रूप में हुई।मृतक के परिजनों की तहरीर पर 16 मई को कटघर थाने में सतीश सैनी निवासी कल्याणपुर की मढैया के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी सतीश सैनी को रामपुर दोराहा जाने वाले रास्ते पर रामगंगा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 22 अप्रैल को मृतक की मां की तेरहवीं के दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ था। उसी समय उसने हत्या की योजना बना ली थी। 8 मई की रात राजू सैनी उसके घर आया और दोनों शराब पीने बाहर गए। वहां फिर विवाद और गाली-गलौज हुई, जिसके बाद आरोपी ने गमछे से गला कसकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने शव को घसीटकर एक खाली प्लॉट में भांग के पौधों के बीच छिपा दिया था।पुलिस ने आरा.पी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।



# घायल अवस्था में घूम रहे बेसहारा गोवंश का आखिर कौन बनेगा सहारा



**कांठ ( शाह टाइम्स )** घायल अवस्था में घूम रहे बेसहारा गोवंश का आखिर सहारा कौन बनेगा इसका अभी किसी को पता नहीं है। लेकिन एक जागरूक ग्रामीण ने इस गोवंश को गौशाला पहुंचाकर संरक्षित कराए जाने की मांग उठाई है। मामला थाना छजलैट क्षेत्र के गांव बैरमपुर का है वहां पर सींग टूटने के कारण गोवंश घायल हो गया है। जिसके सींग से लगातार खून टपक रहा है लेकिन बेसहारा गोवंश को सहारा देने के लिए कोई आगे नहीं आया है ग्रामीण का कहना है कि उसने संबंधित मोबाइल नंबरों पर भी संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन संबंधित फोन नहीं उठाए गए उन्होंने प्रशासन से घायल गोवंश को पकड़वाकर गौशाला पहुंचाते हुए इसका उपचार कराए जाने की मांग उठाई है।

# जिला सहकारी बैंक किसानों के लिए अधिक ब्याज को करेगा वापस

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जिला सहकारी बैंक से फसली ऋण लेने वाले किसानों को ब्याज के रुपए वापस किए जाएंगे। शासन के निर्देश पर बैंक के उच्च प्रबंधन ने यह आदेश जारी किया है। जिसके तहत जिले के 30,600 किसानों को जमा धन से करीब 10 प्रतिशत धनराशि वापस हो जाएगी। किसान संगठन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत मिलने वाले ऋण के ब्याज के मुद्दे पर नाराज थे। जनवरी माह में यहां जिला सहकारी बैंक के निद.शक मंडल की बैठक में भी यह प्रकरण उठा था। तब किसानों ने आरोप लगाए थे कि खेती के लिए कर्ज पर बैंक अधिक ब्याज वसूल रहा है। जबकि, सरकार की ओर से इस मद के ऋण पर तीन प्रतिशत ब्याज वसूली का नियम है। वित्तीय 2025-26 में बैंक की ओर बांटे गए 290 करोड़ रुपए के मद में 12.7 प्रतिशत की दर से ब्याज वसूला है। अब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नियमों का हवाला देकर प्रदश सरकार की ओर से किसानों को ब्याज वापस करने के निर्देश दिए गए हैं। एआर को-ऑपरेटिव अमरेंद्र कुमार ने बताया कि इस योजना में किसानों को राज्य, केंद्र और समय से भुगतान पर विशेष छूट दिया जाता है। अब किसानों ने मात्र तीन प्रतिशत ब्याज लिया जाएगा।




# बिश्नोई समाज के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अधिकारी मुरादाबाद से की मुलाकात



**कांठ( शाह टाइम्स )**अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा ( रजिस्टर्ड ) राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एडवोकेट प्रदीप बिश्नोई के नेतृत्व में सोमवार को बिश्नोई समाज का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैसिया से मिला उनको साहित्यिक, आध्यात्मिक एवं पर्यावरणीय चेतना की त्रैमासिक शोध पत्रिका 'झीणी वाणी' उपहार स्वरूप भेंट की, प्रतिनिधि मंडल ने जिला अधिकारी को समाज के 29 नियमों के बारे में विस्तार से अवगत कराया स जिला अधिकारी इन नियमों को जानकर काफी प्रभावित हुए समाज एवं देश हित में सभी से उनका पालन करने का आह्वान किया स प्रतिनिधि मंडल में एडवोकेट रमेश बिश्नोई, मनोज बिश्नोई, एडवोकेट मोहित बिश्नोई, एडवोकेट दीपक बिश्नोई, प्रदीप बिश्नोई (चार्टर्ड अकाउंटेंट) अजय बिश्नोई (प्रधान लोदीपुर धाम )एडवोकेट देवेंद्र बिश्नोई, आदि शामिल रहे।

# दो दिन पहले गौशाला में घुसे तेंदुए के जोड़े को शीघ्र पकड़वाए जाने की उठी मांग



**कांठ( शाह टाइम्स )।** गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक एवं जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य विकास शर्मा ने बृहद गो संरक्षण केंद्र रायपुर खुर्द का भ्रमण किया और एक बीमार गोवंश का उपचार कराया। उन्होंने बताया कि लगभग 10 दिन पूर्व वन विभाग एवं हल्का लेखपाल द्वारा गौशाला की बाउंड्री के अंदर लगे 48 लिप्टिस के हरे पेड़ों पर काटने के निशान लगाए हैं।

इस कार्यवाही से गौसेवको एवं स्थानीय जनता में काफी रोश है। गौशाला में लगे यह पेड़ गोवंशों के लिए छाया हवा और सहारे का काम करते हैं इन्हें किसी भी कीमत पर नहीं काटने दिया जाएगा। बताया की दो दिन पहले गौशाला परिसर के अंदर तेंदुए का जोड़ा घुस आया जिससे गौशाला के कर्मचारियों में भय का माहौल बना है इससे गोवंशो की सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने गौशाला के आसपास पिंजरा लगाया जाने की मांग उठाई और कहा की गौशाला में पशुओं के आराम को देखते हुए पेड़ों का कटान ना कराया जाए।

# व्यापार मंडल अध्यक्ष ने परिवार सहित कराई भवन गणना



**बिलारी।** क्षेत्र में भवन और संपत्ति गणना का कार्य चल रहा है इसमें एचएलओ अपने क्षेत्र में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन के यहां भी एचएलओ पहुंचे और भवन की स्थिति, कमरों की संख्या उसमें रहने वालों का विवरण लिया। उनके भाई कौशल जैन एवं विनोद जैन ने भी अपने भवन और रहने वालों का पूरा विवरण नोट करवाया।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने आम जनता से आह्वान किया है कि जनगणना कार्मिकों का पूरा सहयोग करें और पूछे गए सभी आंकड़े ठीक-ठीक नोट कराएं क्योंकि यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है इसके बाद ही राष्ट्र की आर्थिक स्थिति का सही आकलन हो पाता है और उसी के अनुसार योजनाएं बनाई जाती हैं।

# तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार परिवार हुआ घायल, मासूम समेत तीन गंभीर घायल

**मुरादाबाद।** भोजपुर थाना क्षेत्र के गोदी हमीदपुर के पास सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी और उनके सात वर्षीय बेटे समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।जानकारी के अनुसार, कुंद.रकी थाना क्षेत्र के भीखनपुर निवासी वारिस पुत्र अफसर अपनी पत्नी शहनाज और सात वर्षीय बेटे हसन के साथ बाइक से भोजपुर स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही परिवार की बाइक गोदी हमीदपुर के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में तीनों का इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।पुलिस ने हादसे की जानकारी घायलों के परिजनों को दे दी है। वहीं, तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने आरोपी डंपर चालक को वाहन समेत हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार भारी वाहनों का संचालन लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सख्त करने और भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण लगाने की मांग की है।

# कस्बे में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

**बहजोई ( संवाददाता )।** बहजोई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुख्य कस्बे में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब स्थानीय लोगों ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ देखा। घने आबादी वाले क्षेत्र में शव मिलने की खबर आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों व राहगीरों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। कस्बे में शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा घटना की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बहजोई थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को अपने कब्जे में ले लिया। कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। शिनाख्त के प्रयास तेज पुलिस के मुताबिक, मृतक की लगभग 40 वर्ष है और मौत के कारणों का सही पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों और सोशल मीडिया के माध्यम से शव की शिनाख्त (पहचान) कराने के प्रयासों में जुट गई है। पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि यदि कोई इस व्यक्ति के बारे में जानकारी रखता हो, तो तुरंत थाने को सूचित करे।

# टीएमयू नर्सिंग कॉलेज के छात्रों का अग्नि सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर सघन प्रशिक्षण

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग के मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग विभाग की ओर से चार दिनी अग्नि सुरक्षा प्रोटोकॉल एवम् अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में नर्सिंग स्टुडेंट्स और फैकल्टीज को अग्नि सुरक्षा उपकरणों जैसे एबीसी और बीसी प्रकार के अग्निशमन यंत्र, फायर ट्रक, भवनों में उपलब्ध जल आपूर्ति प्रणाली, वाटर कैनन आदि अग्नि सुरक्षा उपकरणों का लाइव डेमोंस्ट्रेशन और प्रैक्टिकल अभ्यास कराया गया।

स्टुडेंट्स ने विशेषज्ञों की टीम से फायर ट्रक में उपलब्ध उपकरणों, वाटर कैनन के उपयोग, गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में प्राथमिक कदम और भवनों में स्थापित फायर सेफ्टी सिस्टम के संचालन से संबंधित प्रश्न भी किए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्राचार्य प्रो. जेसलीन एम., वाइस प्रिंसिपल प्रो. रामनिवास, मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग के एचओडी प्रो. जितेन्द्र सिंह के संग-संग नर्सिंग के छात्र-छात्राएं और दीगर फैकल्टीज मौजूद रहे। संचालन सुश्री शेरोन राणा ने किया। नर्सिंग के बीएससी और एमएससी नर्सिंग के प्रतिभागियों को अग्नि सुरक्षा प्रोटोकॉल एवम् अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया कि विभिन्न प्रकार की आग में कौन-सा अग्निशमन यंत्र उपयोग किया जाता है। आपातकालीन स्थिति में इन उपकरणों का सुरक्षित और प्रभावी उपयोग कैसे किया जाता है।


स्टुडेंट्स ने एबीसी और बीसी अग्निशमन यंत्रों के उपयोग, फायर अलार्म की कार्य प्रणाली, विद्युत आग लगने पर सावधानियां, आग लगने की स्थिति में सबसे पहले क्या करें, आपातकालीन निकासी प्रक्रिया सरीखे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की। टीएमयू के फायर सेफ्टी डिपार्टमेंट के हेड श्री उत्कर्ष शर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता अग्नि दुर्घटनाओं के कारण, आग से बचाव के उपाय, आपातकालीन निकासी प्रक्रिया, अग्निशमन यंत्रों के प्रकार और उनके सही उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि आपातकालीन स्थिति में शांत रहकर त्वरित और सुरक्षित कार्यवाही की जानी चाहिए।




# हावर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में पांच दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ ( शाह टाइम्स )** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में पांच दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में होने वाली दैनिक प्रार्थना के साथ किया गया । कैंप के अंतर्गत विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को विद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली गतिविधियों के प्रति मार्गदर्शन करते हुए उन्हें सफल बनाने की प्रेरणा दी। उप प्रधानाचार्य शलभ माथुर ने सभी शिक्षकों एवं छात्रों को बताया कि समर कैंप विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन के साथ ज्ञान का भी पथ प्रदर्शक होता है। इसलिए हमें समर कैंप मैं होने वाली प्रत्येक गतिविधि से कुछ ना कुछ अवश्य सीखना चाहिए। समर कैंप के प्रथम दिन विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। गतिविधियों के अंतर्गत फैंसी ड्रेस , मेहंदी , योगा पूल पार्टी, क्रिकेट एवं वॉलीबॉल, इंग्लिश स्पीकिंग एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट जैसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के क्षेत्र में छात्रों का अच्छा विकास एवं भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करने हेतु उनके मार्गदर्शन के लिए पर्सनैलिटी डेवलपमेंट प्रशिक्षक रोहित कुमार ने छात्र-छात्राओं का गुणवत्ता एवं प्रेरणादायक मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शिक्षिका नीतू चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# नगर में सजी अदबी महफिल, शायरों के कलाम पर झूमे श्रोता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** शनिवार की रात नगर में डॉ. नफीस अहमद नफीस के आवास पर शानदार अदबी महफिल और मुशायरे का आयोजन हुआ। देर रात तक चले इस मुशायरे में शहर और बाहर से आए शायरों ने अपने-अपने कलाम पेश कर समां बांध दिया। श्रोताओं ने हर शेर पर जमकर दाद दी। डॉ. नफीस अहमद नफीस ने पढ़ा "मोहब्बतों का नया आशियां बनाएंगे, हुनूस खुल्को मसावात से सजाएंगे। कोई बताए कि तफरीक ने दिया क्या है, वतन को दोस्तों तफरीक से बचाएंगे।" शकील अहमद साबरी ने कहा "शादी के वक्त कर्ज लिया था मकान पर, बेटी का घर बसा तो मेरा घर चला गया।" उस्ताद शायर जमीर सालकी अदीबी ने पढ़ा-"क्या मेरे सर में तेरा सौदा नजर आने लगा, अहले दुनिया को मैं दीवाना नजर आने लगा। मगरिबी तालीम का अक्सर दिलों पर है असर, आईना तहजीब का धुंधला नजर आने लगा।" उस्ताद शायर मुनव्वर ताबिश सम्भली ने कहा-"नजर के मिलते ही उनकी नजर का झुक जाना, यह बात राज-ए-मोहब्बत को आम करती है। किसी से बोले न बोले मगर तेरी तस्वीर, मैं जब भी चाहूं तो मुझसे कलाम करती है।" शायर नोमान जमाल ने पढ़ा- "बताऊं किसे कैसे कटते हैं दिन, मेरी जिंदगानी है शह मात की। जमाल उनको हमपे भरोसा नहीं, बिना पूछते हैं वो हर बात की।" शायरा रुही ने कहा-"उनको अपना बना के देखा है, खाना-ए-दिल सजा के देखा है। फूल लेकर वो आएगा एक दिन, खुद को पत्थर बना के देखा है।" नौजवान शायर अली जमाल ने पढ़ा-"जख्म-ए-एहसास से मोहब्बत को हरा रखा है, उनकी तस्वीर को सीने से लगा रखा है।" मुंबई के शायर निजाम नौशाही ने कहा-"दिल मेरा तोड़ कर गए तुम भी, रुख बचा के गुजर गए तुम भी। तुम भी जालिम का साथ देने लगे, अपने आजदाद पर गए तुम भी।" कुन्दरकी के शायर राशिद राहत ने पढ़ा-"यूँ सल्तनत का मेरी सिल.सिला तमाम हुआ, मैं बादशाह था लेकिन तेरा गुलाम हुआ।" डॉ. नाजिम ने कहा- "कौन सा डर था हमें जिससे उठाया न गया, बाद तेरे हमें सीने से लगाया न गया।" वसीम हसनपुरी ने पढ़ा- "बेपर्दा उनसे आज मेरा सामना हुआ, तो यूं हुआ कि मुझसे मेरा दिल जुदा हुआ।" डॉ. शाकिर इस्लाही ने कहा "शुक्र-ए-खालिक कभी नहीं करते, जिंदगी यूं भी काट लेते हैं। एक जरा सा उरूज पाने को, लोग तलवे भी चाट लेते हैं।" मुशायरे के नाजिम डॉ. मुजफ्फर हुसैन नादिर ने पढ़ा- "नजर में कद्र जो मां-बाप की नहीं होती, तो कामयाब मेरी जिंदगी नहीं होती।



मेरी निगाह में इंसानियत के जलते हैं, मेरी किसी से कभी दुश्मनी नहीं होती।" शायर अब्दुल कुद्दूस ने कहा "तेरी तस्वीर जब नजर आई, चश्म-ए-एहसास में उतर आई। खाना-ए-दिल को हम सजाने लगे, उनके आने की जब खबर आई।" मुशायरे की सदारत उस्ताद शायर जमीर अहमद सालकी अदीबी ने की, जबकि निजामत डॉ. मुजफ्फर हुसैन नादिर ने निभाई। इब्तिदाई रस्म आरिफ पाशा ने अदा की। महफिल देर रात तक जारी रही।

## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र तंजीम को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में तंजीम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती अनवरी पत्नी साबिर हुसैन व साबिर हुसैन पुत्र मोहम्मद निवासीगण 202 नजदीक पावर हाउस ग्राम रतनपुर कलां थाना पाकबडा, तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

## सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि श्रीमती मनोज देवी पत्नी श्री विरेंद्र सिंह, निवासी ग्राम मंडोरी, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर के एक आधार कार्ड में नाम त्रुटिवश सरिता सैनी अंकित हो गया था, जबकि सही नाम मनोज देवी है। अत: सरिता सैनी एवं मनोज देवी एक ही महिला हैं। भविष्य में सभी अभिलेखों में सही नाम मनोज देवी माना जाए। मनोज देवी, पत्नी विरेंद्र सिंह, मंडोरी थाना स्योहारा, तहसील धामपुर जिला बिजनौर।

**न्यायालय सिविल जज ( सी. डि. ) / एफ0 टी0 सी0, मुरादाबाद।**
**उत्तरा० विविध वाद सं:** 01/2021
**तारीख पेशी:** 30.05.2026
**देवेन्द्र कुमार सिंघल आदि प्रति श्रीमती बीना सिंघल आदि।**
**बनाम**

1. श्रीमती बीना सिंघल पत्नी स्व० श्री कमलेश कुमार सिंघल निवासी एस.बी.आई. बैंक के सामने मौ० बाजार पश्चिमी, बिलारी नगर व तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद। 2. श्रीमती ऊषा मित्तल पुत्री स्व० श्री जगदीश सरन सिंघल पत्नी श्री अशोक मित्तल निवासी शन्नो देवी नर्सिंग होम के सामने नगर पिलखुआ तहसील व जिला हापुड़ (उ० प्र०) 3. श्रीमती राधा मित्तल पुत्री स्व० श्री जगदीश सरन सिंघल पत्नी श्री संजीव मित्तल द्वारा मै० मित्तल स्वीट्स कोसी रोड नगर व तहसील रामनगर जिला नैनीताल। (उत्तराखण्ड) 4. श्रीमती रजनी सिंघल पुत्री स्व० श्री जगदीश सरन पत्नी श्री राकेश सिंघल निवासी मौ० चौकी दुर्गा प्रसाद नगर व तहसील डिवाई जिला बुलन्दशहर (उ० प्र०) 5. श्रीमती मीरा गर्ग पुत्री स्व० श्री जगदीश सरन सिंघल पत्नी श्री आशु मित्तल निवासनी भवन सं० 155 पंचवटी नगर व जिला गाजियाबाद। 6. अजय गोयल 7. मुकेश गोयल पुत्रगण स्व० श्री राजाराम गोयल निवासीगण निकट झण्डा चौक मौ० अंसारियान नगर व तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद। 8. **जनता आम** नगर बिलारी जिला मुरादाबाद। इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी० डि०)/ एफ० टी० सी० मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा जितेन्द्र कुमार सिंघल वास्ते हसूल सर्टीफिकेट वसूल कर दर्जा व किफायत हाय यपतानी मुसम्मा जितेन्द्र कुमार सिंघल मुसवफा स्व० जगदीश सरन सिघल अपने मूजिव एक्ट 7 सन् 1878 ई० वक्त 10 बजे हरगाह सुम्मा जितेन्द्र सिंघल ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजारी है। ई० तारीख 30 मास 05 सन् 2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया किसी को दिक्कत दरख्वास्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु के उज्र हो तो या अदालत या वकालतन वक्त 10.00 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी० डि०)/ एफ०टी०सी० मुरादाबाद में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इकजाय तारीख के मजकूर के मजकूर के फिर उन किसी को सुनने और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी. डि. ) एफ.टी.सी., मुरादाबाद।**

# नगर निगम ने शुरू किया 'हेल्थ वैन इनिशिएटिव'

## सिद्ध हॉस्पिटल के सहयोग से शहर के 70 वार्डों में मिलेगी नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर निगम मुरादाबाद द्वारा सिद्ध हॉस्पिटल के सहयोग से शहर के सभी 70 वार्डों में विशेष "हेल्थ वैन इनिशिएटिव" अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान "स्वस्थ शहर ख सुरक्षित नागरिक" की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय ने हेल्थ वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष अभियान के अंतर्गत सफाई मित्रों एवं आम नागरिकों को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श, स्वास्थ्य जागरूकता तथा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हेल्थ वैन नियमित रूप से विभिन्न वार्डों में पहुंचकर लोगों को उनके घर एवं कार्यस्थल के निकट ही सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी। नगर आयुक्त महोदय ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना तथा जनसामान्य में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि यह पहल स्वस्थ, सुरक्षित एवं जागरूक वबप. मजल के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारियों, चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं सफाई मित्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगामी दिनों में शहर के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। नगर निगम एवं सिद्ध हॉस्पिटल द्वारा शुरू की गई यह पहल जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम मानी जा रही है, जिससे आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी।






### दहेज में लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी विवाहिता का उत्पीड़न, एसपी से शिकायत

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के गांव रघुवाला निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बेटी के ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न और अतिरिक्त रकम की मांग करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अनीस अहमद पुत्र अब्दुल गफूर ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री का विवाह रामपुर जनपद निवासी युवक से 18 मई 2026 को मुस्लिम रीति-रिवाज से किया था। विवाह में लाखों रुपये नकद, जेवरात, घरेलू सामान तथा अन्य उपहार दिए गए थे। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे और विवाि. हता का मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बेटी को बार-बार प्रताड़ित किया जा रहा है तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि शादी में करीब 12 से 13 लाख रुपये खर्च किए गए थे, इसके बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने तथा उनकी पुत्री और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# लखनऊ में बुलडोजर से वकीलों के 120 चैंबर ध्वस्त

● विरोध पर लाठीचार्ज, पूर्व कार्यकारिणी सदस्य ने की निंदा



**शाह टाइम्स, ब्यूरो।**

**मुरादाबाद।** लखनऊ में प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर वकीलों के 120 चौंबर तोड़ दिए गए। इस कार्रवाई का विरोध करने पर वकीलों के साथ मारपीट की गई और पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। घटना को लेकर अधिवक्ता समुदाय में भारी आक्रोश है। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दि वार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के पूर्व सीनियर कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट सुरेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि वकीलों के चौंबर तोड़ना और शांतिपूर्ण विरोध पर लाठीचार्ज करना न्याय व्यवस्था पर सीधा हमला है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। एडवोकेट गुप्ता ने पूरे देश की वार एसोसिएशनों से इस मामले में एकजुट होकर विरोध दर्ज कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज का प्रबुद्ध वर्ग है और उसके साथ इस तरह का व्यवहार निंदनीय है।

यदि वकीलों की आवाज दबाई जाएगी तो आम जनता को न्याय कैसे मिलेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो और वकीलों को हुए नुकसान की भरपाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं। अधिवक्ता संगठनों ने भी इस घटना पर कड़ा रुख अपनाने के संकेत दिए हैं।

# विकसित भारत युवा संसद में प्रतिभा दिखाने वाले दिव्य रुद्रा कोचिंग के छात्र- छात्राओं को विधायक ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के डाकबंगले के निकट स्थित सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2026 में अपने विचारों से प्रभाव छोड़ने वाली दिव्य रुद्रा कोचिंग की छात्रा अदिति जैन और छात्र दीपांश शर्मा को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। बताया गया कि 1 मई 2026 से 3 मई 2026 तक उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 कार्यक्रम में दिव्य रुद्रा कोि. चंग के दोनों प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए और क्षेत्र का नाम रोशन किया।

इस अवसर पर विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें सही मंच और मार्गदर्शन मिले तो वे समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने से अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

सम्मानित छात्रा अदिति जैन ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'उत्तर प्रदेश विधानसभा में अपने विचार रखना मेरे लिए बेहद गर्व और सीखने वाला अनुभव रहा। वहां विकसित भारत से जुड़े विषयों पर चर्चा कर बहुत कुछ सीखने को मिला। यह अवसर मेरे जीवन की बड़ी उपलब्धियों में से एक है।

वहीं छात्र दीपांश शर्मा ने कहा, युवा संसद में भाग लेकर आत्मविश्वास बढ़ा और लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को करीब से समझने का मौका मिला। विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान द्वारा सम्मानित किया जाना हमारे लिए प्रेरणादायक है और इससे आगे बेहतर करने का उत्साह मिला है। इस अवसर पर दिव्या रुद्रा कोचिंग के संचालक पुलकित शर्मा, शुभ शर्मा अब्दुल हसन, इस्लाम अंसारी, रेहान पाशा, सभासद जरीफ अंसारी, सभासद आमिल सिद्दीकी, रमाकांत सेनी, रईस, गुलफाम सिंह, बब्बू हुसैन आदि समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर यात्रियों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल में 15 मई से संच. ालित विश्व पर्यावरण दिवस जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन सहित मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान मंडल अधिकारियों, स्टेशन स्टाफ तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की टीम ने स्टेशन परिसर और ट्रेनों में यात्रियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक (एफएस) विपिन शर्मा, मंडल वाणिज्य प्रबंधक पी.एस. बघेल, सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक अंकित शर्मा एवं एच.एस. मीना ने स्टेशन परिसर तथा विभिन्न ट्रेनों में यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, मुरादाबाद मंडल की टीम ने स्टेशन के कार्यालयों, विश्रामालयों, वेटिंग रूम, सर्कुलेटिंग एरिया तथा ट्रेनों में यात्रियों और कर्मचारियों को जागरूक किया।इसी अवसर पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-1 पर आर.के. फूड प्रोडक्ट्स भोजनालय (रिफ्रेशमेंट रूम) का उद्घाटन भी किया गया। मंडल वाणिज्य प्रबंधक (एफएस) विपिन शर्मा ने फीता काटकर भोजनालय का शुभारंभ किया। इस दौरान भोजनालय संचालक आर.के. यादव ने अधिकारियों का स्वागत किया।अधिकारियों ने भोजनालय का निरीक्षण कर वहां की स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था और यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की। मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने निर्देश दिए कि यात्रियों को स्वच्छ एवं उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाएं तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।



### खुले में रखा ट्रांसफार्मर नगर के वांशिदों के लिए बना खतरा, बिजली विभाग से लगाई सुरक्षा व्यवस्था की गुहार

**ठाकुरद्वारा।** नगर के नांगलिया रोड स्थित मोहल्ला ताली में पूर्व विधायक डॉ. मोहम्मद उल्ला चौधरी के घर के सामने रखे बिजली ट्रांसफार्मर स्थानीय लोगों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। ट्रांसफार्मरों के आसपास सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने और बिजली के तार खुले पड़े होने से मोहल्लेवासियों में हादसे की आशंका को लेकर भय बना हुआ है। लोगों ने बिजली विभाग से तत्काल संज्ञान लेकर सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ट्रांसफार्मर खुले स्थान पर रखे हुए हैं और उनके चारों ओर कोई सुरक्षा जाल या लोहे की घेराबंदी नहीं की गई है। कई जगह बिजली के तार भी खुले दिखाई दे रहे हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्र में दिनभर बच्चों, महिलाओं और राहगीरों की आवाजाही रहती है। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही किसी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। अधिवक्ता सलमान सैफी ने कहा कि बिजली विभाग को जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल सुरक्षा के इंतजाम करने चाहिए। ताकि कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं की गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### थावंला गांव में बिजली समस्या को लेकर किसानों का प्रदर्शन

**बिलारी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैट ग्रुप के पदाधिकारियों ने थावंला गांव में बिजली समस्या को लेकर तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया। वहीं मांगों को लेकर ज्ञापन भी दिया। सोमवार को तहसील पहुंचे ग्रामीणों ने कहा थावंला गांव में विद्युत लाइन 4 किलोमीटर घूम कर आ रही है जबकि गांव से बिजली घर की दूरी मात्र 1 किलोमीटर है। ग्रामीणों ने कहा कि स्मार्ट मीटर में अधिक बिल आ रहा है, जिसकी वजह से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही दिन भर में चार से पांच घंटे ही बिजली मिल पा रही है। सफीलपुर फीडर के जेई का व्यवहार आम लोगों के प्रति अच्छा नहीं है। इस दौरान तहसील अध्यक्ष रनवीर सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष माजिद हुसैन,मंडल सचिव रेहान पाशा, हाजी अख्तर हुसैन, गुड्डू कुरेशी, अभिनव चौधरी, डॉक्टर बिलाल, सरफराज हुसैन, वसीम हुसैन,इरफान हुसैन, कामरान अंसारी, धर्म सिंह जाटव, गुड्डू कुरेशी, मोहम्मद जिलानी, बबलू यादव, बलवीर ठाकुर, वीरपाल सिंह यादव,कमलेश जाटव,सानू कुरैशी आदि सहित भारी तादात में किसान मौजूद रहे।

### दुकान के बाहर शराब पीकर हंगामा विरोध करने पर दुकानदार से मारपीट

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर गांवड़ी में शराब के नशे में हंगामा कर रहे युवकों को रोकना एक दुकानदार को भारी पड़ गया। दुकान के शटर पर लात मारने से मना करने पर आरोपियों ने दुकानदार के साथ गाली-गलौंच करते हुए मारपीट कर दी। घटना के बाद इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर गांवड़ी निवासी विशाल कुमार शर्मा पुत्र अनिल शर्मा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 मई की रात करीब 9 बजे गांव के ही सागर चौहान पुत्र महेन्द्र सिंह और सत्यम उर्फ लल्ला पुत्र महावीर सिंह शराब के नशे में उसकी दुकान के बाहर पहुंचे। आरोप है कि दोनों युवक दुकान के शटर पर लगातार लात मारकर हंगामा कर रहे थे।

# सब्जी के पैसे को लेकर खूनी संघर्ष, चार पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** सब्जी के पैसे को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मारपीट और धारदार हथियार से हमले में दो लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फरीदनगर निवासी शबिस्ता पत्नी अब्दुल सलाम ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही बुन्दू पुत्र गफ्फार, इब्राहीम पुत्र बुन्दू, रईस पुत्र बुन्दू निवासीगण फरीदनगर तथा अयूब निवासी अज्ञात अक्सर दबंगई दिखाकर मुफ्त में सब्जी ले जाते थे और पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देते थे। पीड़िता के अनुसार रविवार सुबह इब्राहीम ने अब्दुल सलाम से सब्जी लेने के बाद पैसे मांगने पर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि कुछ ही देर बाद वह अपने भाई रईस और अयूब के साथ लाठी-डंडे और छुरी लेकर पहुंच गया और हमला बोल दिया। हमले में अब्दुल सलाम गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे उनके भाई नूर हसन को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। आरा. ेप है कि रईस ने नूर हसन के सिर पर छुरी से वार कर दिया। घटना के बाद आरोपी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल अब्दुल सलाम को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नूर हसन का भी उपचार कराया गया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# राजकुमार सिंह बने ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, पंकज को मिली महामंत्री की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के स्थानीय निकाय चुनाव संपन्न हो गए हैं, जिसमें राजकुमार सिंह को नया अध्यक्ष और पंकज कुमार को महामंत्री चुना गया है। यह चुनावी प्रक्रिया मुरादाबाद जिले के ठाकुरद्वारा स्थित क्षेत्र पंचायत कार्यालय सभागार में बेहद शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण माहौल में आयोजित की गई।इस पूरे चुनाव का सफल संच. ालन और निगरानी भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के राष्ट्रीय संचालक राकेश दानव तथा वाल्मीकि समाज के चौधरी मुकेश कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव परिणामों की घोषणा होते ही सभागार में हर्ष का माहौल छा गया। मुख्य मुकाबले में खरूल्लेपुर निवासी व पूर्व प्रधान राजकुमार सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी कमल कुमार को कड़े मुकाबले में 31 मतों के अंतर से पराजित कर अध्यक्ष पद पर शानदार जीत दर्ज की।वहीं, दूसरी ओर महामंत्री पद के लिए हुए कड़े चुनावी मुकाबले में पंकज कुमार ने बाजी मारी। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नरेंद्र नाग को 15 वोटों के अंतर से शिकस्त देकर महामंत्री पद पर अपना कब्जा जमाया। इसके अतिरिक्त सर्वसम्मति और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें शीतल प्रसाद को कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार को संगठन मंत्री और महेंद्र सिंह को संप्रेषक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।राजकुमार सिंह के अध्यक्ष और पंकज कुमार के महामंत्री बनने की आधिकारिक घोषणा के बाद उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का जोरदार स्वागत किया।

संघ के कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री सहित सभी पदाधिकारियों को फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस गौरवमयी अवसर पर ठाकुरद्वारा और सुरजन नगर क्षेत्र के अधिकांश सफाई कर्मचारी और संघ से जुड़े प्रमुख चेहरे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

प्रधानाचार्य, ओक ग्रोव स्कूल, उत्तर रेलवे, झड़ीपानी, मसूरी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए निर्धारित प्रोफोर्मा पर मोहरबंद खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जोकि दिनांक **09.06.2026** को खोली जायेंगी:

**निविदा संख्या : 01/W/OGS/2026-2027**
**कार्य का नाम:** ओक ग्रोव स्कूल के लिए 01.07.2026 से 30.06.2027 की अवधि के दौरान मुर्गी के अन्डे एवं कटे व साफ किये हुए चिकन की आपूर्ति (एक साल)

| अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|
| रु. 23.18 लाख | रु. 46,360.00 | रु. 3,000.00 प्रति सेट |

**निविदा संख्या : 02/W/OGS/2026-2027**
**कार्य का नाम:** ओक ग्रोव स्कूल के लिए 01.07.2026 से 30.06.2027 की अवधि के दौरान ब्रेड एवं बन की आपूर्ति (एक साल)

| अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|
| रु. 16.08 लाख | रु. 32,160.00 | रु. 2,000.00 प्रति सेट |

**निविदा संख्या : 03/W/OGS/2026-2027**
**कार्य का नाम:** ओक ग्रोव स्कूल के लिए 01.07.2026 से 30.06.2027 की अवधि के दौरान फल, हरी सब्जी, आलू एवं प्याज की आपूर्ति करना (एक साल)

| अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|
| रु. 31.89 लाख | रु. 63,780.00 | रु. 3,000.00 प्रति सेट |

**निविदा संख्या : 04/W/OGS/2026-2027-2028**
**कार्य का नाम:** ओक ग्रोव स्कूल के लिए 01.07.2026 से 30.06.2028 की अवधि के दौरान कपड़ों की धुलाई एवं इस्तरी का कार्य करना (दो साल)

| अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|
| रु. 33.92 लाख | रु. 67,830.00 | रु. 3,000.00 प्रति सेट |

कृपया ध्यान दें: 1. धरोहर राशि के बिना प्राप्त निविदा अस्वीकार कर दी जायेंगी। 2. निविदा प्रपत्र प्रधानाचार्य, ओक ग्रोव स्कूल, उत्तर रेलवे, झाड़ीपानी, मसूरी, जिला देहरादून, उत्तराखंड-248179 के कार्यालय से दिनांक **25.05.2026** से दिनांक **08.06.2026** के **17:00 बजे** तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं (डाक से निविदा प्रपत्र मंगवाने हेतु **रु. 500.00** अतिरिक्त देय होंगे, डाक से निविदा प्रपत्र मंगवाने हेतु नियत मूल्य के बैंक ड्राफ्ट सहित प्रार्थना पत्र दिनांक **23.05.2026** तक पहुँच जाना चाहिए)। निविदा प्रपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक उत्तर रेलवे मुरादाबाद के पक्ष में देय होगा। निविदा प्रपत्र की राशि वापिस नहीं की जायेगी, निविदा प्रपत्र अहस्तान्तर्नीय है। **3.** उचित रूप में सील निविदा प्रपत्र दिनांक **09.06.2026** के **12:00 बजे** तक प्रधानाचार्य, ओक ग्रोव स्कूल, उत्तर रेलवे, झड़ीपानी, मसूरी, जिला देहरादून, उत्तराखंड-248179 के कार्यालय में रखे गए निविदा बॉक्स में जमा किये जा सकते हैं एवं तदुपरान्त निविदायें तुरन्त खोली जाएंगी। उचित रूप में सील निविदा प्रपत्रों को रजिस्ट्री डाक द्वारा भी भेजा जा सकता है जो कि उपर वर्णित निश्चित तिथि एवं समय से पूर्व पहुँच जाने चाहिये। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा। **4. निविदा की वैधता अवधि:** निविदा खुलने की तिथि से **60 दिन**। **5.** निविदाकर्ता निविदा प्रपत्र में धरोहर राशि, निविदा फार्म की कीमत से सम्बन्धित शर्तों एवं अन्य शर्तों को ध्यान से पढ़ लें। **6.** निविदा सूचना ओक ग्रोव स्कूल की वेबसाईट www.oakgrovejharipani.in एवं उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.nr.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र भी इस वेबसाईट पर दिनांक **25.05.2026** से दिनांक **08.06.2026** के **17:00 बजे** तक उपलब्ध रहेगा।

**सं.: 01-04/W/OGS/2026-2027 दिनांक: 14.05.2026** **1647/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पंचायत चुनाव में देरी पर बढ़ी चिंता

**कुन्दरकी।** प्रदेश में ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्ति की ओर बढ़ने के साथ ही पंचायत चुनाव प्रक्रिया शुरू न होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में चिंता बढ़ने लगी है। क्षेत्र के ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों ने पंचायतों में दोबारा प्रशासक व्यवस्था लागू किए जाने की आशंका जताते हुए सरकार से समय रहते पंचायत चुनाव कराने की मांग उठाई है। ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम पंचायतें भारतीय लोकतंत्र की सबसे मजबूत और मूल इकाई हैं। गांव की जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से ही विकास योजनाओं का संचालन पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ होता है। ऐसे में यदि पंचायतों में पुन: प्रशासक व्यवस्था लागू की जाती है तो इससे पंचायतों की स्वायत्तता और ग्रामीण जनता की भागीदारी प्रभावित होगी। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में प्रशासक व्यवस्था लागू होने के दौरान पंचायतों में कई प्रकार की प्रशासनिक और विकास संबंधी समस्याएं सामने आई थीं। चुने हुए प्रतिनिधियों के अभाव में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान भी प्रभावित हुआ था। इसी कारण अब ग्रामीण जनता चाहती है कि पंचायत चुनाव समय पर कराए जाएं ताकि गांवों में लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत बनी रहे। ज्ञापन में सरकार से मांग की गई कि पंचायत व्यवस्था और ग्रामीण लोकतंत्र की रक्षा के लिए जल्द से जल्द पंचायत चुनाव प्रक्रिया शुरू कराई जाए तथा पंचायतों में प्रशासक व्यवस्था लागू करने से बचा जाए। ग्रामीणों ने कहा कि चुनी हुई पंचायतें ही गांवों के विकास और जनता की आवाज को सही तरीके से आगे बढ़ा सकती हैं। शफीक चौधरी, फरमान खान, रियाज उद्दीन, गुलाबशाह, इंतखाब, प्रशांत, फारुख विशेष, राशिद, नाजिम, गुलफाम, अजय, इमरान, अशरफी आदि लोग मौजूद रहे।




**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# दो बच्चों के बाप की दूसरी शादी का बेटी ने खोला राज, पंचायत में मामला रफा-दफा

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब बारात आने से ठीक पहले दूल्हे की बेटी ने फोन कर दुल्हन पक्ष को उसके पिता की सच्चाई बता दी। बेटी ने बताया कि जिस व्यक्ति की बारात आने वाली है, वह पहले से शादीशुदा है और उसकी मां से कोर्ट मैरिज कर चुका है। इतना सुनते ही दुल्हन पक्ष के लोगों के होश उड़ गए और मामला सीधे कोतवाली पहुंच गया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में जनपद रामपुर के थाना स्वार क्षेत्र से बारात आनी थी। शादी की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। देर रात तक बारातियों के स्वागत के लिए करीब चार कुंतल मुर्गा समेत अन्य भोज्य सामग्री तैयार की जा चुकी थी और घर में खुशी का माहौल था। तभी देर रात दुल्हन पक्ष के पास एक बच्ची का फोन पहुंचा। फोन करने वाली बच्ची ने खुद को दूल्हे की बेटी बताते हुए कहा कि उसके पिता पहले से शादीशुदा हैं और उसकी मां से कोर्ट मैरिज कर चुके हैं। बच्ची ने यह भी बताया कि उसके पिता हल्द्वानी में खराद मशीन चलाते थे और उनकी दुकान के ऊपर उसकी मां रहती थी, जहां दोनों के बीच संबंध बने और बाद में कोर्ट मैरिज हुई। बच्ची ने दुल्हन पक्ष से हाथ जोड़कर बारात लौटा देने की अपील की। यह जानकारी मिलते ही दुल्हन पक्ष के परिवार में अफरा-तफरी मच गई । सोमवार सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन कोतवाली पहुंच गए और कार्रवाई की मांग करने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाल मनोज परमार ने दूल्हा पक्ष को तत्काल कोतवाली बुलाया। बाद में नगर पालिका परिषद परिसर में दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई। पंचायत में दूल्हा और उसके परिजनों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए हाथ जोड़कर माफी मांगी। साथ ही दुल्हन पक्ष को पांच लाख रुपये देने का आश्वासन दिया गया। पंचायत में दूल्हा पक्ष पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। इस दौरान कांग्रेस नेता डॉ. मोहम्मद हनीफ, पूर्व प्रधान इलियास अहमद समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# चेन्नई ने हैदराबाद को 181 रन का टारगेट दिया

## तेज शुरूआत के बाद लड़खडाए चेन्नई सुपरकिंग्स के शेर, हैदराबाद के गेंदबाजों ने की कसी हुई गेंदबाजी

■ ब्रेविस ने 44 रन बनाए, कमिंस को 3 और साकिब को 2 विकेट

**चेपाक, वार्ता।** आईपीएल सोमवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 181 रन का टारगेट दिया है। चेन्नई ने चेपाक में टॉस जीतकर 20 ओवर में 7 विकेट पर 181 रन बनाए। चेन्नई की शुरुआत शानदार रही, संजू सैमसन ने सिर्फ 13 गेंदों में 27 रन ठोक दिए।

इसके बाद कार्तिक शर्मा ने 19 गेंदों पर 32 रन की तेज पारी खेली, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 27 गेंदों में 44 रन बनाकर पारी को संभाला। अंत में शिवम दूबे ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में पैट कमिंस सबसे सफल रहे। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 28 रन



देकर 3 बड़े विकेट झटके। साकिब हुसैन ने 2 विकेट लिए, जबकि ईशान मलिंगा और प्रफुल हिंगे को 1-1 सफलता मिली। ईशान मलिंगा ने डेथ ओवर्स में हैदराबाद को बड़ी सफलता दिलाई। शानदार लय में दिख रहे डेवाल्ड ब्रेविस 27 गेंदों में 44 रन बनाकर बोल्ड हो गए। मलिंगा की लेंथ गेंद पिच से तेजी के साथ अंदर आई। ब्रेविस ने उसे लेग साइड में खेलने की को. शिश की, लेकिन गेंद की रफ्तार से चकमा खा गए और स्टंप्स बिखर गए। ब्रेविस ने 2 चौके और 4 छक्कों की मदद से तेज पारी खेली, हालांकि वह अपने अर्धशतक से चूक गए। कमिंस ने अपने स्पेल का शानदार अंत किया। आखिरी ओवर में कुछ रन जरूर गए, लेकिन उन्होंने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 बड़े विकेट हासिल किए। 12वें ओवर में कमिंस ने गायकवाड का बड़ा विकेट हासिल कर लिया। कमिंस की शार्ट गेंद पर गायकवाड पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के निचले हिस्से पर लगी और हवा में चली गई। ईशान मलिंगा ने आसान कैच पूरा किया। गायकवाड 21 गेंदों में सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हुए। 10वें ओवर में कमिंस ने एक बार फिर बड़ा विकेट निकालकर हैदराबाद को मैच में मजबूत वापसी दिलाई। कार्तिक शर्मा 19 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हो गए। कमिंस ने 117 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धीमी बैक-आफ-लेंथ गेंद डाली। कार्तिक ने ऑफ साइड पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद में पर्याप्त गति नहीं थी। उनका शाट सीधे डीप कवर पर खड़े नीतीश रेढी के हाथों में गया, जिन्होंने दाईं ओर दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। कमिंस का मैच में यह दूसरा विकेट रहा। चेन्नई ने 8 ओवर के बाद 79/2 का स्कोर बना लिया है। कार्तिक शर्मा ने प्रफुल हिंगे के ओवर में कार्तिक ने 16 रन बटोर लिए।

## कामी ने माउंट कोमोलांगमा पर 32वीं बार चढ़ाई करके रिकॉर्ड तोड़ा



**काठमांडू, वार्ता।** नेपाल के जाने-माने पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने माउंट कोमोलांगमा पर 32वीं बार चढ़ाई कर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे अधिक बार चढ़ने के अपने विश्व रिकॉर्ड और मजबूत कर लिया। नेपाल के पर्यटन विभाग ने रविवार को बताया कि 55 साल के कामी रीता स्थानीय समयानुसार सुबह 10:12 बजे 8,848-86 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। विभाग ने कहा कि कोमोलांगमा आधार शिविर में डिपार्टमेंट के फील्ड ऑफिस से मिली जानकारी के आधार पर, यह चढ़ाई 14 पीक्स एक्सपीडिशन के एक ग्रुप को लीड करते हुए पूरी की गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उनके सबसे करीबी कॉम्पिटिटर पासंग दावा शेरपा हैं, जो माउंट कोमोलांगमा की चोटी पर 29 बार पहुंच चुके हैं। कामी रीता ने पहली बार 1994 में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई की थी और तब से वे दुनिया भर में पर्वतारोहण करने वाले सबसे मशहूर लोगों में से एक बन गए हैं।

# सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय

## राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 रन पूरे किए, यशस्वी ने टी-20 क्रिकेट में 4 हजार रन पूरे किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2026 के 62वें मैच में राजस्थान रायल्स को 5 विकेट से हरा दिया। वैभव सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। वहीं, केएल राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 रन पूरे किए। यशस्वी जायसवाल ने टी-20 क्रिकेट में अपने 4 हजार रन पूरे किए। राजस्थान के ओपनर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में 44 छक्के लगा चुके हैं।

वे किसी एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के अभिोक शर्मा का 42 छक्कों का रिकार्ड पीछे छोड़ा। वैभव सूर्यवंशी ने इस सीजन तीसरी बार अपनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। आईपीएल इतिहास में एक सीजन में तीन बार पहली गेंद पर सिक्स लगाने वाले



बल्लेबाजों की सूची में अब उनका नाम भी शामिल हो गया है। उनसे पहले शाहरुख खान ने 2023, सुनील नरेन 2025, देवदत्त पडीक्कल 2026 में ऐसा कर चुके हैं। आईपीएल में यह 8वीं बार रहा, जब वैभव ने अपनी पारी की शुरुआत सिक्स से की। राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 से ज्यादा रन पूरे किए। वह अब आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा 500 रन वाले सीजन खेलने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इस मामले में सिर्फ विराट कोहली उनसे आगे हैं। राहुल ने लगातार तीसरे आईपीएल सीजन में 500 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 2024, 2025 और 2026 में यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले राहुल 2018 से 2022 तक लगातार 5 सीजन 500 प्लस रन बना चुके हैं। दिल्ली के बल्लेबाज केएल राहुल ने राजस्थान के खिलाफ एक और बड़ी पारी खेलते हुए आईपीएल में अपना 9वां 50 प्लस स्कोर बनाया। इसके साथ ही वह राजस्थान के खिलाफ सबसे ज्यादा बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने एबी डिविलियर्स का रिकार्ड पीछे छोड़ा, जिन्होंने आरआर के खिलाफ 8 बार 50प्लस स्कोर बनाए थे। राहुल ने यह उपलब्धि सिर्फ 19 पारियों में हासिल की। राहुल आईपीएल इतिहास में 50 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले सिर्फ पां. चवें बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में विराट कोहली सबसे आगे हैं, जिनके नाम 76 फिफ्टी प्लस स्कोर हैं। राहुल और अभिोक पोरेल ने राजस्थान रायल्स के खिलाफ 105 रन की नाबाद साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआत से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। यह राजस्थान के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की चौथी 100 प्लस रन की साझेदारी रही। राजस्थान रायल्स के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने टी-20 क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए।

उन्होंने यह उपलब्धि 129 पारियों में हासिल की। वह सबसे कम पारियों में 4000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने राजस्थान रायल्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। वह आईपीएल में आरआर के खिलाफ 4 विकेट लेने वाले दूसरे दिल्ली तेज गेंदबाज बने। इससे पहले उमेश यादव ने 2013 में इसी मैदान पर 4/24 का स्पेल डाला था। राजस्थान रायल्स के कप्तान रियान पराग ने सिर्फ 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। यह उनके आईपीएल करियर की सबसे तेज फिफ्टी रही। उन्होंने 13.2 ओवर में अक्षर पटेल की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

### खेल विशेष

## भारत मलेशिया मास्टर्स में 26 सदस्यीय टीम उतारेगा

**कुआलालंपुर, वार्ता।** पेरिस 2024 के सेमी-फाइनलिस्ट लक्ष्य सेन मंगलवार को मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में खेलने वाली 26 सदस्यों वाली भारतीय टीम में सबसे बड़े आर्काण होंगे। कुआलालंपुर के स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में कल से शुरू होने वाले मलेशिया मास्टर्स से पीवी सिधु के हटने और पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाले डबल्स स्टार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के नहीं खेलने के फैसले के साथ, भारत टूर्नामेंट में अधिकतर युवा टीम उतारेगा। पुरुषों के एकल में, लक्ष्य को आठवीं सीड दी गई है और मेन ड्रॉ में उनके साथ 2023 मलेशिया मास्टर्स चैंपियन एचएस प्रणय, किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली होंगे। एस शंकर मुथुसामी क्वालिफायर से शुरुआत करेंगे।

## पहलवान महेंद्र पृथ्वीराज को हराकर 'हिंद केसरी' बने

**कोल्हापुर, सतारा, वार्ता।** महाराट्र के पहलवान महेंद्र गायकवाड़ ने सतारा के छत्रपति शाहू स्टेडियम में हुई दो दिन की 52वीं हिंदी केसरी कुश्ती चैंपियनशिप में पृथ्वीराज मोहोल को हराकर मशहूर 'हिंद केसरी' का खिताब जीता। राजेश्वर प्रतिठान और तालीम संघ ने इस चैंपियनशिप का आयोजन किया। सतारा में पहली बार यह कुश्ती चैंपियनशिप खेली गई। 'हिंद केसरी' खिताब के लिए एक फाइनल कुश्ती मुकाबला कल देर रात 12 बजे के बाद हुआ, जिसमें बहुत कांटे का मुकाबला हुआ जिसमें पृथ्वीराज मोहोल घायल हो गए और आगे खेलने से मना कर दिया। इसी आधार पर, रेफरी ने गायकवाड़ को हिंदी केसरी खिताब का विजेता घोाित किया। महिलाओं के ग्रुप में, काजल दोचक (हरियाणा) ने खुशी दलाल (दिल्ली) को पॉइंट्स के आधार पर हराकर 'महिला हिंदी केसरी' का खिताब जीता।


## उ. कोरिया ने रिकॉर्ड पांचवां एएफसी अंडर17 एशियन कप खिताब जीता

**सूजौ, वार्ता।** यू जोंग हयांग के चार गोल की मदद से उत्तर कोरिया ने जापान को 5-1 से हराकर एएफजी अंडर17 महिला एशियन कप का खिताब अपने नाम किया। यू ने रविवार को सूजौ स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 30वें मिनट में स्कोरिग शुरू की, एक क्रॉस को चेस्ट करके गोल किया, जब एक टीममेट का शॉट स्कफ हो गया था। उन्होंने दूसरे हाफ के पांच मिनट बाद जापानी गोलकीपर के ऊपर से लॉब फिनिश करके बढ़त दोगुना कर दिया। जापान ने 53वें मिनट में युमी हयाशी के जरिए एक गोलकर वापसी का प्रयास किया किया, लेकिन यह स्थिति सिर्फ दो मिनट तक ही रही क्योंकि किम वोन सिम ने यू की मदद से उत्तर कोरिया की दो गोल की बढ़त वापस दिला दी।

# एमएस धोनी एनएसजी कमांडो ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे

**चेन्नई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स (एनएसजी) के रीजनल हब पहुंचे। यहां उन्होंने सब-मशीनगन चलाई और पिस्टल से निशाना लगाया। 44 साल के धोनी ने कमांडोज और उनके परिवार के साथ समय बिताया। उन्होंने कमांडोज से पूछा- फिट लग रहा हूं न। इस पर जवानों ने कहा- पिछली बार से ज्यादा फिट लग रहे हैं। रविवार को धोनी ने कहा- जैसे-जैसे टाइम बढ़ता है, मेहनत ज्यादा करनी पड़ती है। वे 2023 में भी एनएसजी कैंप में शामिल हो चुके हैं।

धोनी चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं। हालांकि, वे चोटिल होने के कारण इस सीजन में अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाए



हैं। आज चेन्नई में सीएसके के आखिरी मैच में उनके खेलने की उम्मीद जताई जा रही है। एमएस धोनी टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। वे पैराशूट रेजीमेंट की 106 पैरा टेरिटोरियल आर्मी बटालियन का हिस्सा हैं। उन्होंने कश्मीर में भारतीय सेना के साथ दो हफ्ते की ट्रेनिंग भी की। बाद में उनका बूट पालिश करते हुए फोटो भी सामने आया था। चेन्नई को आज सनराइजर्स हैदराबाद के साथ चेपक स्टेडियम में खेलना है। उम्मीद लगाई जा रही है कि धोनी इसमें खेल सकते हैं।

# भुवनेश्वर ने पर्पल कैप बढ़त मजबूत की

■ कोहली, राहुल ऑरेंज कैप तालिका में आगे बढ़े

**धर्मशाला, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के रॉयल चैलेंजर्स बनाम पंजाब किंग्स तथा दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार खेले गए मुक. ाबलों के दौरान जहां भुवनेश्वर कुमार ने पंजाब किंग्स के दो विकेट झटक कर पर्पल कैप तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली है।

वहीं ऑरेंज कैप सूची में विराट कोहली और केएल राहुल भी आगे बढ़े है। भुवनेश्वर कुमार का पंजाब किंग्स के खिलाफ भी विकेट लेने का सिलसिला जारी रहा है और उन्होंने सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य एवं प्रभसिमरन सिंह को पहले एवं




तीसरे ओवर में ही आउट कर दिया। उन्होंने 38 रन देकर दो विकेट लिए। जहां उनकी इस सीजन इकॉनमी 7-70 है तो वहीं इस मैच में उन्होंने 9-50 की इकॉनमी से रन खर्च किए। इन दो विकेटों के साथ उनके इस सीजन 24 विकेट हो गए हैं जो दूसरे स्थान पर मौजूद कगिसो रबाडा से तीन अधिक हैं। इसके अलावा वह चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज से पांच विकेट आगे हैं। शाम वाले मैच में जोफ्रा आर्चर ने 35 रन देकर दो विकेट लिए और बेहतरीन वापसी की। आर्चर 17 विकेट के साथ चौथे स्थान पर आ गए हैं। चार अन्य गेंदबाजो के नाम 16 विकेट हैं। ऑरेंज कैप सूची में आरसीबी के विराट कोहली ने 37 गेंदों में 58 रनों की पारी खेली और कूपर कॉनली ने भी 22 गेंदों में 37 रन बनाए।

दोनों ने बल्लेबाजों पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम की जीत में अहम योगदान दिया। कोहली के इस सीजन 542 रन हो चुके हैं और वह शीर्ा दो पर मौजूद गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (554 रन) और शुभमन गिल (552 रन) के करीब आ गए हैं। कॉनली के अब 473 रन हैं और वह आठवें स्थान पर हैं। दिन के दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराया जिसमें वैभव सूर्यवंशी ने 21 गेंदों में 46 रनों की पारी खेली और केएल राहुल ने 42 गेंदों में 56 रन बनाए। इस पारी के साथ ही राहुल ने सनराइजर्स हैदराबाद के हाइनरिक क्लासन को पांचवें स्थान पर धकेल दिया और खुद 533 रनों के साथ चौथे स्थान पर आ गए हैं। 486 रनों के साथ सूर्यवंशी छठे स्थान पर हैं।

# इंग्लैंड के एरॉन राय ने जीता यूएस पीजीए का खिताब

**पेन्सिलवेनिया, वार्ता।** इंग्लैंड के एरॉन राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस पीजीए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। यह उनके करियर का पहला बड़ा खिताब है। वह एक सदी से ज्यादा समय में वानामेकर ट्रॉफी जीतने वाले पहले इंग्लिश खिलाड़ी है। और एक दशक में जीतने वाले पहले गैर-अमेरिकी है।

पिछले चार दिनों में जिस कोर्स सेट-अप ने कई लोगों के दिमाग को उलझाया हुआ था, उस पर 31 साल के राय ने रविवार के आखिरी राउंड में साफ और शांत होकर खेला। वॉल्वरहैम्प्टन में जन्मे राय ने खुद को लीड में लाने के बाद, एक जादुई पल ने यह पक्का कर दिया कि वे गोल्फ की दुनिया में हमेशा याद किए जाएंगे। 17वें ग्रीन पर 69 फुट का पुट लगाकर - जो पूरे हफ्ते का दूसरा



सबसे लंबा पुट था, जीत लगभग पक्की कर दी। इससे राय, जो कभी किसी मेजर में टॉप 10 में नहीं रहे थे, को शानदार फाइव-अंडर-पार 65 का स्कोर बनाने और कुल मिलाकर नौ अंडर पर रहने में मदद मिली। यह स्पेन के दो बार के मेजर चैंपियन जॉन रहम और अनजान अमेरिकी एलेक्स स्माले - जो रातों-रात लीडर बने थे, से तीन शॉट आगे रहने के लिए काफी था, जो संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। राय ने कहा, यह बहुत अजीब है, जिन्हें इस साल गर्दन की चोट के कारण कई बार अभ्यास करने में दिक्कत हुई है। यह एक निराशाजनक सीजन रहा है, इसलिए यहां खड़ा होना मेरी सोच से भी परे है। रहम और स्माले के पीछे, अमेरिका के दो बार के चैंपियन जस्टिन थॉमस, स्वीडन के लुडविग एबर्ग और कम जाने-माने जर्मन मैथियास श्मिड के बीच पांच अंडर पर तीन-तरफा टाई था। पूर्व वर्ल्ड नंबर एक थॉमस ने पांच-अंडर 65 के बाद शुरुआती टारगेट पोस्ट किया था, फिर क्लब हाउस में बैठकर सब्र से इंतजार किया, और जीतने के लिए थोड़ी मदद की उम्मीद की।

हवा वैसी तेज नहीं हुई जैसी थॉमस ने उम्मीद की थी। फिर भी, पेन्सिलवेनिया की धूप में बहुत ज्यादा ढलान वाले ग्रीन्स मजबूत थे और मोटी रफ लगातार पेनल्टी वाली थी, इसलिए स्कोरिग के मौके कम ही रहे। पूरे हफ्ते ऐसा लगा कि जो स्ट्रेटेजिक सोचेगा वही जीतेगा, और राय, जो टूर पर अपनी मेहनत के लिए जाने जाते हैं, ने ध्यान से जीत का रास्ता बनाया। टी से अपनी बॉल को फेयरवे पर रखना एक असरदार टैक्टिक साबित हुई।

# महवश ने चहल संग रिश्ते की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

■ कहा: युजवेंद्र को एक अच्छे दोस्त की जरूरत थी, मैं दोस्ती अच्छे से निभाती हूं

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक्ट्रेस और कंटेंट क्रिएटर आरजे महवश ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ अपने रिश्ते को लेकर चल रही अफवाहों पर रिएक्शन दिया। महवश ने कहा कि उनके और चहल के बीच सिर्फ दोस्ती थी। हाल ही में दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफालो किया था, जिसके बाद चर्चाएं तेज हो गईं। इस पर महवश ने पिंकविला को दिए इंटरव्यू में कहा, श्लोगों का यह है ना कि चीजों को बहुत बड़ा बना देते हैं।

इतनी कोई बड़ी बात नहीं होती, जब आप खुद उस चीज से गुजर रहे होते हो। दोस्तों में बहस हो गई, अनफालो हो गया और बात खत्म। इसमें इतनी बड़ी बात है ही नहीं। उन्होंने कहा कि जिन दोस्तों के साथ आपने छोटी-छोटी बातों पर हंसते हुए वक्त बिताया हो, उनके लिए दिल में बैर नहीं रखना चाहिए।

मैं हमेशा उन्हें आल द बेस्ट विश करूंगी और मेरी शुभकामनाएं हमेशा उनके साथ रहेंगी। साल 2025 में चहल और धनश्री के तलाक के बाद चहल और महवश को कई बार साथ देखा गया, जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चा होने लगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनकी और चहल की दोस्ती से बढ़कर भी कुछ था, तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। महवश ने कहा, 'नहीं, ऐसा कुछ नहीं था। मैं दोस्ती बहुत अच्छे से निभाती हूं। उस समय उन्हें एक अच्छे दोस्त की बहुत जरूरत थी।' महवश ने चहल के मेंटल स्ट्रगल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'जैसा कि उन्होंने अपने पाडकास्ट में बताया था कि उनके मन में सुसाइडल थाट्स आ रहे थे। उस समय हम सब कोशिश कर रहे थे कि किसी तरह उनका आईपीएल सीजन अच्छे से निकल जाए। हम सबने मिलकर उनका जितना साथ दे सकते थे, दिया।' उन्होंने यह भी कहा कि मेरे लिए बस इतना था कि अपने दोस्त के साथ खड़े रहना है। हम ऐसे वक्त में उनके साथ थे। महवश ने यह भी साफ किया कि अगर आगे उनकी और चहल की मुलाकात होगी, तो सब पहले जैसा ही रहेगा। उन्होंने कहा कि हम वैसे ही मिलेंगे जैसे हमेशा मिलते थे।

# शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की पार्किंग में धूं-धूं कर जलीं दो कारें, मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित मधुबनी चौराहे के पास बने एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की पार्किंग में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पार्किंग में खड़ी दो कारों में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना के समय बड़ी संख्या में लोग शॉपिंग करने के लिए कॉम्प्लेक्स में मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले एक कार से धुआं निकलता दिखाई दिया, जिसके कुछ ही देर बाद आग की तेज लपटें उठने लगीं। आग ने पास में खड़ी दूसरी कार को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि पार्किंग के किनारे लगा एक पेड़ भी जल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। काफी देर तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान पार्किंग क्षेत्र को खाली कराया गया ताकि कोई बड़ा हादसा न हो सके। हालांकि आग लगने से दोनों कारों को भारी नुकसान पहुंचा है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अगवानपुर निवासी जुनैद ने बताया कि वह विशाल मेगा मार्ट में शॉपिंग करने आए थे। उन्होंने कहा कि उनकी गाड़ी में पहले से कोई खराबी नहीं थी और आखिर आग कैसे लगी, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है।फिलहाल आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस और फायर विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट समेत अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।



# ट्रैक्टर की टक्कर से घायल दूसरे बाइक सवार की भी इलाज के दौरान मौत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सड़क दुर्घटना में घायल दूसरे की भी उपचार के दौरान मौत हो गई मृतक का शाम को दफीना कर दिया गया। भीकनपुर निवासी राजपाल सिंह का लड़का जितेंद्र अपने साथी नसीम निवासी भीकनपुर के साथ छजलैट से घर वापस जा रहा था जब वह ढाका धर्म कांटे के सामने पहुंचा तो एक ट्रैक्टर जिसमें लकड़ी भरी हुई थी ने लापरवाही से ट्रैक्टर चला कर लड़के की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिसमें जितेंद्र और उसके साथी नसीम पुत्र बुन्दू को काफी चोटे आई एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी कांठ में ले जाया गया लेकिन हालत खराब होने पर दोनों को जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया उपचार के दौरान जितेंद्र की मौत हो गई। मृतक के पिता राजपाल सिंह ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई लेकिन आज दूसरे घायल नसीम ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया मौत की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवाया शव गांव आया तो परिवार में को. हराम मच गया बताया गया कि मृतक के सात बच्चे हैं जिनमें एक लड़का पिछले महीने आई आंधी में पेड़ टूटने के कारण दबने से घायल हो गया था जिसका अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। परिजनों ने देर शाम मृतक को सुपुर्दे खाक किया है।

## एक नजर

### पीएमश्री विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से किया जाएगा लैस

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जिले के 15 पीएमश्री विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में जिला प्रशासन अब नई पहल करेगा।बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में जिला प्रशासन की ओर से आर्किटेक्ट भेजे जाएंगे, जो विद्यालयों में शौचालय, हाल, कक्षाओं समेत अन्य आवश्यक निर्माण कार्यों का नक्शा तैयार करेंगे। यह व्यवस्था निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

पीएमश्री विद्यालयों में एक समान भौगोलिक संरचना विकसित की जाएगी। सभी विद्यालयों में एक जैसे विज्ञान कक्ष, समान कंप्यूटर लैब और बहुउद्देशीय हाल बनाए जाएंगे। इन हाल का उपयोग ग्राम सभा एवं अन्य सामुदायिक बैठकों के आयोजन के लिए भी किया जा सकेगा।

### साक्षी सेवा समिति की नगर कार्यकारिणी का शपथग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित



**चन्दौसी।** साक्षी सेवा समिति चन्दौसी के तत्वावधान में सोमवार को नगर कार्यकारिणी शपथग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा, प्रबंधक विनयपाल सिंह एडवोकेट, विशिष्ट अतिथि डॉ. सौरभ गुप्ता, दीपक राठौर एडवोकेट, संजय शर्मा एडवोकेट एवं सीता अग्रवाल द्वारा भगवान श्रीगणेश एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कल्याण मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। कार्यक्रम में साक्षी स्टार सदस्यों ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कु. समृद्धि ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग दिया। इसके पश्चात समिति के विशिष्ट सदस्य डॉ. सौरभ गुप्ता ने स्टार अध्यक्ष बबिता बिंदल, सचिव विजयलक्ष्मी यादव, कोषाध्यक्ष दमयंती सिंह सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा ने बताया कि साक्षी सेवा समिति समय-समय पर गौसेवा, भीषण गर्मी में शरबत वितरण, नेत्र परीक्षण शि. विर, निर्धन कन्याओं की शिक्षा एवं विवाह में सहयोग तथा बच्चों के मान. सिक विकास के लिए कला एवं लेखन प्रतियोगिताओं जैसे सामाजिक कार्य करती रहती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया।

समारोह में बबिता बिंदल, जयश्री, उर्मिला शर्मा, मनी पोरवाल, रानी शर्मा, सुनीता शर्मा, रेनू शर्मा, नीलम राय, एडवोकेट दीपा सिंह, एडवोकेट शिप्रा शर्मा, एडवोकेट सफिया कादिर, एडवोकेट राहुल मिश्रा, एडवोकेट एकता अग्रवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### जलभराव और नाला निर्माण की समस्या लेकर पहुंचीं महिलाएं

**चन्दौसी।** नगरपालिका परिषद में एक ओर बजट बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया, वहीं दूसरी ओर चेयरमैन प्रतिनिधि अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान मोहल्ला हनुमानगढ़ी की महिलाओं ने जलभराव और नाला निर्माण की समस्या को लेकर नगरपालिका पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। महिलाओं का कहना था कि क्षेत्र में नाला सही तरीके से न होने के कारण जलभराव की स्थिति बनी रहती है, जिससे आवागमन में परेशानी के साथ गंदगी और बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने जल्द से जल्द नाला निर्माण कराए जाने की मांग की। इस पर चेयरमैन प्रतिनिधि अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि समस्या को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही इसका समाधान कराया जाएगा। उन्होंने लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की।



### कुंदरकी हुजूर सरकार सैयद दादा मियां का उर्स मुबारक आज से शुरू

**कुंदरकी।** मोहल्ला तकिया अरब शाह सादात पूर्वी में हुजूर सरकार सैयद दादा मियां का उर्स मुबारक 18 में से शुरू हो चुका है 19 मई को महफिले समा और 19 तारीख को ही दादा मियां में से ही मजार से कुंदरकी की मैं मुख्य बाजार से होते हुए चादर दादा मियां में शाम को पेश की जाएगी 20 मई को महफिले कव्वाली हिंदुस्तान का मशहूर सिंगर हमसर हयात निजामी 21 तारीख को सुबह 9:30 पर कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी इस मौके पर मौजूद रहे वारिस अली शाह जावेद अल्वी कौसर अल्वी कासिम अल्वी बबलू शेख लाइक शेख हारून शाह सब्बू शादाब उर्स मीडिया प्रभारी रिजवान अशरफी हजारों की तादाद में अकीदत लोग मौजूद रहे।



# घर में काम करने वाली महिला पर सोना चोरी करने का आरोप

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बारहसैनी निवासी अरुण अग्रवाल पुत्र अमरनाथ अग्रवाल ने घर में काम करने वाली महिला पर करीब 14 से 15 तोला सोना चोरी करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पीडिघ्त के अनुसार उन्होंने थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला को 21 अप्रैल 2026 को घर में साफ-सफाई और बर्तन धोने के काम पर रखा था। महिला मोहल्ला बारहसैनी में किराए के मकान में रहकर आसपास के घरों में काम करती थी। वह प्रतिदिन घर पर काम करने आती थी, लेकिन 14 मई से अचानक बिना सूचना दिए आना बंद कर दिया। पीडिघ्त ने बताया कि 15 मई को जब उन्हें सोने के आभूषणों की आवश्यकता पड़ी तो अलमारी की जांच करने पर करीब 15 तोला सोना गायब मिला। इसके बाद घर में काफी तलाश की गई और परिजनों से जानकारी की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। परिवार के सदस्यों ने बताया कि घर में काम करने वाली महिला का ही अंदर-बाहर आना-जाना रहता था, जिसके बाद उन पर शक गहरा गया। आरोप है कि महिला से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद मिला। हालांकि वह पड़ोस के एक घर में काम करने आती रही। पूछताछ करने पर उसने काम छोड़ने की बात कहते हुए बताया कि उसके पति ने मना कर दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार महिला के पास एक युवक का भी अक्सर आना-जाना था, जिसे वह अपना भाई बताती थी। बताया गया कि रविवार देर रात महिला और युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पीडित ने महिला और उसके साथी युवक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पेट्रोल-डीजल और गैस की बढ़ी कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में जिला और महानगर कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त रूप से जोरदार प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महंगाई को लेकर जनता की परेशानियों को उजागर किया।प्रदर्शन के दौरान महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जुनैद इकराम ने अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराया। उन्होंने एक मोटरसाइकिल को हाथ-ठेले पर रखकर खुद खींचा और रसोई गैस सिलेंडर हाथ में उठाकर सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।मीडिया से बात. चीत में हाजी जुनैद इकराम ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम होने के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम घ्100 के पार पहुंच गए हैं। इसके चलते राशन, सब्जी, दूध समेत रोजमर्रा की जरूरत की हर चीज महंगी हो गई है और आम जनता परेशान है।वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद गुम्बर ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई से जनता त्रस्त हो चुकी है और अब लोग सरकार को सत्ता से हटाने का मन बना चुके हैं। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक बढ़ी हुई कीमतें वापस नहीं ली जातीं, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।विरोध प्रदर्शन में अजय सारस्वत सोनी, अनूप दुबे , फहीम मिर्जा, मुशाहिद चौधरी, नजाकत अंसारी, आजम खान, अहसान चौधरी, पार्षद, मोअज्जम अली पत्रकार, शकील अहमद उर्फ अंडा, राशिद अंसारी, परवेज उर्फ नन्हे, भारतीय परवेज इस्लाम, पार्षद प्रतिनिधि अफसर अंसारी, एड फहीम, हाजी वसीम, काशिफ मुरादाबादी, इफ्तेखार मौ0, नदीम गुड्डन, जमीर अंसारी, बन्ने पहलवान, गोसिया साबिर, अफसर खान, राजा अली, शरीफ घोसी राजा, शाबू, जावेद इकवाल, दानिश कुरैशी, राजा अली,अनुराग शर्मा मुरसल. ीन, श्याम बाबू वाल्मीकि, मौ0 शमी, मकबूल मिर्जा,अनिल कुमार काले, अंजार हुसैन, आजम खान, मौ0 एहसान, जाकिर पहलवान, अब्दुल रऊफ, निसार सैफी, मुख्तियार अंसारी, अजय गोपाल रस्तोगी, शौकत, सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# गैंगस्टर एक्ट में दोषी को तीन वर्ष कारावास की सजा

**चन्दौसी।** विशेष न्यायालय गैंगस्टर एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी के न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में आरोपी अर्जुन को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार आरोपी अर्जुन पुत्र राजेन्द्र निवासी मोहल्ला चुन्नी, कस्बा एवं थाना चन्दौसी, जनपद सम्भल ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह बना रखा था। गिरोह के सदस्य सामूहिक रूप से लूट जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम देकर अवैध रूप से धन अर्जित करते थे। अभियुक्त भारतीय दंड संहिता के अध्याय 16, 17 एवं 22 में वर्णित अपराधों के अभ्यस्त अपराधी बताए गए। न्यायालय ने आरोपी अर्जुन को धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषसिद्ध पाते हुए अब तक जेल में बिताई गई अवधि 3 वर्ष 18 दिन के कारावास तथा 5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# 'संघ को जानो' प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विद्यार्थी विभाग द्वारा नगर के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 'संघ को जानो' प्रतियोगिता का आयोजन नगर के दो केंद्रों पर किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र भावना जागृत कर राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देना रहा।

प्रतियोगिता वैकल्पिक उत्तर प्रणाली पर आधारित थी। इसकी तैयारी के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 'संघ यात्रा' पुस्तिका को आधार बनाया गया, जिसमें जीवन व्यवहार, संस्कार, सामाजिक सरोकार एवं भारतीय संस्कृति से जुड़े प्रश्न शामिल थे। प्रतियोगिता के परिणाम 'द ट्यूलिप्स स्कूल' में पूज्य महापुरुषों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन के बाद घोषित किए गए। प्रथम वर्ग (कक्षा 6 से 8) में राजेश कुमार सरस्वती मंदिर के छात्र ब्रजेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चंदौसी पब्लिक स्कूल की विष्टी गौतम द्वितीय तथा सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी की पूर्वी सक्सेना तृतीय स्थान पर रहीं। द्वितीय वर्ग (कक्षा 9 से 12) में सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी के मृत्युंजय कटारिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉ. बी.आर. अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल पथरा की उजाला द्वितीय तथा सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी की संस्कृति शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। दोनों वर्गों में 10-10 सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में अध्यक्षता संचित अग्रवाल ने की, जबकि मुख्य वक्ता अनुज रहे। कार्यक्रम में नगर संघचालक विष्णु शंकर अग्रवाल, नगर कार्यवाह उदय तिवारी, विजय, संजय, पवन कुमार, अजय, अभिनव अग्रवाल समेत अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के संयोजन में विद्यार्थी विभाग से उदय, हनी, पर्व कुमार, सुलभ कुमार, मीरांश कुमार, चंदन कुमार, पिंटू, शौर्य कुमार, शाश्वत एवं वीरु कमल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन हरीश कठेरिया एडवोकेट ने किया।



# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाले कार्मिकों में श्री सरबत अंसारी संविदा परिच. ालक नजीबाबाद डिपो, श्री निवेश कुमार आउटसोर्स परिचालक बिजनौर डिपो, श्री राजीव कुमार संविदा चालक रामपुर डिपो, मो० फैजान संविदा चालक अमरोहा डिपो एवं श्री शहजाद अली संविदा चालक बिजनौर डिपो शामिल रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अनुराग यादव द्वारा सम्मानित कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए समस्त चालक/परिचालकों एवं कर्मचारियों से निगम के संचालन प्रतिफलों में निरंतर वृद्धि करने, यात्रियों को बेहतर एवं सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने तथा निगम हित में पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई। क्षेत्रीय प्रबंधक मुरादाबाद ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरित करता है तथा इससे निगम की कार्यसंस्कृति एवं प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण को मजबूती मिलती है। उक्त सम्मान समारोह में श्री नवीन कुमार गुप्ता सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (वित्त) मुरादाबाद, श्री महेंद्र सिंह सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (कार्मिक) सहित क्षेत्रीय कार्यालय मुरादाबाद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# आंबेडकर युवक संघ की ओर से जन प्रतिनिधियों व शिक्षाविदों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** रविवार को आंबेडकर युवक संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सम्मान समारोह आयोजित कर नगर एवं क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के तहत सबसे पहले कार्यकर्ता नगर पालि. का परिषद बिलारी के अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव के आवास पर पहुंचे, जहां उन्हें शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद आंबेडकर युवक संघ के पदाधिकारी बिलारी 30 विधानसभा के विधायक मोहम्मद फहीम इरफान के आवास पर पहुंचे और उन्हें भी शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान संघ पदाधिकारियों ने सामाजिक समरसता और जनसेवा में उनके योगदान की सराहना की। इसके उपरांत संघ के सदस्य राम रतन इंटर कॉलेज पहुंचे, जहां युवा प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र सिंह एवं समस्त स्टाफ को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण में उपस्थित छात्राओं को संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. कुंवर सिंह ने लगभग पांच मिनट के प्रेरणादायक संबोधन में शिक्षा, अनुशासन और समाज में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को अपनाने और शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा हथियार बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में आंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष डॉ. जगतपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. कुंवर सिंह, डॉ. विजयदीप, रामखिलाड़ी जी, राजेंद्र सिंह जी, मुनेंद्र सिंह जी, प्रेम किशोर जी, रन सिंह भारती जी सहित संगठन के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नगरपालिका बोर्ड बैठक में लाभांश बजट पास!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सोमवार को नगरपा. लिका के स्वास्थ्य विभाग सभागार में आयोजित बोर्ड बजट बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित 1 करोड़ 10 लाख रुपये लाभांश का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में वार्षिक आय-व्यय का कुल लेखा-जोखा 1 अरब 12 करोड़ 32 लाख 64 हजार रुपये प्रस्तुत किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय ने की। शासन द्वारा नामित सभासदों की उपस्थिति में बैठक शुरू हुई। बैठक में सभासदों ने नगर की विभिन्न समस्याओं को उठाया। सभासद तरुण नीरज ने भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल आपूर्ति तथा अमृत योजना के तहत डाली गई नई पाइपलाइन में लीकेज और जलापूर्ति बाधित होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन डालने के बाद जगह-जगह कनेक्शन फट रहे हैं और कई क्षेत्रों में दूसरी मंजिल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। साथ ही पानी आने-जाने का समय भी निर्धारित नहीं है। इस पर अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने कहा कि वह समस्या पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और चरणबद्ध तरीके से सुधार कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी ट्यूबवेल एक साथ चालू नहीं किए जा रहे ताकि पाइपलाइन पर दबाव कम रहे। जल्द ही ट्यूबवेलों के टेंडर जारी किए जाएंगे। सभासद जाकिर सलमानी ने शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने की मांग की। इस पर अधिशासी अधिकारी ने कहा कि अब लीकेज सुधार कार्य के लिए एक के बजाय दो या तीन फर्मों को ठेका दिया जाएगा, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। बैठक में जलकर और गृहकर वसूली का मुद्दा भी उठा। बताया गया कि जहां लगभग छह करोड़ रुपये की वसूली होनी चाहिए, वहीं वर्तमान में ढाई से तीन करोड़ रुपये के बीच ही वसूली हो पा रही है। बैठक में इंडिया मार्का हैंडपंपों की मरम्मत, नलकूपों के रिबोर, सीवर लाइन मैनहोल की सफाई, 17 नलकूपों एवं सीवर पंप स्टेशन पर शौचालय निर्माण, पार्किंग स्थल निर्माण, सोलर पैनल स्थापना, बेंडिंग जोन, नालों की सफाई, गौशाला व्यवस्था तथा जेसीबी और ट्रैक्टर मरम्मत समेत विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। नगरपा. लिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि भीषण गर्मी में नगरवासियों को पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। बैठक में प्रभाकर गुप्ता, चंद्रमोहन उर्फ राजू, अवनेश, प्रमोद वाल्मीकि, हिना गोयल, नगरेश कुमार सहित सभासद तरुण नीरज, अमन को. हली, जाकिर सलमानी, शिव कुमार, उमा श्रीवास्तव, विमलेश, निदा, रुखसाना, रियाज अहमद, सुलेखा, लोकेश, अनुराग अग्रवाल, परवीन जहां आदि मौजूद रहे।






# परीक्षा में सुधार जरूरी

नीट पेपर लीक केस में सरकार एक्शन मोड में दिख रही है और वह इस मामले में ताबड़तोड़ गिरफ्तारी कर रही है। लेकिन अगर लीक होने से पहले ही इसका पता चल जाता, तो बेहतर होता। क्योंकि विपक्ष सरकार पर हमलावर हो रहा है और कह रहा है कि सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर दिया है। विपक्ष का यह आरोप सही भी है, क्योंकि आज के युवा ही कल के भारत के  कर्णधार हैं। अगर हर साल ऐसा ही होता रहा, तो अधिकतर विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा ही छोड़ देंगे। अगर ऐसा हुआ, तो सरकार अधिकारी कहां से लाएगी। इसलिए सरकार को इस बात पर गंभीर मंथन करना चाहिए और ऐसी नीति बनानी चाहिए कि पेपर लीक ही न हों। हालांकि सरकार ने सोमवार को 10वीं गिरफ्तारी कर ली है और सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से केमिस्ट्री कोचिंग डायरेक्टर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार रविवार को सीबीआई की तलाशी के दौरान रघुनाथ के मोबाइल से नीट यूजी का लीक पेपर बरामद हुआ। सरकार को अब और मजबूती के साथ प्रतियोगी परीक्षाएं करवानी होंगी। नीट जैसी परीक्षाओं में पेपर लीक और धांधली रोकने के लिए एन्क्रिप्टेड डिजिटल पेपर लागू करनी चाहिए, जिसमें परीक्षा से कुछ मिनट पहले ही केंद्र पर पासवर्ड के जरिए पेपर प्रिंट हों। इसके अलावा एआई आधारित सीसीटीवी मॉनिटरिंग और बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन जैसे कदम बहुत जरूरी हैं। प्रश्न पत्रों को ब्लॉकचेन तकनीक और एन्क्रिप्शन के जरिए डिजिटल लॉक किया जाए। कंप्यूटर-बेस्ड टेस्टिंग मोड या हाइब्रिड मॉडल को बढ़ावा दिया जाए, जिससे शारीरिक रूप से पेपर ले जाने की आवश्यकता न पड़े। पेपर लीक करने वालों के खिलाफ सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम के तहत सख्त सजा (10 साल तक की कैद और भारी जुर्माना) सुनिश्चित की जाए। पेपर ले जाने वाले सभी वाहनों की लाइव जीपीएस ट्रैकिंग हो और वे पुलिस सुरक्षा में रहें। डबल-लॉक सिस्टम वाले स्ट्रांग-रूम में पेपर रखे जाएं और सीसीटीवी कैमरों की सीधी निगरानी केंद्रीय कंट्रोल रूम से हो। बायोमेट्रिक फिंगर प्रिंट्स, आइरिस स्कैन (आँखों की स्कैनिंग) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस सीसीटीवी का उपयोग हो, ताकि सॉल्वर गैंग या मुन्ना भाई जैसे फर्जी उम्मीदवारों को पकड़ा जा सके। परीक्षा केंद्रों के आवंटन में लॉटरी सिस्टम अपनाया जाए और कोचिंग संस्थानों से जुड़े केंद्रों को बाहर रखा जाए। एक स्वतंत्र और केंद्रीय निगरानी संस्था का गठन किया जाए, जो परीक्षा के हर चरण (पेपर सेटिंग से लेकर रिजल्ट तक) की ऑडिट कर सके और परीक्षा प्रक्रिया में इंसानी दखल को कम से कम करके पूरी तरह से स्वचालित और केंद्रीकृत व्यवस्था बनाई जाए, ताकि ऐसी परीक्षाओं में सुधार हो सके। इस बात से असहमत नहीं हुआ जा सकता कि  अगर हर साल ऐसा ही होता रहा, तो अधिकतर विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा ही छोड़ देंगे, उनका भविष्य खराब होगा।

# तेल से लेकर महंगाई तक की बढ़ेगी मार

ईरान युद्ध की वजह से दुनिया में ऊर्जा संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। यह संकट एक नए और ज्यादा खतरनाक दौर में पहुंचता दिख रहा है। दुनिया के करीब 80 देशों ने अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए इमरजेंसी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सबसे बड़ी चिंता होर्मुज स्ट्रेट को लेकर है, जहां से तेल और गैस की सप्लाई अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाई है। फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में इसे लेकर चेतावनी दी है। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर जल्द हालात नहीं सुधरे तो कच्चे तेल की कीमतों में फिर भारी उछाल आ सकता है।



फंड मैनेजमेंट कंपनी एबरडीन के मुख्य अर्थशास्त्री पाल डिगल ने कहा कि उनकी टीम ऐसे हालात पर नजर रख रही है, जिसमें ब्रेंट क्रूड आयल 180 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है। अगर ऐसा हुआ तो कई देशों में महंगाई तेजी से बढ़ेगी और मंदी का खतरा पैदा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया फिलहाल उधार के समय पर चल रही है। गर्मी का मौसम शुरू होने के कारण एयर कंडीशनर का इस्तेमाल और हवाई यात्राएं बढ़ रही हैं। इससे पेट्रोल, डीजल, जेट फ्यूल और कच्चे तेल की मांग तेजी से बढ़ रही है। दूसरी तरफ दुनिया भर में तेल का भंडार रिकॉर्ड स्तर पर तेजी से घट रहा है। आस्ट्रेलिया ने ईंधन और खाद के भंडार बढ़ाने के लिए 10 अरब डॉलर खर्च करने का फैसला किया है। फ्रांस ने कहा है कि वह अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए मदद का दायरा और बढ़ाएगा। वहीं भारत ने लोगों से अपील की है कि वे सोना कम खरीदें और विदेश यात्राओं से बचें, ताकि देश का विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित रहे।

### पांच शर्तों की वजह से अमेरिका-ईरान में नहीं बन रही बात

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव अभी भी कम नहीं हुआ है। युद्धविराम के बाद दोनों देश फिर से शांति वार्ता शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दोनों ने एक-दूसरे के सामने सख्त शर्तें रख दी हैं। ईरान की फर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान के सामने पांच बड़ी मांगें रखी हैं। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने पास मौजूद 400 किलो हाई-एनरिच्ड यूरेनियम सौंप दे। अमेरिका का कहना है कि ईरान सिर्फ एक न्यूक्लियर फैसिलिटी चालू रखे और बाकी परमाणु गतिविधियों को सीमित करे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका युद्ध में हुए नुकसान का कोई मुआवजा नहीं देगा। इसके अलावा अमेरिका ईरान की विदेशों में जमा पूरी रकम भी वापस करने के लिए तैयार नहीं है। अमेरिका 25: से भी कम राशि जारी करना चाहता है। अमेरिका की एक और शर्त यह है कि बातचीत के दौरान क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां कम की जाएं और आगे की कार्रवाई बातचीत की प्रगति के हिसाब से तय हो। इसके जवाब में ईरान ने भी अपनी पांच शर्तें रख दी हैं। ईरान ने कहा है कि वह तभी बातचीत करेगा जब पूरे क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई बंद होगी। खासतौर पर लेबनान में चल रही सैन्य गतिविधियां खत्म करनी होंगी। ईरान ने अमेरिका से सभी आर्थिक प्रतिबंध हटाने की मांग की है।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी यानी आईईए के मुताबिक, मार्च के अंत तक 55 देशों ने इमरजेंसी कदम उठाए थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 76 हो गई है। एक्सपर्ट का कहना है कि अगर आने वाले कुछ हफ्तों में युद्ध खत्म नहीं हुआ और होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह नहीं खुला, तो दुनिया मंदी की तरफ जा सकती है। यूरोपीय संघ के ट्रांसपोर्ट कमिश्नर अपोस्टोलोस त्जित्जिकोस्तास ने भी कहा कि हालात खतरनाक होते जा रहे हैं। आईईए के मुताबिक मार्च से जून के बीच दुनिया में तेल की खपत उत्पादन से करीब 60 लाख बैरल प्रतिदिन ज्यादा रही है। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह कमी 80 से 90 लाख बैरल प्रतिदिन तक हो सकती है। इस कमी को पूरा करने के लिए सरकारें और कंपनियां अपने पुराने तेल भंडार तेजी से इस्तेमाल कर रही हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से दुनिया के तेल भंडार में करीब 38 करोड़ बैरल की कमी आ चुकी है। सरकारें अपने इमरजेंसी रिजर्व से रोज 20 लाख बैरल से ज्यादा तेल बाजार में भेज रही हैं, लेकिन यह व्यवस्था जुलाई तक खत्म हो सकती है। अगर हालात और बिगड़े तो कई देशों में पेट्रोल-डीजल की राशनिंग शुरू हो सकती है। फैक्ट्रियां बंद हो सकती हैं और सप्लाई चेन पर बड़ा असर पड़ सकता है। फिलहाल ब्रेंट क्रूड की कीमत 105 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चल रही है। लेकिन एक्सपर्ट्स का कहना है कि मांग कम करने के लिए कीमतों का और ज्यादा बढ़ना पड़ सकता है। पाकिस्तान, श्रीलंका और फिलीपींस जैसे देशों में पहले से ईंधन संकट दिखने लगा है। इन देशों ने अस्थायी तौर पर चार दिन का वर्किंग वीक लागू किया है। सबसे ज्यादा असर पेट्रोकेमिकल और एविएशन सेक्टर पर पड़ रहा है। कई रिफाइनरी कंपनियां महंगा तेल खरीदने से बच रही हैं और पुराने स्टाक का इस्तेमाल कर रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि युद्ध जल्द खत्म होगा। हालांकि कुछ अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि आने वाले समय में तेल की सप्लाई सुधर सकती है और कीमतें फिर 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ सकती हैं। लेकिन अगर तेल 150 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर गया, तो दुनिया को भारी महंगाई, सप्लाई संकट और मंदी का सामना करना पड़ सकता है।

## श्रीमुख से...

### अराजकता के विरुद्ध सख्त हो जाना चाहिए



सरकारों को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जिससे संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव या जातीय द्वेष का आरोप लगे, भारत की दुनिया भर में अच्छी और अनोखी मानवतावादी पहचान बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से है, जो पूरी तरह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर आधारित है। संविधान सभी धर्मों के लोगों को एक-समान आदर-सम्मान, जान-माल और मजहब की आजादी की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद सरकारों को अराजकता के विरुद्ध सख्त हो जाना चाहिए, ताकि किसी भी सरकार पर संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव, जातीय द्वेष व पक्षपात का दोष न लगे। यह अति-चिंता की बात होनी चाहिए, जनहित में बनाए गए कानूनों का अनुपालन सभी धर्मों के लोगों पर एक समान रूप से होना चाहिए,संविधान और कानून की मान-मर्यादा बनाए रखना जरूरी है।

**सुश्री मायावती, अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

फीचर डेस्क, शाह टाइम्स

पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003
E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com

# केरलम: सतीशन ने वेणुगोपाल को पछाड़ा

केरलम के नए मुख्यमंत्री  की रेस में सतीशन के अलावा वरिष्ठ नेता के। सी। वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला भी शामिल थे, लेकिन लगातार मंथन के बाद सतीशन के नाम पर मुहर लगी। चुनाव परिणाम आने के बाद से ही सहयोगी दलों ने खुलकर सतीशन का समर्थन किया था। उन्हें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और केरल कांग्रेस (जोसेफ) जैसे सहयोगी दलों का भी समर्थन था। दोनों दल खुलकर सतीशन के समर्थन में थीं। मुख्यमंत्री की रेस में वेणुगोपाल को पीछे छोड़ने वाले सतीशन केरलम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रख्यात वकील भी हैं। वकालत की दुनिया से सक्रिय राजनीति में आए सतीशन के बारे में कहा जाता है कि वह अपने कार्यकर्ताओं के बीच खासे लोकप्रिय हैं। वह जमीनी स्तर पर काम करने के लिए जाने जाते हैं। वह एर्नाकुलम जिले की परावुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। साल 2001 में वह परावुर सीट से पहली बार विजयी हुए थे। इसके बाद से वह इस सीट पर लगातार अजेय बने रहे। सतीशन ने 2001 में पहली जीत हासिल करने के बाद 2006, 2011, और 2016 में भी जीत हासिल की। फिर 2021 के चुनाव में विजय हासिल करने हुए जीत का पंजा लगाया। 2026 में उन्होंने इस सीट पर अपनी छठी सीट पर जीत दर्ज कराई। शुरुआत में परावुर सीट नार्थ परावुर सीट हुआ करती थी। हालांकि वह स्कूली जीवन से ही छात्र राजनीति में आ गए थे और



लगातार सक्रिय रहे। वह MG यूनिवर्सिटी यूनियन के चेयरमैन रहे, जो कांग्रेस की युवा शाखा, केरल स्टूडेंट्स यूनियन का प्रतिनिधित्व करती है। बाद में वे कांग्रेस की राष्ट्रीय छात्र शाखा छैन् के सचिव बने। वह मजदूर नेता भी रहे। वे कोचीन के औद्योगिक क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक श्रमिक संघों के अध्यक्ष रहे हैं। कांग्रेस के अंदर उनकी सक्रियता भी लगातार बनी रही। सथीसन केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी सदस्य होने के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और कांग्रेस विधायक दल के व्हिप भी रहे हैं। सतीशन को किताबों का भी शौक है। वह प्रकृति प्रेमी भी हैं और उन्हें ट्रेकिंग करना भी पसंद हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा नेटूर और पनांगड से पूरी की, जबकि आगे कालेज की पढ़ाई कोचीन और तिरुवनंतपुरम से पूरी की। भावी मुख्यमंत्री ने अपनी डिग्री स्तर की पढ़ाई एर्नाकुलम के थेवारा स्थित सेक्रेड हार्ट कालेज से हासिल की, फिर उन्होंने राजगिरी कालेज ऑफ़ सोशल साइंसेज से सोशल सर्विस में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा किया। इसके बाद वह तिरुवनंतपुरम आ गए और ला एकेडमी से स्स्ठ की डिग्री हासिल ली फिर यहीं पर गवर्नमेंट ला कालेज से स्स्ड भी पूरा किया। वे एक बेहतरीन वक्ता हैं और उन्होंने केरल विधानसभा में कई अहम मुद्दे उठाए हैं। चुनाव हलफनामे के अनुसार, एडवोकेट सतीशन के पास 6।7 करोड़ रुपये की संपत्ति है जबकि उन पर 41।5 लाख रुपये की देनदारी भी है। उन्होंने अपनी वार्षिक आय 2।8 लाख रुपये बताई है। हलफनामे के अनुसार उनके खिलाफ 18 लंबित आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 7 मामले गंभीर प्रकृति के हैं। केरल के मुख्यमंत्री के नाम को चुनने में देरी पर पीएम मोदी के बयानों पर कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने जवाब दिया है। चेन्निथला ने पीएम मोदी को याद दिलाया कि बीजेपी ने खुद दिल्ली में सीएम चुनने में 50 दिन लगाए थे। उन्होंने कांग्रेस को लोकतांत्रिक बताया और कहा कि बीजेपी में हाई कमान ही सभी फैसले लेता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि पीएम मोदी को दिल्ली में अपनी ही पार्टी के में हुई देरी लीडरशिप चुनने के इतिहास को लेकर शायद याददाश्त चली गई है। केरल के मुख्यमंत्री के चुनने में हो रही देरी को लेकर पीएम के तंज का उन्होंने जवाब दिया। चेन्निथला ने कहा कि भाजपा ने खुद दिल्ली में अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को चुनने में 50 दिनों की देरी की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी पार्टी के कामकाज में एक पूरी तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करती है। कांग्रेस में किसी तरह की 'तानाशाही' व्यवस्था के लिए कोई जगह नहीं है। इसके विपरीत भाजपा में पीएम मोदी और अमित शाह ही पार्टी के सभी फैसले लेते हैं। चेन्निथला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को याद रखना चाहिए कि दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान करने में उन्हें 50 दिन लगे थे। अब जाकर मुझे एहसास हुआ है कि पीएम मोदी की याददाश्त शायद कमजोर हो गई है।

# चीन यात्रा को लेकर खुलकर नहीं बोल पा रहे हैं डोनाल्ड ट्रम्प

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपनी तीन दिवसीय चीन के दौरे को लेकर अब तक खुलकर नहीं बोल रहे हैं। ट्रम्प जब तीन दिन के चीन दौरे पर रवाना हो रहे थे, तब उनकी हालत देखकर चीन के लोगों को माओत्से तुंग की बात याद आ रही थी। बात सितम्बर 1958 की है। ताइवान पर कब्जा करने के लिए चीन ने हमला किया था और अमेरिका ने ताइवान की मदद के लिए अपनी नौसेना का बेड़ा साउथ चाइना सी में उतार दिया था।

उस वक्त माओत्से तुंग ने कहा था कि अगर अमेरिका ने अपनी आक्रामक और युद्धकारी नीतियां जारी रखीं, तो वो दिन दूर नहीं, पूरी दुनिया उसे सूली पर लटका देगी और अमेरिका के सहयोगियों का भी यही अंजाम होगा। दरअसल, चीन दौरे से पहले ट्रम्प का हाल कुछ ऐसा ही था। ईरान युद्ध में अमेरिका अकेला फंसा था। सहयोगी देशों ने पल्ला झाड़ लिया था और ऐसे में ट्रम्प को चीन की याद आई। तीन दिन तक ट्रम्प, उनकी कैबिनेट के तीन बड़े मंत्री और 30 अमेरिकी उद्योगपति बीजिंग में मीटिंग, चैटिंग और ईटिंग करते रहे। कैपिटल एयरपोर्ट पर उस दिन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन का विमान लैंड कर चुका था। चीन के प्रधानमंत्री चाउ एनलाई राष्ट्रपति निक्सन और फर्स्ट लेडी पैट्रिसिया निक्सन का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद थे। ग्लोबल डिप्लोमेसी के लिए वो ऐतिहासिक दिन था, क्योंकि दुनिया के सबसे बड़े पूंजीवादी देश अमेरिका ने कम्युनिस्ट चीन के लिए अपने दरवाजे खोल दिए थे। राष्ट्रपति निक्सन का चीन दौरा सामान्य नहीं था। ये मजबूरी का दौरा था। अमेरिका 17 साल से वियतनाम युद्ध में फंसा हुआ था। राष्ट्रपति निक्सन वियतनाम युद्ध से बाहर निकलना चाहते थे और उन्हें अच्छी तरह मालूम था कि चीन की मदद के बिना वियतनाम युद्ध खत्म नहीं हो सकता। ये बात उन्होंने चीन की यात्रा पर जाने का ऐलान करने से पहले ही कबूल कर ली थी। राष्ट्रपति निक्सन को चीन से मदद चाहिए थी, इसलिए अमेरिका से चीन की उड़ान भरते समय वो पूरे रास्ते कूटनीतिक सौदे की लिस्ट बनाते रहे कि चीन को बदले



में क्या दिया जा सकता है? कम्युनिस्ट चीन उस समय अमेरिका और पश्चिम देशों के लिए अछूत था। अमेरिका ने चीन को मान्यता तक नहीं दी थी।

चीन की आर्थिक हालत खराब थी। राष्ट्रपति निक्सन ने कम्युनिस्ट चीन को आर्थिक मदद और पूंजी निवेश का भरोसा दिया। साथ ही चीन का भरोसा जीतने के लिए वो वहां की जनता, संस्कृति और इतिहास का बखान करते रहे। अमेरिका और चीन के रिश्तों का वर्तमान एक बार फिर अतीत की दहलीज पर खड़ा था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगभग रिचर्ड निक्सन वाले हालात में ही चीन के दौरे पर पहुंचे। निक्सन को वियतनाम युद्ध के दलदल से बाहर निकलना था, तो ट्रम्प ईरान युद्ध में बुरी तरह फंसे हुए थे। होर्मुज स्ट्रेट बंद करके ईरान अपनी शर्तों पर समझौता करने की जिद पर अड़ा था। राष्ट्रपति ट्रम्प को मालूम था कि ईरान का मसला चीन को साथ लिए बिना नहीं सुलझने वाला। हालांकि ट्रम्प का लहजा चीन पर एहसान लादने जैसा ही था। याद कीजिए कि चीन दौरे पर रवाना होने से पहले उन्होंने क्या कहा था। ट्रम्प ने कहा था कि ईरान के पीछे चीन खड़ा है। युद्ध में ट्रम्प के इकलौते पार्टनर इजरायल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू भी उसी दिन ये बता चुके थे कि ईरान की अकड़ के पीछे असली ताकत चीन की ही है। राष्ट्रपति ट्रम्प के चीन दौरे के एजेंडा में ईरान युद्ध और होर्मुज पहले नंबर पर था। सवाल सिर्फ ये था कि ईरान पर चीन से दबाव डलवाना है, तो बदले में ट्रम्प चीन को क्या दे सकते हैं? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं था। राष्ट्रपति ट्रम्प के पास भी नहीं, लिहाजा उन्होंने चीन की तारीफों के पुल बांधने शुरू कर दिए। ईरान के मसले पर ट्रम्प को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मायूस कर दिया। उन्होंने ईरान को कोई संदेश देने के बजाय सिर्फ इतना कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से टोल नहीं वसूला जाना चाहिए और ना ही फारस की खाड़ी को जंग का मैदान बनाना चाहिए। चीन का इशारा अमेरिका की ओर ही था, जिसकी नौसेना ने ईरान की समुद्री नाकाबंदी कर रखी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान और चीन की जिस रणनीतिक दोस्ती को खत्म कराना चाहते हैं, उस दोस्ती का जन्म ही ट्रम्प की वजह से हुआ। ये सिलसिला ट्रम्प के पहले कार्यकाल में शुरू हुआ। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के साथ परमाणु समझौता रद्द कर दिया था। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों की मार बढ़ती जा रही थी। उस वक्त ट्रम्प को उनके सलाहकारों ने बताया कि ईरान का 80 प्रतिशत तेल चीन ही खरीद रहा है।

लिहाजा ट्रम्प ने चीन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि वो ईरान से तेल खरीदना बंद कर दे। खबर थी कि अमेरिका से टकराव टालने के लिए चीन ऐसा करने के बारे में सोच रहा है। लेकिन, दो महीने बाद ही जुलाई 2019 में राष्ट्रपति ट्रम्प ने चीन की सरकारी तेल कंपनियों पर पाबंदी लगाने का एलान कर दिया। ट्रम्प सरकार के इसी फैसले ने चीन को उकसा दिया। इसके बाद चीन को अमेरिका की दादागीरी बर्दाश्त नहीं थी।



नॉर्वे। ओस्लो पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए।

## ट्रम्प ने चीन से 17 अरब डॉलर के वार्षिक कृषि उत्पाद खरीदने का वादा किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत चीन ने अगले तीन वर्षों तक प्रतिवर्ष कम से कम 17 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के अमेरिकी कृषि उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। यह अक्टूबर 2025 में की गई सोयाबीन संबंधी पूर्व प्रतिबद्धताओं के अतिरिक्त है। व्यापार के अलावा यह समझौता दो नए द्विपक्षीय तंत्रों, अमेरिका-चीन व्यापार बोर्ड और अमेरिका-चीन निवेश बोर्ड की स्थापना भी करता है, जिनका उद्देश्य राष्ट्रपति ट्रम्प की चीन यात्रा के बाद आर्थिक समन्वय को मजबूत करना है। दोनों पक्षों ने ईरान, उत्तर कोरिया और होर्मुज जलडमरूमध्य सहित प्रमुख भू-राजनीतिक मुद्दों पर भी सहमति के संकेत दिए हैं।

## एफआरआरओ से जुड़े शेल्टर होम से चार अफ्रीकी महिलाएं फरार

**बेंगलुरु।** विदेशी नागरिकों के लिए यहां बने सरकारी निगरानी वाले शेल्टर होम में रह रही चार अफ्रीकी महिलाओं के खिड़की तोड़कर परिसर से भाग जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना 11 मई को तड़के तीन बजे से सुबह छह बजे के बीच उत्तरी बेंगलुरु के डोड्डागुब्बी में 'न्यू अर्क मिशन ऑफ इंडिया' संचालित 'होम ऑफ होप' शेल्टर होम की है और एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उन चारों अफ्रीकी महिलाओं का कोई पता नहीं चला है। रिपोर्टों के मुताबिक ये महिलाएं क्षेत्रीय विदेशी पंजीयन कार्यालय की देखरेख और निर्देशों के तहत वहां रह रही थीं। शेल्टर होम के मैनेजर श्रीनिवास एन की दर्ज कराई शिकायत के अनुसार, इस संस्थान में 22 पुरुषों और 18 महिलाओं सहित कुल 40 विदेशी नागरिक रह रहे थे।

# भारत-स्वीडन के बीच संबंधों को नई ऊर्जा और गति मिलेगी: मोदी

## दोनों देशों के बीच सुरक्षा, आर्थिक, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित छह क्षेत्रों में हुए समझौते

**गोथेनबर्ग ( स्वीडन )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और स्वीडन के बीच सुरक्षा, आर्थिक, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित छह क्षेत्रों में हुए समझौतों और घोषणाओं से भारत-स्वीडन संबंधों को नई ऊर्जा और गति मिलेगी। स्वीडन की यात्रा पर गए मोदी ने रविवार देर रात स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की जिसके बाद दोनों देशों ने छह क्षेत्रों में सहयोग की घोषणा और समझौते किए।

मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में विश्वास व्यक्त किया कि भारत-स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी। उन्होंने कहा कि ये समझौते भारत-स्वीडन संबंधों को नई ऊर्जा और गति प्रदान करेंगे। मुझे विश्वास है कि भारत-स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध



■ मुझे विश्वास है कि भारत व स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी: पीएम

और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी। इन समझौतों और घोषणाओं के तहत दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत स्थिरता और सुरक्षा के लिए दोनों देश रणनीतिक संवाद करेंगे। उनके बीच अगली पीढ़ी की आर्थिक साझेदारी होगी। प्रोद्योगिकी के क्षेत्र और लोगों के बीच सहयोग को बल मिलेगा। दोनों देशों ने भारत-स्वीडन संयुक्त नवाचार भागीदारी 2-0 शुरू करने का भी निर्णय लिया है। भारत और स्वीडन संयुक्त रूप से प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता कॉरिडोर का विकास करेंगे। उन्होंने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को दोगुना करने पर सहमति व्यक्त की है। स्टार्ट अप और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने भारत-स्वीडन एसएमई और स्टार्ट अप प्लेटफार्म के विकास की भी घोषणा की। दोनों देशों ने विकास भी विरासत श्रृंखला के तहत टैगोर-स्वीडन व्याख्यान भी शुरू करने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री ने यूरोपीय उद्योग गोलमेज सम्मेलन में भारत की सुधारोन्मुख विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और बताया कि यह अवसंरचना, नवाचार, प्रौद्योगिकी सहित अनेक क्षेत्रों में नए अवसर प्रदान कर रही है।

## राजनाथ वियतनाम और कोरिया की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रणनीतिक सैन्य सहयोग को गहरा करने, रक्षा औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत करने तथा समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को वियतनाम और दक्षिण कोरिया की यात्रा पर रवाना हुए। रक्षा मंत्रालय ने आज बताया कि सिंह 18 से 19 मई तक वियतनाम की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे, जिसके बाद वह 19 से 21 मई तक दक्षिण कोरिया की यात्रा करेंगे। सिंह ने दोनों देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले सोशल मीडिया में एक पोस्ट में दोनों एशियाई देशों की यात्रा को लेकर उत्साह व्यक्त किया ताकि द्विपक्षीय सहभागिता के दायरे का और विस्तार किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस दौरान मुख्य ध्यान रणनीतिक सैन्य सहयोग को गहरा करने, रक्षा औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत करने तथा समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने पर होगा, जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को प्रोत्साहन मिलेगा। रक्षा मंत्री की वियतनाम यात्रा दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है, जिसे पांच से सात मई तक वियतनाम के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित किया गया था।

# होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से कतर का गैस निर्यात ठप

## इकोनॉमी 8.6 प्रतिशत गिर सकती है, होर्मुज स्ट्रेट से ही होता है भारत का सबसे ज्यादा एलपीजी आयात

**दोहा।** कतर फारस की खाड़ी में मौजूद एक छोटा-सा रेगिस्तानी देश था, जहां ज्यादातर लोग मोती निकालने और समुद्र से जुड़े छोटे-मोटे कारोबार पर निर्भर थे। फिर प्राकृतिक गैस ने इस देश की किस्मत पूरी तरह बदल दी। कतर ने 90 के दशक में बड़े पैमाने पर एलएनजी यानी लिक्विफाइट नैचुरल गैस बनाकर उसे होर्मुज स्ट्रेट के जरिए दुनियाभर में भेजना शुरू किया। इससे उसे हर साल अरबों डालर की कमाई होने लगी। सिर्फ 30 साल में वह दुनिया के सबसे अमीर देशों में शामिल हो गया, लेकिन 28 फरवरी के बाद अचानक सब बदल गया। जंग शुरू होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट बंद हो गया और कतर की दुनिया तक पहुंच लगभग कट गई है।

युद्ध और तनाव की खबरों ने पर्यटन और कारोबार पर भी असर डाला है। इससे देश में मंदी का खतरा बढ़ गया है। भारत भी कतर से भारी मात्रा में प्राकृतिक गैस खरीदता है। अलग-अलग रिपोर्टों के मुताबिक, भारत की कुल एलएनजी आयात का करीब 40 प्रतिशत से 47 प्रतिशत हिस्सा कतर से आया है। कतर में 1971 में नार्थ फील्ड नाम का विशाल गैस भंडार मिला था। इसे दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस भंडारों में गिना जाता है। तब दुनिया में ज्यादातर देशों तक गैस पाइपलाइन के जरिए पहुंचाई जाती थी। समस्या यह थी कि कतर एक छोटा-सा खाड़ी देश है और उससे सीधे यूरोप या एशिया तक पाइपलाइन बिछाना बेहद महंगा और मुश्किल था। तब कतर ने एक बड़ा दांव खेला। उसने अपनी प्राकृतिक गैस को बहुत ज्यादा ठंडा करके तरल, यानी लिक्विड बनाने की तकनीक अपनाई। इसमें गैस को करीब माइनस 162 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा किया जाता है। इतना ठंडा होने पर गैस सिकुड़कर तरल बन जाती है और उसका आकार करीब 600 गुना छोटा हो जाता है। यही एलएनजी यानी लिक्विफाइड नेचुरल गैस कहलाती है। इससे गैस को पाइपलाइन की बजाय जहाजों से दुनियाभर में भेजना संभव हो गया। यहीं से कतर एक ऊर्जा महाशक्ति बनकर उभरा। 1996 में जापान को 60 हजार टन एलएनजी की पहली खेप भेजी गई। इसके बाद उत्पादन तेजी से बढ़ा और 2010 तक कतर की क्षमता 7.7 करोड़ टन सालाना पहुंच गई। कतर की 60 फीसदी से ज्यादा कमाई गैस और उससे जुड़े कारोबार से होती रही। इस कमाई ने कतर के रेगिस्तान की तस्वीर बदल दी। जहां कभी कच्ची सड़कें और खाली रेतीले मैदान थे, वहां आज ऊंची-ऊंची कार्पोरेट इमारतें, चौड़ी सड़कें और आधुनिक शहर खड़े हैं। शहरों में ऐसी सिंचाई व्यवस्था बनाई गई कि रेगिस्तान के बीच भी हरियाली, घास और चमकीले फूल दिखाई देने लगे।

दोहा जैसे शहर आधुनिक महानगरों में बदल गए। कतर ने मेट्रो नेटवर्क बनाया, जो राजधानी दोहा को उत्तर में बसे लुसैल शहर से जोड़ता है। लुसैल में पेरिस जैसे डिजाइन वाला विशाल माल बनाया गया और कृत्रिम बर्फ वाला थीम पार्क भी तैयार किया गया। कतर ने साल 2022 में दुनिया का सबसे महंगा फुटबाल वर्ल्ड कप आयोजित किया। इतना ही नहीं, उसने करीब 600 अरब डालर का सावरेन वेल्थ फंड बनाया, जिसने लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट, न्यूयॉर्क की एम्पायर स्टेट बिल्डिंग और दुनिया भर की बड़ी संपत्तियों में निवेश किया। लुसैल में पेरिस की तर्ज पर बना एक बड़ा माल और कृत्रिम बर्फ वाला थीम पार्क मौजूद है। कतर की आर्थिक सफलता में रस लाफान की बहुत बड़ी भूमिका रही है। इसे कतर की गैस इकोनामी का दिल माना जाता है। दोहा से 80 किमी उत्तर रेगिस्तान में बसे इस इंडस्ट्रियल सिटी की वजह से कतर दुनिया के सबसे बड़े एलएनजी निर्यातकों में शामिल हुआ।



■ युद्ध और तनाव की खबरों ने पर्यटन और कारोबार पर भी असर डाला

■ भारत भी कतर से भारी मात्रा में प्राकृतिक गैस खरीदता है

## ईरान की हमले से कतर के रस लाफान को नुकसान

**दोहा।** कतर एनर्जी ने ईरानी हमलों और होर्मुज स्ट्रेट बंद होने की वजह से दो महीने से ज्यादा पहले रस लाफान में एलएनजी यानी तरलीकृत प्राकृतिक गैस का उत्पादन रोक दिया था। हाल के युद्ध में ईरान ने इसे निशाना बनाया। मिसाइलों और ड्रोन हमलों में रस लाफान के कुछ महत्वपूर्ण उपकरणों को नुकसान पहुंचा, जिससे कतर की गैस उत्पादन क्षमता करीब 17 फीसदी घट गई। इसी वजह से यह इलाका अब कतर की सबसे बड़ी चिंता भी बन गया है। कतर का सबसे बड़ा गैस उत्पादन केंद्र रस लाफान लगभग बंद पड़ा है। वहां की सड़कें बंद कर दी गई हैं। राजधानी दोहा के दक्षिण में बने विशाल हमाद पोर्ट पर लोडिंग क्रेन खामोश खड़ी हैं। जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। राजधानी के होटल, लग्जरी दुकानें और बाजार खामोश हैं। एशिया ग्रुप नाम की रणनीतिक सलाहकार कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अहमद हेलाल ने कहा कि कतर की पूरी अर्थव्यवस्था गैस निर्यात पर टिकी हुई है। उनके मुताबिक कि आज कतर में जो कुछ भी दिखाई देता है, वह ऊर्जा से आई दौलत की वजह से बना है।

## मेक्सिको में 10 लोगों की गोली मारकर हत्या

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के पुएब्ला राज्य में एक बड़े गोलीकांड में 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य सरकार ने पुष्टि की कि मरने वालों में छह पुरुष, तीन महिलाएं और एक नाबालिग शामिल है। अधिकारियों ने अभी तक किसी पीड़ित का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। अधिकारियों के मुताबिक, पड़ोसियों ने गोलियों की आवाज सुनने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घर के अंदर कई लोग गोली लगने से घायल मिले। एक महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

तेहुइत्जिंगो करीब 11300 आबादी वाला शहर है, जो मेक्सिको सिटी से लगभग 208 किमी पर है। मेक्सिको 11 जून से फीफा वर्ल्ड कप की सह- मेजबानी करने जा रहा है। मेक्सिको सिटी, मान्टेरी और ग्वाडलहारा में 13 मैच खेले जाएंगे। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम 1 लाख सुरक्षा कर्मियों की तैनाती का ऐलान कर चुकी हैं। प्यूब्ला सरकार ने कहा कि पीड़ितों पर हथियारबंद लोगों ने हमला किया। अब तक किसी गिरफ्तारी की जानकारी नहीं दी गई है। हमले की वजह भी साफ नहीं है। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। प्यूब्ला के गवर्नर अलेजांद्रो अर्मेंटा ने भी अब तक इस घटना पर कोई बयान नहीं दिया है। मामले की जांच में नेशनल गार्ड, राज्य का अटार्नी जनरल आफिस, राज्य और स्थानीय पुलिस के साथ इंटेलिजेंस टीमें भी शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि हमले के पीछे कौन है, इसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। मध्य मेक्सिको में हाल के महीनों में ड्रग कार्टेल से जुड़ी हिंसा बढ़ी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके चलते 800 से 1,000 परिवार घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। मेक्सिको में ड्रग कार्टेल के लीडर के मौत से नाराज समर्थकों ने ग्वाडलाहारा और प्यूर्टो वालार्टा इलाकों में आगजनी की।



■ मृतकों में 3 महिलाएं और एक बच्चा, हमलावर फरार, अगले महीने मेक्सिको में फुटबाल वर्ल्ड कप होना है



## सैयामी खेर ने साझा किया दिल छू लेने वाला नोट

**मुंबई।** अभिनेत्री सैयामी खेर ने फिल्ममेकर विक्रम फडनीस की आगामी अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर इंस्टाग्राम पर एक भावुक और बेहद निजी नोट साझा किया है। इस फिल्म में ताहिर राज भसीन और विनीत कुमार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। अपने इस सफर को याद करते हुए सैयामी ने आभार जताया कि उन्हें एक बार फिर ऐसा किरदार निभाने का मौका मिला जो कहानी का मजबूत और अहम हिस्सा है। उन्होंने इस फिल्म को अपने दिल के बेहद करीब बताया। भावनात्मक और परफॉर्मेंस आधारित फिल्मों को चुनने के लिए पहचानी जाने वाली सैयामी ने विक्रम फडनीस की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सेट पर बेहद स्नेह, ईमानदारी और अपनापन भरा माहौल बनाया।

# ईरान को चारों तरफ से घेरने की तैयारी

## ट्रम्प ने संकेतात्मक तस्वीर साझा की, नक्शे से दोनों के बीच फिर जुबानी जंग तेज हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान को निशाना बनाकर सोमवार को सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक नक्शे से दोनों देशों के बीच फिर से जुबानी जंग तेज हो गई है। पश्चिमी एशिया के इस नक्शे पर अमेरिकी झंडा लगा हुआ था और कई दिशाओं से लाल रंग के तीर ईरान की तरफ इशारा कर रहे थे। ट्रम्प द्वारा अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर साझा किए गए नक्शे के साथ हालांकि कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया था, लेकिन इस दृश्य को रणनीतिक दबाव बनाने के संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

इसमें कई लाल तीर ईरान की तरफ बढ़ते दिख रहे हैं, जिसका सीधा मतलब ईरान को चारों तरफ से घेरने का संकेत देना है। यह भड़काऊ तस्वीर ट्रम्प द्वारा रविवार को ट्रुथ सोशल पर साझा किए गए एक संदेश के बाद आई है, जिसमें उन्होंने लिखा था कि ईरान के लिए उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। उन्हें बहुत तेजी से कदम बढ़ाने होंगे, वरना उनका वजूद ही नहीं बचेगा। उन्होंने जोर देकर कहा था कि समय बहुत कम है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित शांति प्रस्ताव अधर में लटका हुआ है और कूटनीतिक स्तर पर बातचीत आगे बढ़ती नहीं दिख रही है। रिपोर्टों के मुताबिक, ट्रम्प ने रविवार शाम को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करने के तुरंत बाद यह पोस्ट साझा की। दोनों नेताओं ने अपनी बातचीत में ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू करने की संभावना और ट्रम्प की हालिया चीन यात्रा पर चर्चा की। ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलों के बाद यह संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था, जो सात अप्रैल से लागू एक नाजुक युद्धविराम के सहारे थमा हुआ है। हालांकि, शांति वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं हो सकी है। इस युद्ध की वजह से होर्मुज जलडमरूमध्य की पूरी तरह से नाकेबंदी हो गई है, जहां से आम दिनों में दुनिया के कुल तेल निर्यात का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता था।



■ ट्रम्प ने इजरायल के पीएम नेतन्याहू से फोन पर बात करने के तुरंत बाद यह पोस्ट साझा की

## अमेरिका में एयर शो के दौरान दो लड़ाकू विमान टकराए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इडाहो प्रांत में आयोजित एक एयर शो के दौरान दो लड़ाकू विमान हवा में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, गनीमत रही दोनों विमानों के पायलट सुरक्षित पैराशूट के जरिए बाहर निकल आए।

अधिकारियों ने बताया कि चारों कर्मियों की हालत स्थिर है। बीबीसी की एक रिपोर्ट में अमेरिकी नौसेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि बॉइंग ईए-18जी ग्राउलर विमान हवाई प्रदर्शन के दौरान एक-दूसरे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि समय रहते पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें कोई चोट आई है या नहीं। यह दुर्घटना रविवार को 'गनफाइटर स्काइज एयर शो' के दूसरे और अंतिम दिन हुई। एयर शो माउंटेन होम एयर फोर्स बेस से लगभग 3-2 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में आयोजित किया गया था। हादसे के बाद मौके पर आग लग गई और एयर बेस को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया। इसके साथ ही एयर शो के बाकी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। माउंटेन होम एयर फोर्स बेस गनफाइटर्स ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि घटना में शामिल चालक दल के सदस्य स्थिर स्थिति में हैं।

■ दोनों विमानों के पायलट सुरक्षित पैराशूट के जरिए बाहर निकल आए

# पुतिन की चीन यात्रा में वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

## पुतिन शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 19-20 मई को चीन की यात्रा पर

**बीजिंग/मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद, चीन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मेजबानी करेगा और वार्ता में रणनीतिक साझेदारी और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी। पुतिन चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 19-20 मई को चीन की यात्रा पर हैं।

दो दिवसीय यात्रा के दौरान पुतिन और शी के बीच द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी बातचीत होने की उम्मीद है। पुतिन चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से भी मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं ने फरवरी 2022 में 'बिना किसी सीमा' वाली रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए थे। रूसी राष्ट्रपति की यात्रा से पहले, शी और पुतिन ने रविवार को 'बधाई पत्र' का आदान-प्रदान किया। ये संदेश अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन की उच्च स्तरीय यात्रा के कुछ ही दिनों बाद आए हैं, जो चार दिन पहले समाप्त हुई थी। चीनी सरकारी मीडिया में प्रसारित बयान में शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और रूस के बीच सहयोग लगातार गहराता और मजबूत होता जा रहा है और उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष उनकी रणनीतिक साझेदारी की 30वीं वर्षगांठ है। सरकारी मीडिया टैब्लॉइड ग्लोबल टाइम्स में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि अमेरिकी और रूसी राष्ट्रपतियों की यात्राओं से पता चलता है कि बीजिंग 'वैश्विक कूटनीति के केंद्र बिदु के रूप में तेजी से उभर रहा है'। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि इन लगातार यात्राओं ने व्यापक ध्यान आकर्षित किया है, और विश्लेषकों का कहना है कि शीत युद्ध के बाद के युग में किसी देश के लिए एक सप्ताह के भीतर अमेरिका और रूस के नेताओं की मेजबानी करना अत्यंत दुर्लभ है। रूस के साथ चीन के बढ़ते संबंधों ने पश्चिम में चिंता पैदा कर दी है, खासकर 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से। तब से रूस को चीन के आर्थिक और राजनयिक समर्थन ने संघर्ष को जारी रखने में मदद की है। दोनों देशों के नेताओं की 40 से अधिक बार मुलाकात हो चुकी है। इस बीच, 2022 के बाद से चीन और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार में भारी वृद्धि हुई है, और अब रूस के निर्यात का एक चौथाई से अधिक हिस्सा चीन का है। ऊर्जा और स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र के अनुमानों के अनुसार, अकेले रूसी कच्चे तेल की चीनी खरीद से मॉस्को को सैकड़ों अरब डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो आक्रमण के बाद से कुल ईंधन खरीद को 367 अरब डॉलर से अधिक बताता है।



■ दोनों नेताओं ने फरवरी 2022 में 'बिना किसी सीमा' वाली रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए थे

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

RECRUITMENT 2026
THE S.D. DEGREE COLLEGE
NIRANA, JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR, 251001
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, SAHARANPUR)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR FACULTY POSITIONS
(Asst. Professor, Assoc. Professor & Professor)
DISCIPLINES
- BBA, BCA, B.Com. B.Sc. (PCM,CBZ, Micro Biology)
- BA (Hindi, English, Political Science, Sociology, History, Educaton, Drawing & Painting
QUALIFICATION
UGC NET, Ph.D
SALARY
As Per University Norms
APPLY WITHIN 15 DAYS
SEND YOUR RESUME TO:
thesddegree@gmail.com
Attach copies of all degrees and testimonials.
Paste a colored photograph on the CV.